CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $28^{0}$ C
न्यूनतम : $16^{0}$ C

मुरादाबाद, मंगलवार 31 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 224 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2083 | 11 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय जल्द बढ़ाया जाएगा: योगी पेज 2



पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर खेल टाइम्स



अहिंसा का शाश्वत संदेश: क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर सम्पादकीय



जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप: ट्रम्प पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### बड़े पदों पर कमजोर वर्ग की हिस्सेदारी सुनिश्चित हो : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। श्री गांधी में सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है। उन्होंने कहा कि हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी-एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

### पुलिस ने लश्कर कमांडर शब्बीर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने बांग्लादेश सीमा के पास से एक समन्वित कार्रवाई में लश्कर-ए-तैयबा (लश्कर) के कमांडर शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार कर लिया है। मामले से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि लोन ढाका के बाहरी इलाके में स्थित एक गुप्त ठिकाने से लश्कर का एक मॉड्यूल चला रहा था। यह सफलता दो महीने की कड़ी मशक्कत भरी खोज के बाद मिली, जिसकी निगरानी खुद दिल्ली पुलिस के आयुक्त सतीश गोलचा कर रहे थे।

### ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को चुनाव आयोग से पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने और मतदाताओं को धमकाने का आरोप लगाया है। इस मुद्दे को लेकर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग पहुंचकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, किरण रिजिजू और सुकांत मजूमदार के साथ-साथ अनिल बलूनी और पार्टी के कई नेता शामिल थे। नेताओं ने आयोग को एक ज्ञापन सौंपकर राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की।

# स्पेन ने अमेरिका के लिए एयरस्पेस बंद किया, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी लगाई रोक

तेल अवीव/तेहरान, वार्ता

**स्पेन ने ईरान** के खिलाफ युद्ध में शामिल अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। साथ ही, मिलिट्री बेस के इस्तेमाल पर भी रोक लगा दी गई है।

स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स ने कहा कि देश अपने एयरस्पेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल ईरान से जुड़े किसी भी सैन्य अभियान के लिए नहीं करने देगा। इस फैसले के बाद अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे, हालांकि मानवीय और आपातकालीन उड़ानों को छूट दी गई है। स्पेन के अर्थव्यवस्था मंत्री कार्लोस कुएर्पो ने कहा कि यह फैसला एकतरफा और अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ शुरू युद्ध का समर्थन न करने के आधार पर लिया गया है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज पहले ही अमेरिका-इजरायल सैन्य अभियान की आलोचना कर चुके हैं। वहीं, डोनाल्ड ट्रम्प ने इस फैसले के जवाब में व्यापारिक कार्रवाई की धमकी दी है। वहीं ईरान ने लेबनान के निष्कासन आदेश को ठुकराते हुए कहा है कि उसका राजदूत बेरूत में ही अपना काम जारी रखेगा। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि राजदूत अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता रहेगा। दरअसल, लेबनान ने पिछले हफ्ते ईरान के राजदूत मोहम्मद रजा शिबानी को पर्सोना नान ग्राटा घोषित कर 29 मार्च तक देश छोड़ने का निर्देश दिया था।



■ कहा: ईरान के विरुद्ध युद्ध अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ, अमेरिकी विमानों को रूट बदलने पड़ेंगे

## ईरान का इजरायल के केमिकल प्लांट पर हमला

■ जहरीले रिसाव की चेतावनी, लोगों को आदेश, घर में रहें, खिड़कियां बंद रखें

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने दक्षिणी इजरायल में एक केमिकल प्लांट पर मिसाइल हमला किया है, जिससे प्लांट में भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में जहरीले रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। एक व्यक्ति घायल भी हुआ है।

हमला नियोत होवाव इंडस्ट्रियल जोन में हुआ, जो बीयरशेवा शहर से करीब 9 किलोमीटर दूर स्थित है। हमले के बाद अधिकारियों ने आसपास के लोगों को घरों में रहने और खिड़कियां बंद रखने की सलाह दी है, क्योंकि प्लांट में खतरनाक रसायन मौजूद हैं। बगदाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास स्थित इस ठिकाने पर हुई घटना में एक अमेरिकी हेलीकॉप्टर को निशाना बनाया गया हो सकता है। उधर, इराकी सशस्त्र समूह ने यूएस ठिकानों पर हमलों की ज़िम्मेदारी ली। इराकी सशस्त्र समूह 'सराया औलिया अल-दम' ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा है कि उसने पिछले 24 घंटों में इस क्षेत्र में यूएस ठिकानों को निशाना बनाते हुए आठ हमले किए हैं।

# जनगणना- 2027 का पहला चरण एक अप्रैल से होगा शुरू

## पहले चरण के लिए 33 सवाल तय, ऑनलाइन पोर्टल पर भी दे सकेंगे जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** जनगणना-2027 का पहला चरण एक अप्रैल 2026 से शुरू हो रहा है। इसमें 33 सवाल पूछे जाएंगे। इसके मुताबिक, स्थिर रिश्ते में रहने वाले लिव-इन कपल्स को भी शादीशुदा माना जाएगा। ऐसा तब ही होगा जब कपल मानेगा कि उनका रिश्ता लंबा चलने वाला है।

पहले फेज के लिए ऑनलाइन पोर्टल भी शुरू किया गया है, जहां लोग खुद अपनी जानकारी भर सकेंगे। उनकी मदद के लिए इस पोर्टल पर फेक (अक्सर पूछे जाने वाले सवाल) भी दिए गए हैं। यह चरण 'हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना' कहलाता है। इसका मकसद देश में घरों और बुनियादी सुविधाओं की जानकारी जुटाना है, ताकि सरकार बेहतर योजनाएं बना सके। दूसरे चरण में आबादी से जुड़ी डिटेल जानकारी ली जाएगी। भारत के रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण कहते हैं कि जनगणना की संदर्भ तिथि (रेफरेंस डेट) बहुत महत्वपूर्ण है। संदर्भ समय एक मार्च की आधी रात है, जो 28 फरवरी 2027 और एक मार्च 2027 के बीच पड़ती है। इस संदर्भ तिथि का उल्लेख 16 जून 2025 को जारी पहली अधिसूचना में किया गया था, जिसमें जनगणना कराने के इरादे की घोषणा की गई थी। इसी संदर्भ तिथि के कारण इसे जनगणना 2027 कहा जाता है। 16 जून, 2025 को अधिसूचना प्रकाशित होने के बाद प्रक्रिया शुरू हो गई थी, लेकिन संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 ही बनी हुई है। जनगणना के परिणामों से प्रत्येक प्रशासनिक इकाई, राज्य, जिले, गांव और वार्ड की जनसंख्या और विभिन्न आंकड़ों की एक झलक मिलेगी, जैसा -शेष पृष्ठ दो पर




■ लिव-इन कपल्स को शादीशुदा का दर्जा मिलेगा
■ जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी
■ करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये देशभर में जानकारी जुटाएंगे

### व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय

**नई दिल्ली।** रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त मृत्युंजय कुमार नारायण ने जनगणना अधिनियम की धारा 15 का हवाला देते हुए कहा कि जनगणना के दौरान जुटाया गया व्यक्तिगत डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति की जानकारी न तो आरटीआई के तहत साझा की जा सकती है, न ही अदालतों में साक्ष्य के रूप में पेश की जा सकती है और न ही किसी अन्य संस्था के साथ साझा की जाएगी।

# अंगोला से गैस खरीदने की तैयारी में भारतीय कंपनियां

## होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को नहीं गुजरना पड़ेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत में गैस की कमी और होर्मुज स्ट्रेट संकट की वजह से सरकारी तेल और गैस कंपनियां अब नए देशों से रसोई गैस (एलपीजी) खरीदने का ऑप्शन तलाश रही है। इसी वजह से इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और गेल जैसी कंपनियां अफ्रीकी देश अंगोला की सरकारी कंपनी सोनानगोल से एलपीजी खरीदने पर बातचीत कर रही हैं।

ये कंपनियां सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार कर रही हैं। हालांकि, बातचीत अभी शुरुआती दौर में है और सरकार स्तर पर भी चर्चा चल रही है। दरअसल, भारत की 92 फीसदी एलपीजी खाड़ी देशों से आती है। भारत सरकार इस निर्भरता घटाना चाहती है। ऐसे में अगर अंगोला से करार हो जाता है, तो जहाज अटलांटिक और अरब महासागर होते हुए सीधे भारत पहुंचेंगे। उन्हें होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरना होगा। भारत और अंगोला के बीच पहले से तेल और गैस का व्यापार होता रहा है, इसलिए दोनों देशों के बीच भरोसा और सप्लाई सिस्टम पहले से बना हुआ है। इसी वजह से नई डील करना आसान हो जाता है। अंगोला में गैस उत्पादन होता है और वहां एलपीजी के लिए जरूरी प्रोपेन और ब्यूटेन भी मिलते हैं, जिससे भारत को सीधे गैस मिल सकती है। सप्लाई के लिहाज से भी अंगोला सही विकल्प है, क्योंकि समुद्र के रास्ते गैस 12 से 18 दिन में भारत पहुंच सकती है और वहां एक्सपोर्ट की अच्छी सुविधा भी मौजूद है। अंगोला में एनर्जी सेक्टर सरकार के कंट्रोल में है, जिससे सरकारी स्तर पर समझौता करना आसान होता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अफ्रीका से गैस सप्लाई अमेरिका की तुलना में 10 से 15 दिन जल्दी भारत पहुंच सकती है। ऐसे में अंगोला भारत के लिए एक अच्छा ऑप्शन बन सकता है। अगर यह करार होता है, तो अंगोला पहली बार भारत को रसोई गैस सप्लाई करेगा। भारतीय कंपनियां एलपीजी के लिए करीब एक साल और एलएनजी के लिए कम से कम 10 साल का करार करने पर विचार कर रही हैं।



■ अंगोला सोनानगोल के साथ लंबे समय का समझौता करने पर विचार

# तेलंगाना में पैरेंटल सपोर्ट बिल पास

**नई दिल्ली।** तेलंगाना सरकार बुढ़ापे में माता-पिता को 'बोझ' समझने वाले बच्चों पर अब तक की सबसे बड़ी सख्ती करने जा रही है। राज्य विधानसभा ने पैरेंटल सपोर्ट बिल, 2026' सर्वसम्मति से पास कर दिया। इसके तहत, यदि कोई कर्मचारी अपने माता-पिता की देखभाल नहीं करता, तो उसकी कुल सैलरी में से 15 फीसदी या 10,000 (जो भी कम हो) की कटौती की जाएगी।

देश में पहली बार ऐसा कानून बना है, जिसमें सरकारी के साथ ही प्राइवेट सेक्टर के कर्मचारियों, विधायकों, सांसदों और सरपंचों तक को जवाबदेह बनाया गया है। खास बात यह है कि माता-पिता को इसके लिए कोर्ट नहीं जाना होगा, वे सीधे जिला कलेक्टर के पास आवेदन कर सकेंगे। जांच में शिकायत सही मिलने पर कलेक्टर सीधे कंपनी या विभाग को सैलरी काटकर माता-पिता के खाते में भेजने का आदेश देंगे। विधेयक पेश करते हुए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भावुक हो गए। उन्होंने बताया कि मैं एक ऐसे जनप्रतिनिधि को जानता हूं जिसके पिता की कैंसर से मौत हो गई, लेकिन बेटे ने सुध तक नहीं ली। जब माता-पिता की आंखों में आंसू होते हैं, तो वह समाज के पतन का संकेत है। समाज को ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए जो सक्षम होकर भी अपनों को छोड़ देते हैं। केरल और असम में भी हैं ऐसे कानून- केरल (2023) - यहां 25 फीसदी तक कटौती का प्रावधान है। मुख्य रूप से उन लोगों पर लागू होता है जिन्हें 'अनुकंपा नियुक्ति' मिली है।

■ मां-बाप को बेसहारा छोड़ा, तो कटेगी 15% सैलरी
■ पहली बार सांसद-विधायक भी कानून की जद में आएंगे

# यूपी समेत 20 राज्यों में बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में बेमौसम बारिश का दौर जारी है। यूपी और राजस्थान समेत 20 राज्यों में आज बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान के 25 जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना है। वहीं, यूपी के 46 जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी का दौर जारी है। हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में ताजा बर्फबारी हुई है। उत्तराखंड के नैनीताल में सोमवार सुबह बूंदाबांदी हुई। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सोमवार सुबह बारिश हुई। वहीं, गुलमर्ग, पहलगाम, यूसमर्ग, गुरेज, रजदान टाप और सोनमर्ग-जोजिला जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में रविवार को बर्फबारी हुई। पंजाब के सभी जिलों में बारिश का अलर्ट है।

■ जम्मू-कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी, दिल्ली में आंधी के साथ बारिश की संभावना






# संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया होगी तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में सोमवार को दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 ध्वनिमत से पारित हो गया। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह विधेयक संकटग्रस्त कंपनियों के समाधान की प्रक्रिया को तेज करने के मुख्य उद्देश्य से लाया गया है।

उन्होंने कहा कि इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद कंपनियों के दिवाला मामलों का अदालत के बाहर समाधान किया जा सकेगा। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अगस्त 2025 में लोकसभा में लाया गया था, तथा इसे प्रवर समिति को भेज दिया गया था। प्रवर समिति ने गहनता और गंभीरता से विचार करने के बाद 11 संशोधन सुझाए हैं और सभी को इसमें शामिल कर लिया गया है। इसमें क्रेडिटर को अधिक अधिकार दिए गए हैं। क्रेडिटर समाधानकर्ता की चयन प्रक्रिया में अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकेंगे। इससे पूरी प्रक्रिया में अधिक पारदर्शिता लाई जा सकेगी और समाधान प्रक्रिया तेज होगी। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि इस विधेयक में प्रावधान किए गए हैं कि एनसीएलएटी में अपील के बाद तीन महीने के अंदर उसका फैसला आ जाए। उन्होंने कहा कि इस संशोधन विधेयक में बीमार कंपनियों के समाधान में देरी से बचने के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। इसमें कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा गया है। उनकी जितनी देयता है, उसे प्राथमिकता पर रखा जाएगा। 'कर्मचारियों के हितों से हम बिलकुल समझौता नहीं करेंगे।'



■ लोकसभा में दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक 2025 पारित

# डीजे पर गाने को लेकर दो पक्षों में पथराव

## कई घायल, गांव में मची भगदड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के कई लोगों को हिरासत में लिया है। घायलों को इलाज के अस्पताल भेजा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नजीबाबाद थाना क्षेत्र के उब्बनवाला (जलालाबाद) से शमशाद के पुत्र सुभान बारात नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम बाखरपुर में तसलीम के घर आई थी। दुल्हा धोबी समुदाय से तालुक रखता है। बारात में डीजे बज रहा था, तभी ग्राम बाखरपुर के तेली समुदाय के कुछ युवा डीजे पर आकर डांस करने लगे।

इसी दौरान डीजे पर अपनी पसंद का गाना बजाने को लेकर धोबी समुदाय और तेली समुदाय के लोगों में बहस के साथ कहासुनी शुरू हो गई। जिसके बाद दोनों पक्षों में मामला तूल पकड़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में गाली-गलौच के साथ लाठी-डंडों चले गए। दोनों पक्षों में जमकर पथराव भी हुआ। पथराव के दौरान गांव में भगदड़ मच गई। सूचना पर नांगल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस हंगामा कर रहे कई लोगों मौके से हिरासत में लेकर थाने ले आई और घायल शमशाद, महताब, साहिल, नौशाद निवासी जलालाबाद और अफजल, फारुख, साजिदा, सलमान को इलाज के लिए भेजा।

# एमक्यू स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर स्थित एमक्यू प्राइमरी स्कूल में शैक्षिक सत्र 2025-26 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस वर्ष कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा सिदरा नाज़ ने 99.79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा समा (99.69 प्रतिशत), फैजा नूर (99.18 प्रतिशत), सुभाना जावेद (98.57 प्रतिशत), अफिया (98.33 प्रतिशत), आयशा खातून (97.95 प्रतिशत), आयशा अज़ीम (97.05 प्रतिशत), शिफा परवीन (96.79 प्रतिशत) जिया मुस्ताकिम (96.73 प्रतिशत), ज़ीनत परवीन (96.53 प्रतिशत), ज़ोया खान (96.21 प्रतिशत) सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की जूनियर वर्ग में दिव्या सिद्धिकी ने लगभग 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं अतशा अफिया जन्नत जहरा तरकीन जहां मुस्कान ऊशा महविश जारा एवं अमरीन सहित अन्य विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। सीनियर वर्ग (कक्षा 9 एवं 11) के परिणाम में शिफा परवीन अफिया परवीन एवं अलफिशा परवीन सहित अन्य विद्यार्थियों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी में सफलता प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को साबित किया। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया। शिक्षकों ने कहा कि अनुशासन नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच ही सफलता की असली कुंजी है। इस मौके पर अभिभावकों ने भी विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर मास्टर अफजाल अहमद, कुलसुम परवीन, नरगिस परवीन, समरीन राना, गजाला परवीन, शबाना परवीन, उमेरा परवीन, राहत जहां, जीनत परवीन, रुबाब परवीन, आयशा खातून टीचरों ने बच्चों के उजाल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### महावीर जयंती पर निकली रथयात्रा



**बिजनौर।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थकर महावीर भगवान की जयंती आज जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शंभा बाजार स्थित जैन मंदिर से भव्य रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में सबसे आगे जैन धर्म का ध्वज एवं महावीर जयंती का बैनर लिए युवक चल रहे थे। उनके पीछे, जैन धर्म की झंडियां लगा धर्म ध्वज लिए व्यक्ति तथा उसके बाद चार सुसज्जित घोड़ों पर चार युवक धर्मध्वजा लिए हुए थे। रथयात्रा में झंडियां लगा गडूलना, 'अहिंसा परसो धर्म' का बैनर तथा उसके पीछे पालकी में 'माता जिनवाणी' शोभायमान थीं। रथयात्रा में शामिल दो बैण्ड जैन धर्म के भजनों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे। मुख्य रथ से पूर्व दो रथों पर आरके जैन व प्रदीप कुमार जैन की ओर से सौधर्म इन्द्र आदि बैठे हुये थे। मुख्य रथ में भगवान महावीर की प्रतिमा शोभायमान थी। रथ के लिए ख्वासी हेतु संजय जैन, साथी के लिए शोभित जैन, कुबेर के लिए प्रतीक जैन तथा इन्द्रो के लिए सचिन जैन व अनंत जैन ने बोलियां लीं। रथयात्रा से भगवान महावीर की प्रथम आरती का श्रेय अजय जैन को प्राप्त हुआ। मुख्य रथ के आगे भजन मंडली भजन सुना रही थी, जिस जैन महिला व पुरुष नृत्य कर रहे थे। रथयात्रा अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए महावीर बाल विद्या मंदिर पहुंची, जहां श्री जी का प्रक्षाल व पूजन होने के उपरांत वापस मंदिर पर जाकर समाप्त हुई।

### जैद बिन ऐजाज जैदी को पीएचडी उपाधि



**नजीबाबाद।** भगवंत ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सातवें दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय ने अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों में एक नया अध्याय जोड़ते हुए शोधार्थी जैद बिन ऐजाज जैदी को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की प्रथम उपाधि प्रदान की। शोधार्थी जैदी ने प्रबंधन विषय में अपना शोध कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उनका यह शोध महामारी के दौरान अस्पताल प्रबंधन में आई चुनौतियों, संसाधनों के प्रबंधन तथा स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावशीलता पर केंद्रित है, जो भविष्य में नीतिगत निर्णयों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकता है। दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करते समय शोधार्थी व उनके परिजनों में खुशी का माहौल रहा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, वाइस चांसलर डॉ. पीएस राणा तथा शिक्षाविद डॉ. कावेंद्र यादव सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

### चीनी मिल का पेराई सत्र समाप्त

**नजीबाबाद।** चीनी मिल अपने क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों को समस्त गन्ना पैराई सत्र 2025-26 समाप्त कर दिया। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक महीपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चीनी मिल ने 33 लाख 71 हजार 358 कुन्तल गन्ना पैराई कर 11.33 प्रतिशत चीनी परता प्राप्त कर तीन लाख 81 हजार 460 कुन्तल चीनी बनाते हुए प्रदेश की सहकारी क्षेत्र की चीनी मिलों में प्रथम स्थान बनाये हुए हैं, जबकि प्रदेश की निजी व निगम क्षेत्र की चीनी मिल नजीबाबाद 20 फरवरी 2026 तक क्रय 35 लाख 71 हजार 358 कुन्तल गन्ने का 104 करोड़ 27 लाख 32 हजार रुपए का भुगतान चीनी मिल अपने संसाधनों से गन्ना उत्पादक किसानों को कर चुकी हैं।

### कक्षा आठ के बच्चों को विदाई दी

**नजीबाबाद।** पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्रा ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्कूल प्रबंधक अकरम खां एड. ने नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि उक्त विद्यालय में पिछले काफी वर्षों से अच्छा शिक्षण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों को यकीन दिलाया कि आगे स्कूल में शिक्षण कार्य तेज किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई से संबंधित कोई जानकारी लेने के लिए स्कूल समय में सीधे उनसे सम्पर्क करने को कहा। इस वर्ष स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए नि:शुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सिलाई, कढ़ाई की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में अरीबा परवीन, जोया परवीन, आमिया, आलिया, अजीम, मौहम्मद जावेद, मौहम्मद हम्मदा, आरव आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इससे पूर्व कक्षा सात के बच्चों ने कक्षा आठ के बच्चों को विदाई पार्टी दी। सभी छात्र-छात्राओं ने विदा होने वाले बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा व तरक्की करने की दुआ की। स्कूल प्रबंधक अकरम खां ने कक्षा आठ के बच्चों व सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजन मंडल के गोविंद सिंह कुशवाला, नीशु कश्यप, नजरा परवीन, रूपाली आदि का विशेष सहयोग रहा।

### तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बढ़ापुर।** ग्राम बहेड़ी निवासी वन गुर्जर कासिम ने थाने में दर्ज केस में आरोप लगाया है कि खेत की बाड़ के पास जंगली जानवर मारने के लिए दबाया गया बारूद का गोला फटने से उसका 11 वर्षीय बालक आकिब घायल हो गया। आरोप है कि जंगली जानवर को मारने व शिकार करने के लिए ये बारूद का गोला बढ़ापुर थाना क्षेत्र के खादर क्षेत्र के रहने वाले रायसिख राजवीर सिंह व काली सिंह ने दबाया था। आरोप है कि ये लोग ग्राम सरदारपुर छायली निवासी रणजीत सिंह के बुलाने पर यहां आते है इन लोगों ने करीब छह महीने पहले भी बारूद का गोला दबाया था। जिसकी चपेट में आकर पीड़ित की भैंस मर गई थी तब उन्होंने कहा था कि दोबारा यहां पर ये काम नहीं करेंगे। इन लोगों ने जानबूझकर बारूद का गोला दबाया है। जिसकी चपेट में आकर उसका बालक घायल हो गया है। बालक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं मे केस दर्ज किया है।

# वकीलों के अधिकारों की आवाज बनेंगी प्रीति चौहान

## कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी का अधिवक्ताओं ने किया भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** धामपुर मार्ग स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में बिजनौर बार एसोसिएशन के आगामी चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं के बीच उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस दौरान बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पद की प्रत्याशी प्रीति चौहान निवासी ग्राम मुकरपुरी का अधिवक्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उपस्थित होकर उन्हें समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान किया।

इस मौके पर प्रत्याशी प्रीति चौहान ने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनका चुनाव लड़ने का मुख्य उद्देश्य वकीलों के अधिकारों की मजबूती और बार एसोसिएशन की व्यवस्था को और बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की बीमारी की स्थिति में बार एसोसिएशन की ओर से आर्थिक सहायता सुनिश्चित कराई जाएगी तथा अधिवक्ताओं के लिए बीमा सुविधा की मांग को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अधिवक्ता के साथ होने वाले अन्याय को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा साथ ही जिन अधिवक्ताओं के पास बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं है उनके लिए बार परिसर में बैठने की उचित व्यवस्था कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी उन्होंने सभी साथियों से सहयोग और समर्थन की अपील करते हुए ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ कार्य करने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अधिवक्ता महफूज चौधरी एड. की महत्वपूर्ण भूमिका रही उपस्थित अधिवक्ताओं ने प्रीति चौहान का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा उन्हें चुनाव में पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। कई अधिवक्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे बार एसोसिएशन के हित में सक्रिय भूमिका निभाएंगी उपस्थित अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से महफूज वकील, वासिल वकील, तफ़ैल कुरैशी , जैतपाल सिंह वकील, अदनान वकील, संदीप शर्मा वकील, विश्वनाथन शर्मा वकील, शाहिद अहमद, फहीमुद्दीन अहमद, विनोद कुमार वकील, एहसान वकील सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर प्रीति चौहान को कोषाध्यक्ष पद पर विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

## वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट और उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़िता सुम्बुल मदीहा ने अपने पति और ससुराल वालों पर लाठी-डंडों से हमला करने और जान से मारने की धमकी देकर घर से निकालने का आरोप लगाया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़िता के भाई का रिश्ता पक्का होने का कार्यक्रम 27 मार्च 2026 को तय था। जब उसने इस कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति मांगी, तो उसके ससुराल वालों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। यह विवाद 29 मार्च की सुबह करीब साढ़े बजे हिंसक रूप ले लिया।

तहरीर के मुताबिक पीड़िता के पति मौहम्मद आसिफ ने उसे लाठी-डंडों से पीटना शुरू किया। शोर सुनकर परिवार के अन्य सदस्य भी वहां पहुंच गए और पीड़िता पर हमला कर दिया। इस हमले में सुम्बुल मदीहा की आंख के पास गंभीर चोट आई है, होंठ फट गया है और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोटें आई हैं। पीड़िता ने पति मौहम्मद आसिफ, ससुर रईस अहमद, देवर शारिक, आरिफ और आकिब तथा ननद नशरा को हमले में शामिल बताया है। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपियों ने उसे पहने हुए कपड़ों में ही घर से बाहर निकाल दिया। साथ ही, भविष्य में घर वापस लौटने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई।

पीड़िता ने यह भी बताया कि शादी के 11 वर्षों के दौरान उसे दो बेटियां (जुनेरा और अबीहा) होने के कारण भी पहले कई बार प्रताड़ित किया गया था।

# सबरंग की मासिक काव्य गोष्ठी




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिले की अग्रणी साहित्य संस्था सबरंग की मासिक काव्य गोष्ठी में नरेन्द्र शिखर को सम्मानित किया गया।

स्थानीय जैन धर्मशाला में सतेन्द्र शर्मा अंगिरस की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मरगूब रहमानी विशेष अतिथि रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संजीव एकल ने सरस्वती वंदना से किया। उसके बाद दीप अंजुम के संचालन में काव्य की रसधार बह निकली। मनोरंजन शर्मा ने जहां व्यंग रचना पढ़ी तो संजीव एकल ने कहा कि 'वक्त की आंख में ठहरे हुए सपने की तरह, प्यार कमरे में सजा है किसी गमले की तरह।' आरिफ गांधी ने चला कहां से कहां आ गया कहां जाना है, न सोचने दे ये तेरे ख्याल के मौसम गजल सुनाई। वहीं मेराज बिजनौरी ने कहा-हमेशा अच्छा नहीं बतायेगा तुमको मेराज, ये आईना है तुम्हारी मां की नजर नहीं है। युवा कवि नरेन्द्र शिखर ने 'कुछ इशारा जरूर देता है, वक्त से पहले पेड़ का झर जाना' सुनाकर दाद बटोरी तो विकास अग्रवाल ने पत्थर ने भी जाने कितने प्रहार सहे होगे गीत सुनाया। वहीं मरगूब रहमानी ने कहा-औलाद की नजरों में हम अब पेड हैं ऐसे, जो फल भी नहीं देते साया भी नहीं देते।' कार्यक्रम में युवा कवि नरेन्द्र शिखर की गजले 'रेख्ता' के प्लेटफार्म पर प्रकाशित होने के लिए सभी ने उनको बधाई दी, बता दें कि रेख्ता उर्दू हिन्दी शायरी का एक अन्तर्राष्ट्रीय आनलाइन ऐप है। नरेन्द्र को शॉल, पटका, माला, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया। अंत में सबरंग के संयोजक हुक्का बिजनौरी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गन्ना भुगतान न करने पर कोल्हू स्वामी सहित तीन पर मुकदमा दर्ज

## पैसे देने का आश्वासन देकर कोल्हू हटा कर गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** कोल्हू स्वामी और उसके दो साथियों द्वारा 200 कुंतल गन्ने का भुगतान न करने पर महिला की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार किशनपुर कुंडा निवासी लीलावती पत्नी नारायण सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि इमामुदीन व वहाजुदीन निवासी भगवानपुर और उनके रिश्तेदार निजामुद्दीन निवासी पतरामपुर, थाना जसपुर, उत्तराखंड ने मिलकर ग्राम बेनीपुर क्षेत्र में एक गन्ना कोल्हू चला रखा था।

महिला का आरोप है कि उसने 29 जनवरी से तीन फरवरी के बीच करीब 200 कुंतल गन्ना कोल्हू पर दिया था। इस गन्ने की कीमत लगभग एक लाख रुपए थी। जब उन्होंने भुगतान मांगा, तो आरोपियों ने दो दिन में पैसे देने का आश्वासन दिया। हालांकि, इसके बाद वे कोल्हू हटाकर वहां से चले गए और भुगतान नहीं किया। पुलिस ने पीड़ित लीलावती की तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भगवान महावीर की जयंती पर शोभायात्रा

## सात सूंड वाला हाथी आकर्षण का केंद्र रहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भगवान महावीर की जयंती पर नगर में जैन समाज के तत्वाधान में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सात सूंड वाला ऐरावत हाथी आकर्षण का केंद्र रहा।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती पर जैन समाज के लोग दिगम्बर जैन मंदिर में एकत्र हुए तथा धार्मिक आयोजनों के साथ पंडित सनमति जैन द्वारा मंत्र द्वारा भगवान महावीर की। पूजा-अर्चना की गई। समाज के लोगों ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही भगवान महावीर की प्रतिमा को लेकर सौ धर्म इंद्र बने एजेंसी चौराहा निवासी अरुण जैन पुत्र कमलेश जैन सात सूंड वाला ऐरावत हाथी पर सवार होकर शोभायात्रा में चले। अचल जैन कुबेर बनें। शोभायात्रा में सबसे आगे ध्वज लेकर यात्रा की अगवानी करते हुए बैंड धार्मिक धुने बजाते हुए चल रहे थे। साथ ही जैन समाज के महिला पुरुष भजन कीर्तन करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर अपने निर्धारित मार्गो से होती हुई जैन विद्या मदिर इंटर कालेज पहुचीं। वहां पर स्थित पांडुकशिला पर अवलोक जैन द्वारा श्री जी का नमन किया गया। उसके पश्चात पालकी यात्रा वापस मंदिर पर आकर सम्पन्न हुई। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रबंधक राजीव जैन, नगर अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन महासंघ ऋषभ जैन, बंटी जैन, अरुण जैन, सुरेंद्र जैन, काका जैन, सौरभ जैन, निकुंज जैन, संदीप जैन, नितिन जैन, डा. अंकुर जैन, अभिनव जैन, अरिहंत जैन, पंकज जैन बिट्टू, प्रदीप जैन, शरद जैन, अशोक जैन, शुभम जैन, अरविंद जैन, पुनीत जैन, राजेश जैन, व्योम जैन, पवन जैन, सुनील जैन, नीरज जैन, मुकेश जैन, अर्चित जैन, रिया जैन, अनीता जैन,मनीषा जैन, नैना जैन, राखी जैन, सोनिका जैन, नेहा जैन, रूपल जैन, कामनी जैन, रेणु जैन, संध्या जैन, स्वेता जैन, प्रिया जैन, आरोही जैन, सुरभी जैन, गरिमा जैन, सुमन जैन, खुसबू जैन, दीक्षा जैन, पूनम जैन, प्राप्ति जैन, इष्टि जैन, अरनी जैन, इशिता जैन, पायल जैन, चारवी जैन, कुटकुट जैन, सुधा जैन, वंदना जैन आदि समाज के सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद रहे।

# ससुरालियों ने दामाद सहित उसके साथ आए लोगों से की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**बढ़ापुर।** पांच दिन पूर्व जावेद पुत्र नजाकत निवासी ग्राम मंझेडा शकरू, थाना नगीना के ही कुछ लोगों के साथ अपनी पत्नी को लेने सादातपुर गढ़ी पहुंचे थे। पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद को लेकर बातचीत के दौरान कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने उन्हें रोक लिया और बंधक बना लिया और मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने थाने पर सादातपुर गढ़ी निवासी चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर कार्यवाही करने की बात कही है।

# कांग्रेस ने असम के लोगों को दी पांच गारंटी

**लखीमपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने असम की जनता को पांच गारंटियां दी है। कांग्रेस ने असम में मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए विधानसभा चुनावों में पांच-सूत्रीय गारंटी घोषणापत्र जारी किया है, जैसा कि उसने पिछले लोकसभा चुनावों के दौरान घोषित किया था। ये पांच गारंटियां असम की जनता की सुरक्षा और विकास के लिए हैं। खड़गे ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार आती है, तो वह हर महिला को 50,000 रुपये देगी और हर परिवार को 25 लाख रुपये का हेल्थ इंश्योरेंस देगी।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**जनगणना- 2027...** कि वे 1 मार्च, 2027 को 00:00 बजे की स्थिति में होंगे। इसलिए यह संदर्भ तिथि बहुत महत्वपूर्ण है। भारत में जनगणना दो चरणों में की जाती है। पहला चरण हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग जनगणना है, जिसमें घरों की सूची बनाना और उनकी गिनती करना शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्रालय (एमएचए) ने 8 जनवरी को बताया था कि देश में होने वाली जनगणना 2027 का पहला फेज एक अप्रैल से 30 सितम्बर के बीच किया जाएगा। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने यहां 30 दिनों में यह काम पूरा करेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि घरों की लिस्टिंग शुरू होने से 15 दिन पहले लोगों को खुद से जानकारी भरने (सेल्फ एन्यूमरेशन) का विकल्प भी दिया जाएगा। दरअसल, जनगणना 2021 में होनी थी, लेकिन कोरोना महामारी की वजह से इसे टाल दिया गया था। यह अब 2027 में पूरी होगी। सरकार ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी। करीब 30 लाख कर्मचारी मोबाइल एप के जरिये जानकारी जुटाएंगे। मोबाइल एप, पोर्टल और रियल टाइम डेटा ट्रांसफर से जनगणना बहुत हद तक पेपरलेस होगी। ये एप एंडरॉयडऔर आईओ दोनों पर काम करेंगे। जाति से जुड़ा डेटा भी डिजिटल तरीके से इकट्ठा किया जाएगा। आजादी के बाद पहली बार जनगणना में जाति की गिनती शामिल होगी। इससे पहले अंग्रेजों के समय 1931 तक जाति आधारित जनगणना हुई थी। यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ने अप्रैल में लिया था। 2011 की पिछली जनगणना के अनुसार, भारत की आबादी करीब 121 करोड़ थी, जिसमें लगभग 51.5 फीसदी पुरुष और 48.5 फीसदी महिलाएं थीं।

# अलग-अलग धर्मो के लड़का-लड़की साथ रह सकते हैं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज, वार्ता**



■ लिव इन रिलेशनशिप पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की बड़ी टिप्पणी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अहम टिप्पणी की है, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 के तहत अंतरधार्मिक जोड़े का लिव-इन रिलेशनशिप में रहना कोई अपराध नहीं है। दरअसल इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अंतरधार्मिक लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे एक जोड़े द्वारा सुरक्षा की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए उक्त टिप्पणी की है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के दौरान टिप्पणी करते हुए कहा है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 और साल 2021 के अधिनियम को ध्यान में रखते हुए यह नहीं कहा जा सकता कि अंतरधार्मिक जोड़े का (लिव-इन रिलेशनशिप) में रहना कोई अपराध है। अदालत ने कहा कि अगर याचिकाकर्ताओं ने कोई अपराध नहीं किया है, तो कोर्ट को ऐसा कोई कारण नजर नहीं आता कि उनकी सुरक्षा प्रदान किए जाने की मांग को क्यों न स्वीकार किया जाए। कोर्ट ने कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्राप्त संवैधानिक मौलिक अधिकार का दर्जा कहीं अधिक ऊंचा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता अंतरधार्मिक जोड़े की याचिका को स्वीकार करते हुए निर्देश दिया कि यदि कोई व्यक्ति याचिकाकर्ताओं की इच्छा के विरुद्ध या किसी भी कपटपूर्ण तरीके, बल, ज़बरदस्ती, प्रलोभन, अनुचित प्रभाव अथवा गलत बयानी के माध्यम से उनका धर्म परिवर्तन करने का प्रयास करता है, तो याचिकाकर्ता इसकी रिपोर्ट या शिकायत पुलिस में दर्ज करा सकते हैं।

# भाजपा-एलडीएफ साथ काम कर रहे: राहुल गांधी

■ सबरीमला मामले पर मौन रहे पीएम

**पथानामथिट्टा (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने अपने केरल दौरे के दौरा सबरीमला मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी, जो इस बात का संकेत है कि वाम लो. कतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) असल में भाजपा के नियंत्रण में है।

अडूर में कांग्रेस की एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने दावा किया कि नौ अप्रैल के लिए निर्धारित विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भाजपा के गठजोड़ से मुकाबला करना पड़ रहा है। एलडीएफ पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया और दोनों पार्टियों को यूडीएफ की विरा. ेधी ताकतों के तौर पर दिखाया। उन्होंने कहा कि भाजपा-एलडीएफ फ्रंट यूडीएफ के उलट है और इसीलिए भाजपा केरल में यूडीएफ को सत्ता हासिल करने से रोक रही है। गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हाल ही में सबरीमला में हुई सोने की चोरी के बारे में बताने की चुनौती दी और सवाल किया कि प्रधानमंत्री ने इस घटना को नजर. अंदाज क्यों किया। उन्होंने भाजपा-सीपीएम के रिश्ते को मिलीभगत का सबूत बताया और भरोसा दिलाया कि सोने की चोरी में शामिल लोगों को उसी हिसाब से सजा मिलेगी।

# फरजंद ने पीसीएस में हासिल की 109वीं रैंक








## पिता मुंबई में चलाते हैं साइकिल रिपेयरिंग की दुकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** भविष्य में पहली बार शेरकोट के होनहार फरजंद अली द्वारा पीसीएस-2024 के घोषित हुए फाइनल रिजल्ट में 109वीं रैंक प्राप्त कर जनपद सहित शेरकोट नगर का नाम रोशन किया है। फरजंद अली की इस उपलब्धि से परिजनों सहित नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं परिजनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला खुराड़ा निवासी फरजंद अली के पिता मौहम्मद शाकिर जो मुम्बई में रहकर साइकिल रिपेयरिंग की दुकान करते है। उनका परिवार शेरकोट में ही रहता है। फरजंद तीन बहनों के इकलौते भाई है। उन्होंने बताया कि फरजंद अली की प्राथमिक शिक्षा शेरकोट में ही हुई है, जबकि हाईस्कूल, इंटरमीडिएट और स्नातक की पढ़ाई उन्होंने धामपुर से की है।

वहीं उनके चाचा मौहम्मद आकिर से दूरभाष पर हुई बात में बताया कि उनका भतीजा शुरू से ही मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करने वाले उनके भतीजे फरजंद अली ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (पीसीएस) की परीक्षा पहले प्रयास में पास की है। जिस पर सभी को फक्र है। उन्होंने बताया कि परिवार के सभी पुरुष रोजगार के सिलसिले में बाहर है, घर पर सिर्फ महिलाएं हैं। रिजल्ट घोषित होने के बाद से परिजनों में खुशी का माहौल है तथा रिश्तेदार और परिचित परिजनों को बधाई दे रहे हैं।

साइकिल रिपेयरिंग का काम करने वाले साधारण व्यक्ति मौहम्मद शाकिर के होनहार पुत्र द्वारा हासिल की गई इस बड़ी उपलब्धि की क्षेत्र में खूब सराहना हो रही है और लोग फरजंद अली के घर पहुंचने की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उधर इस बात का पता चलते ही नगर में भी खुशी का माहौल है। क्योंकि शेरकोट नगर में फरजंद अली ने पीसीएस-2024 मे बाजी मारकर नगर का ही नहीं बल्कि जिला का नाम रोशन किया है।

## चोरी की वारदातों से चिंता और भय

**चांदपुर।** नगर में एक बार फिर से चोरियों का होना न सिर्फ पुलिस के लिये सिरदर्द बना हुआ है बल्कि हर आम नागरिक अपने दुकानों, मकानों और प्रतिष्ठानों में चोरी की वारदात न हो जाये को लेकर चिंतित दिखाई दे रहे हैं। इसी सप्ताह दतियाना रोड पर एक प्रमुख व्यवसायी की कोठी में बड़ी चोरी होना। उसके बाद ग्राम कराल के जंगलों से बिजली विभाग के डेढ़ दर्जन से भी अधिक संख्या में विद्युत पोल का चोरी हो जाना और अब ग्राम खेड़की में एक रेत बजरी वाले के यहां भी चोरी की वारदात को लेकर हर आम नागरिक चिंतित है। नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चोरों के आतंक से निजात दिलाने एवं रात्रि पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है।

इस बारे मे पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक कुमार वर्मा का कहना है कि पुलिस अपने मिशन में लगी हुई है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की वारदातों का खुलासा किया जायेगा।

## एक नजर

### रीता का पीसीएस में चयन



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम मंगोलपुरा निवासी तुकमान यादव की पुत्री रीता यादव ने पीसीएस परीक्षा में 104वीं रैंक हासिल कर अपने परिवार, ग्राम और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रीता यादव ने अपनी प्राथमिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय से गृहण की थी। हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा विद्या मंदिर से गृहण की। रीता यादव बचपन से ही पढ़ने-लिखने में होनहार रही है। उन्होंने अपनी सफलता के पीछे मां-बाप का बड़ा योगदान बताया है। उनके पिता तुकमान यादव किसान है। उनकी इस सफलता से ग्राम में खुशी का माहौल बना हुआ है। रीता यादव की इस उपलब्धि पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। स्थानीय लोगों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया और कहा कि रीता की मेहनत व लगन अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के नेता दिग्विजय सिंह यादव, सतवीर सिंह यादव, कोमल यादव, आरती यादव, पवन सिंह, सुषमा रानी, कविता सहित कई गणमान्य लोग उनके घर पहुंचे और रीता यादव को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रीता यादव से सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने फोन पर बातचीत कर उनकी सफलता के लिए मुबारकबाद दी।

### विक्रांत बने असिस्टेंट कमिश्नर



**बिजनौर।** कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम बढ़ापुर निवासी विक्रांत चौधरी सुपुत्र पूर्व सैनिक यशपाल सिंह ने यूपीपीसीएस में सफलता प्राप्त की है। असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी के पद पर उनका चयन हुआ है। वर्तमान में विक्रांत चौधरी डिप्टी जेलर के पद पर बुलंदशहर में कार्यरत है । उनकी इस सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है ।

### मंडावर में राजेश व बब्लू अरेस्ट

**बिजनौर।** थाना मंडावर में 21 मार्च को ग्राम रामसहायवाला निवासी ओमप्रकाश पुत्र कबूल सिंह ने तहरीर दी थी कि प्रदीप कुमार व कुलदीप कुमार पुत्रगण किरणपाल सिंह, राजेश पुत्र दिला, सोनू पुत्र राजेश, दीपक पुत्र राजवीर, अजय पुत्र कुर्रडिया एवं बब्लू पुत्र बाबूराम निवासीगण रामसहायवाला ने उसके परिजनों के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने राजेश व बब्लू को गिरफ्तार कर लिया है।

### कोतवाली में दीक्षित कुमार अरेस्ट

**बिजनौर।** कोतवाली देहात पुलिस ने ग्राम भवनपुर कलां उर्फ भीमपुरा निवासी दीक्षित कुमार पुत्र प्रीतम सिंह को हथियार व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

### आरएसएम परीक्षा परिणाम घोषित




**नूरपुर।** आरएसएम पब्लिक स्कूल असदपुर धमरौली में वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रधानाचार्य कोमल सिंह यादव ने घोषित किया। प्रबंधक रामसुधीर सिंह ने कार्यक्रम की शुरूआत की। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। कक्षा नर्सरी में अजरा, लवीश व तानिया, एलकेजी में पीहू यादव, अमरजोत व आशीष, यूकेजी में तैमूर अली, उजैर व शिवांश चौहान, कक्षा एक में अब्दुल्ला, मीत सैनी, रूही यादव व निविया, कक्षा दो में देवांश शर्मा, रुद्र चौहान व हर्ष चौहान, कक्षा तीन में रूही व हनी यादव, कक्षा चार में गायत्री, यशी व वंशिका यादव, कक्षा पांच में कंचन, अंशिका यादव, अनमोल व वर्णिका शर्मा, कक्षा छह में प्रीत कौर, यशी यादव व गौरव कुमार, कक्षा सात में काजल यादव, परिधि, मौहम्मद हस्सान, कक्षा आठ में रिया, वंशिका व सुहाना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेधावी विद्यार्थियों को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सोमवीर त्यागी, हर्ष शर्मा, शोभा यादव, मोनिका चौधरी, जयश्री गौड़, दीपाली शर्मा, दानिस्ता, मंजरीन, राजीव यादव आदि मौजूद रहे।

### अभय प्रताप सिंह बने डिप्टी कलेक्टर



**नहटौर।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत मटौरा दुर्गा के अभय प्रताप सिंह ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPCS) परीक्षा में प्रदेश भर में तीसरी रैंक हासिल की है। इस शानदार उपलब्धि के साथ उनका चयन डिप्टी कलेक्टर के पद पर हुआ है। जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। अभय ग्राम प्रधान अनुराधा सिंह के पुत्र हैं। उनकी इस सफलता ने न केवल परिवार का बल्कि पूरे नहटौर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा बन गई है। अभय की प्रारंभिक शिक्षा गांव के शिशु मंदिर में कक्षा एक से तीन तक हुई, जिसके बाद उन्होंने कक्षा तीन से पांच तक की पढ़ाई धामपुर के शिशु मंदिर से की। उन्होंने कक्षा छह से 12 तक की शिक्षा धामपुर के रामगोपाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्राप्त की। उच्च शिक्षा के लिए उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रतिष्ठित हंसराज कॉलेज से स्नातक की डिग्री हासिल की। अभय की सफलता इसलिए भी विशेष है क्योंकि उन्होंने किसी बड़े कोचिंग संस्थान का सहारा नहीं लिया। उन्होंने घर पर रहकर ही ऑनलाइन माध्यम से कड़ी मेहनत की और आधुनिक संसाधनों का सही उपयोग करते हुए पहली बार में ही यह बड़ा मुकाम हासिल कर लिया।

# क्लर्क का पोता बना सहायक कमिश्नर







**विशाल खटीक**

**मंडावर।** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में क्लर्क के पद पर तैनात रहे आशाराम शर्मा के पौत्र उज्जवल शर्मा ने कड़ी मेहनत से यूपीपीसीएस में 133 वी रैंक प्राप्त करके अपने खानदान का नाम रौशन किया है। उज्जवल शर्मा को वाणिज्य कर विभाग में सहायक कमिश्नर बनाया गया है।

यहां बाजार कलां में रहने वाले आशाराम शर्मा का परिवार एक शालीन व सभ्य परिवार के रूप में पहचान रखता है। आशाराम शर्मा महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में क्लर्क के पद पर कार्यरत रहे हैं। उनके बड़े बेटे सुनील शर्मा यहां पर इलेक्ट्रानिक दुकान करते थे। बाद में वह एसबीआई में मैनेजर के रूप कार्यरत हो गए। यूपीपीसीएस की 133वीं रैंक

### यूपीपीसीएस में प्राप्त की 133 वी रैंक

प्राप्त करने वाले उज्जवल शर्मा दो भाई है । उनका छोटे भाई प्रज्जवल शर्मा नोएडा में सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। माता नीलम शर्मा और पिता सुनील शर्मा के बेहतरीन संस्कार और शिक्षा की बदौलत उज्जवल शर्मा ने आज इस मुकाम को हासिल किया है। आज उनकी माता नीलम शर्मा और पिता सुनील शर्मा बिजनौर में रामबाग कालोनी में रहते है। उज्जवल शर्मा के यूपीपीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर वाणिज्य कर विभाग में सहायक कमिश्नर बनने पर कस्बे में खुशी की लहर दौड़ गई है और उनके परिवार को फोन पर बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया है।

# ठाठजट का बेटा बना अफसर

## उदित कुमार ने यूपीपीसीएस में 105वीं रैंक पाकर रचा इतिहास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर क्षेत्र का छोटे से गांव ठाठ जट, जो अब तक अपनी सामान्य पहचान विधायक अशोक राणा के पैतृक गांव के लिए जाना जाता था, इसी गांव के बेटे उदित कुमार ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPCS) परीक्षा में 105वीं रैंक हासिल कर न सिर्फ अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस सफलता से गांव की गलियों में खुशी की लहर दौड़ गई है, हर चेहरे पर गर्व है और हर जुबां पर बस एक ही नाम-उदित कुमार।

उदित कुमार ने अपनी इस उपलब्धि के पीछे की कहानी साझा करते हुए बताया कि उनका सपना बचपन से ही सिविल सेवा में जाने का था। भले ही उनकी शुरुआती पढ़ाई विज्ञान वर्ग से रही और उन्होंने इसरो जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में भी काम किया, लेकिन उनके दिल में हमेशा यह भावना रही कि वह समाज के बीच रहकर, जमीन से जुड़े रहकर लोगों की सेवा करें। यही सोच उन्हें बार-बार सिविल सेवा की ओर खींचती रही और आखिरकार उन्होंने पूरी तरह इसी दिशा में कदम बढ़ाया।

उनकी सफलता की कहानी सिर्फ किताबों और पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें संघर्ष, धैर्य और परिवार का अटूट विश्वास भी शामिल है। उदित बताते हैं कि उनका पूरा परिवार शिक्षा से जुड़ा हुआ है। उनके पिता गजेंद्र सिंह शिक्षक हैं, माता आंगनबाड़ी में कार्यरत हैं, दादा किसान होने के साथ-साथ शिक्षक भी रहे हैं और चाचा भी शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हैं। ऐसे माहौल में पले-बढ़े उदित को कभी भटकाव का सामना नहीं करना पड़ा। घर का माहौल ही उनका पहला स्कूल बना, जहां से उन्हें सही दिशा, संस्कार और मार्गदर्शन मिला।

उदित की तैयारी भी किसी चमक-दमक या बड़े कोचिंग संस्थान की मोहताज नहीं रही। उन्होंने खुद पर भरोसा किया और स्वाध्याय के दम पर यह मुकाम हासिल किया। कभी घंटों लगातार पढ़ाई की, तो कभी दिन ऐसे भी आए जब पढ़ाई कम हो पाई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने उत्तर लेखन का खूब अभ्यास किया और दोस्तों के साथ चर्चा कर अपने जवाबों को बेहतर बनाया। यही निरंतर अभ्यास उनकी सफलता की मजबूत नींव बना।

जब इंटरव्यू का समय आया, तो उनके सामने एक सेवानिवृत्त हाईकोर्ट जज का बोर्ड था। पहली बार में यह अनुभव किसी भी उम्मीदवार के लिए दबाव भरा हो सकता था, लेकिन उदित ने अपने आत्मविश्वास को बनाए रखा। उन्होंने बेझिझक हर सवाल का जवाब दिया। इंटरव्यू के बाद जब बोर्ड ने उनकी सराहना की, तो उन्हें लगा कि उनकी मेहनत सही दिशा में जा रही है।

उदित की सफलता के पीछे उनके परिवार का भावनात्मक सहयोग भी उतना ही मजबूत रहा है। उन्होंने खुद स्वीकार किया कि आज जो कुछ भी हैं, वह अपने माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहनों और गुरुजनों की वजह से हैं। उनके परिवार ने हर कदम पर उनका साथ दिया, कभी हौसला टूटने नहीं दिया। यही वजह है कि आज जब उदित इस मुकाम पर पहुंचे हैं, तो उनके घर में खुशी के साथ-साथ आंखों में गर्व के आंसू भी हैं।

अब जब उदित कुमार प्रशासनिक सेवा में कदम रखने जा रहे हैं, तो उनकी सोच भी उतनी ही संवेदनशील है। वह चाहते हैं कि वह लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें और उनका समाधान करें। उनका मानना है कि असली सेवा वही है, जो जमीन पर उतरकर की जाए, जहां आम आदमी की आवाज सीधे सुनी जाए।

युवाओं के लिए संदेश देते हुए उदित कहते हैं कि सफलता किसी बड़े शहर या कोचिंग पर निर्भर नहीं होती, बल्कि आपकी मेहनत और लगन पर निर्भर करती है। अगर आप पूरे मन से तैयारी करें, तो घर बैठकर भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया का सही उपयोग करें और परीक्षा के समय उसे सीमित कर दें, क्योंकि फोकस ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।

उदित कुमार की यह सफलता सिर्फ एक रैंक नहीं है, बल्कि यह उस विश्वास की जीत है जो एक छोटे से गांव के बेटे ने अपने सपनों पर रखा। आज ठाठ जाट गांव की पहचान सिर्फ एक गांव नहीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा बन चुकी है, जो हर उस युवा को आगे बढ़ने का हौसला देती है, जो अपने सपनों को सच करने की जिद रखता है।


## एक नजर

### ग्रेट इंडियन एकेडमी का परिणाम शानदार




**झालू।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में नर्सरी से कक्षा नौ तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति रही। विद्यालय प्रशासन के अनुसार इस वर्ष विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को समारोह के दौरान सम्मानित किया गया। जिससे पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। किंडर गार्डन वर्ग में नर्सरी की छात्रा फातिमा ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक वर्ग (कक्षा 1 से 5) में कक्षा 1 (अ) की छात्रा शहरीस नायल ने 96.32 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं जूनियर वर्ग (कक्षा 6 से 9) में कक्षा 6 के छात्र खुशहाल कुशवाहा ने 93.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा तथा उपप्रधानाचार्या दीक्षा डाबरा ने मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

### भाकियू का धरना प्रदर्शन



**नहटौर।** भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की ओडिशा में गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं नहटौर थाने पहुंच कर धरना-प्रदर्शन शुरू किया। राकेश टिकैत को ओडिशा पुलिस ने भुवनेश्वर में किसानों की एक सभा में शामिल होने के दौरान गिरफ्तार किया था।इस गिरफ्तारी के विरोध में देशभर के किसान संगठन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। नहटौर थाने पर हुए इस प्रदर्शन में ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश कुमार, विकास कुमार, धीरज सिंह, दिलशाद अहमद, सैंकी, विमल, लोकेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नीटू, प्रशांत कुमार और नरेंद्र कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हज यात्रा प्रशिक्षण पांच अप्रैल को

**बिजनौर।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सौरभ कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 5 अप्रैल को हज यात्रा से सम्बंधित प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा जनपद से 2026 में हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को यात्रा से सम्बंधित अरकान एवं हज कमेटी ऑफ इंडिया, सऊदी अरब की गाईड लाईन से सम्बंधित प्रशिक्षण के लिए 5 अप्रैल 2026 को समय 09.00 बजे से दोपहर 01.00 बजे तक वृंदावन गार्डन निकट मुस्कान हास्पिटल, बायपास रोड चांदपुर में हज प्रषिक्षण कैम्प जनपद के हज ट्रेनर डा. शहादत हुसैन, मोबाइल नंबर 9045622732 के द्वारा आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। 2026 की यात्रा पर जाने वाले समस्त हज यात्री प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

# जोगिरम्पुरी में मजलिस की तैयारियां तेज

## सोलर सिस्टम लगाने का ऐलान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** विश्व प्रसिद्ध नजफ-ए-हिन्द दरगाह में सालाना मजलिस की तैयारियां तेज हो गई है। साथ ही सोलर सिस्टम लगाने का बड़ा ऐलान किया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार प्रशासक मौलाना शबाब नकवी के द्वारा मजलिस को भव्य व ऐतिहासिक बनाने के लिए हर संभव तैयारियां की जा रही है। दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द, जोगिरम्पुरी में आयोजित होने वाली सालाना मजलिस की तैयारियों को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक आफताब-ए-शरीयत मौलाना सैयद कल्बे जवाद नकवी की अध्यक्षता में तथा उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी के निर्देशानुसार संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दरगाह के प्रशासक मौलाना सैयद शबाब हुसैन नकवी ने की। बैठक में दिल्ली, नोएडा, नैनीताल, संभल, अमरोहा, नौगांवा, बिजनौर और देहरादून समेत विभिन्न शहरों से आए खिदमतगारों और मोमिनीन ने बड़ी संख्या में भाग लिया। सभी ने मिलकर सालाना मजलिस को भव्य और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

मौलाना सैयद शबाब हुसैन नकवी ने कहा कि जिस तरह 21 रमजान का कार्यक्रम सफलता के साथ संपन्न हुआ, उसी प्रकार सालाना मजलिस को भी बेहतर ढंग से आयोजित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि वह अभी से अपनी जिम्मेदारियां संभालें और आयोजन को कामयाब बनाने में सहयोग दें।

बैठक में दरगाह पर बढ़ते बिजली बिल को एक बड़ी समस्या के रूप में उठाया गया। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए सोलर सिस्टम लगाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। अली नकवी ने इस कार्य की जिम्मेदारी लेते हुए आश्वासन दिया कि लगभग 12 लाख रुपए की लागत से बैटरी और इन्वर्टर के साथ सोलर सिस्टम को मजलिस से पहले ही चालू करा दिया जाएगा। इस घोषणा पर उपस्थित मोमिनीन ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी।

इसके अलावा बैठक में गुलाम हैदर, हाजी सैयद हसन समेत कई लोगों ने विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां अपने ऊपर ली। इस अवसर पर मौलाना सलमान, मौलाना फिरोज हैदर नकवी, मोमिन रजा, नजमी, नवाब अली आब्दी, डॉ. अब्जल नबी खान, इमरान आब्दी, जाफर मेहंदी, नियाज हैदर, शब्बन प्रधान, चौधरी सीरत, मीसम अब्बास, सईद, मौहम्मद अब्बास मुन्ना, मरगूब आलम, जहांगीर आब्दी, मेहंदी अब्बास आब्दी और नय्यर जैदी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बैठक में लिए गए निर्णयों से साफ है कि इस बार दरगाहे आलिया नजफ ए हिन्द में होने वाली सालाना मजलिस को और अधिक सुव्यवस्थित, भव्य और यादगार बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

# टिकैत की गिरफ्तारी से भड़का गुस्सा

## शहर कोतवाली में दिया धरना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उड़ीसा में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की गिरफ्तारी से कार्यकर्ताओं में गुस्सा भड़क गया। उन्होंने शहर कोतवाली में धरना दे कर विरोध जताया।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत एक किसान पंचायत में भाग लेने के लिए उड़ीसा पहुंचे थे। लेकिन वहां के प्रशासन ने पंचायत में शामिल होने जा रहे किसानों के साथ ही राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को भी गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पंचायत में नहीं पहुंचने दिया। इसके विरोध में आज कोतवाली शहर में जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकाल धरना शुरू कर दिया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि उड़ीसा की भाजपा सरकार के द्वारा जब तक चौधरी राकेश टिकैत को रिहा नहीं किया जाता है, तब तक धरना जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद के सभी ब्लॉक अध्यक्षों व तहसील अध्यक्षों को भी शीघ्र अपने-अपने क्षेत्र के थानों पर पहुंचकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने के आदेश कर दिया गया है। भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना है कि भाजपा सरकार किसानों की सबसे बड़ी विरोधी है। जहां-जहां भाजपा की सरकार है, वहां-वहां किसानों एवं किसान नेताओं का उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा सरकार किसानों व मजदूरों के हकों पर डांका डाल रही है।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा,
शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी
ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### दवा के पैसे मांगने पर विवाद

**नहटौर।** ग्राम हमीदपुर निवासी चंदर ने ग्राम छजुपुरा के डा. सतपाल पुत्र देवदत्त से दवा ली थी। जब डा. सतपाल ने दवा के पैसे मांगे, तो चंदर ने अगले दिन भुगतान करने की बात कही। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई, जिसके बाद चंदर अपने घर लौट आया। पीड़ित की पत्नी पिंकी देवी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, विवाद के लगभग एक घंटे बाद डा. सतपाल गाली-गलौज करते हुए चंदर के घर पहुंचा। आरोपी ने चन्दर के साथ हाथापाई शुरू कर दी। जब पिंकी देवी ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो आरोपी ने उन्हें भी धक्का देकर गिरा दिया। शोर मचाने पर भागते समय डा. सतपाल ने चंदर पर लकड़ी के डंडे (फन्टी) से जोरदार वार किया। जिससे उसका सिर फट गया। घटना के बाद घायल के परिजनों ने नहटौर थाने में आरोपी डॉक्टर के खिलाफ तहरीर दी है। शिकायतकर्ता ने पुलिस से मामले की जांच कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने जानकारी मिलते ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह




**बिजनौर।** विकास क्षेत्र नूरपुर स्थित एसजी जूनियर हाईस्कूल हसुपुरा में उप प्रधानाचार्य शेर सिंह आर्य के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक अवनीश कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक राकेश कुमार उपाध्याय एवं प्रधानाचार्य अवधेश कुमार शर्मा ने बताया कि शेर सिंह आर्य ने अपने लगभग 34 वर्षों के कार्यकाल में न केवल अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन किया, बल्कि अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से विद्यालय को विज्ञान विषय की मान्यता दिलाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपने नेतृत्व और कार्यशैली से सहकर्मियों के लिए प्रेरणा का कार्य किया। समारोह में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। जिनमें हरिओम कुमार, नरेश कुमार, अरुण कुमार, देवराज, अनिल कुमार और शोषपाल सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### रोडवेज टीम ने जीता मैच



**नजीबाबाद।** नेशनल एंटी क्रप्शन सोल्जर ट्रस्ट द्वारा आयोजित प्रीमियर लीग सीजन-4 क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन सब रजिस्ट्रार टीम और रोडवेज टीम के बीच मुकाबला रहा। रोडवेज टीम ने मैच जीता। सर्वप्रथम नेशनल एंटी करप्शन सोल्जर ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल द्वारा झंडारोहण किया गया एवं प्रकृति अग्रवाल, शगुन प्रजापति, मयांशि, यशस्वी, ईशानी, परविंदर कौर आदि द्वारा राष्ट्रगान किया गया। जिसके पश्चात संजय कुमार अग्रवाल, दानिश मंसूरी और सभी बच्चों द्वारा दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी गई। अंपायर फाजिल अली व संतोष सिंह की निगरानी में दोनों टीम के बीच मैच खेला गया। रोडवेज विभाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने का निर्णय लिया तथा सात विकेट के नुकसान पर 282 रन बनाकर जीत हासिल की। सब रजिस्ट्रार टीम 95 रन पर ऑल आउट हो गई। रोडवेज टीम से रविंद्र ने 20 बॉल पर 76 रन बनाए और 4 विकेट लिए व कृष्णा ने 26 बॉल पर 66 रन बनाए और एक विकेट लिया। रोडवेज टीम से रविंदर मैंन ऑफ द मैच रहे व कृष्णा फाइटर ऑफ द मैच रहे। सतनाम सिंह बाजवा, सुरेंद्र चौधरी और संगठन द्वारा रविंद्र को मैन ऑफ द मैच की ट्राफी व कृष्णा को फाइटर ऑफ द मैच की ट्राफी दी गई। टूर्नामेंट में सुखदेव सिंह द्वारा मैच की शानदार कमेंट्री की गई। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल, अल्ताफ हुसैन, दानिश मंसूरी, विनीत कुमार विक्की, आदित्य विक्की, अयान सिद्दीकी, हाजी मौहम्मद विशाल, अनवर अंसारी, हिना अग्रवाल, विनीता, मधु माहेश्वरी आदि रहे।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित

**स्योहारा।** इकरा पब्लिक जूनियर हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित। टॉपर्स सहित प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। विद्यालय में कक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विद्यालय प्रधानाचार्य डा.सादिया द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। कक्षा नर्सरी में आनाया हयात, आनाबया परवीन, अशियम, कक्षा केजी में ऋषभ कुमार, अरीब अली, लवी, कक्षा एक में रिदा, अदीब, जोया, कक्षा दो में कृष्णा, अदनान, वंशिका, कक्षा तीन में सारिका, हम्माद, माही, कक्षा चार में तान्या, यामिनी, आफिया, कक्षा पांच में प्रीति, सिमरन, सिदरा को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मति किया गया। इसके अतिरिक्त सबसे ज्यादा उपस्थित होने पर आशियम नक्ष और दिव्यांशु को सम्मानित किया गया। सबसे साफ और सुंदर स्कूल आने और ड्रेस के लिए मौहम्मद फैज को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। कुछ विद्यार्थियों को सांत्वाना पुरस्कार भी दिए गये। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार रियाज़ उल हक उर्फ प्रिंस द्वारा की गई। इस मौके पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपस्थित अभिभावकों ने भी गर्व व्यक्त करते हुए अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि इस तरह ही बच्चे मेहनत करते हुए आगे बढ़ते रहे और देश में एक बड़ा नाम करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त विद्यालय स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

# चांगीपुर शुगर मिल में जलाया जा रहा कूड़ा

## समाजवादी आंदोलन पार्टी ने सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बिजनौर।** समाजवादी आंदोलन पार्टी के पदाधिकारियों ने चांगीपुर शुगर मिल में कूड़ा-कचरा, पन्नी व प्लास्टिक जलाने पर प्रतिबन्ध लगाने के सम्बन्ध में ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को दिया।

पार्टी के पदाधिकारी नूरपुर से आज बिजनौर पहुंचे। उन्होंने जिला. धिकारी जसजीत कौर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि बिन्दल शुगर मिल चांगीपुर में कूड़ा-कचरा, पन्नी व प्लास्टिक का प्रयोग जलाने के लिए किया जा रहा है। इससे निकलने वाली छाई तथा धुए के कारण वायु प्रदूषण की समस्या पैदा हो गयी है। आसपास के घरों की छतों पर एवं घरों के अन्दर व अस्पतालों तथा विद्यालयों में एवं धार्मिक स्थलों के अन्दर छाई व राख जमा हो जाती है। वायु प्रदूषण के कारण संक्रमण व बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। प्रतिदिन तीन या चार बार राख को घर की छतों व मकानों से साफ कराया जा रहा है। शुगर मिल के अधिकारियों को इस संबन्ध में क्षेत्रवासियों द्वारा कई बार सूचित भी किया गया। लेकिन इस पर रोक नहीं लगाई गई। ज्ञापन में शुगर मिल में कूड़ा-कचरा, पन्नी व प्लास्टिक जलाने पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है।

ज्ञापन सौंपने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर अली, सरदार धन भाग सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, धर्मवीर सिंह दिवाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी समाज, नवाब मलिक, डॉ. वसीम सिद्दीकी युवा प्रदेश अध्यक्ष, नौशाद सैफी राष्ट्रीय सचिव, मुस्तफा इदरीसी, मुकुल चौधरी जिला अध्यक्ष आदि शामिल थे।

## वर्धमान कालेज में क्रिकेट टूर्नामेंट



**बिजनौर।** वर्धमान कालेज में क्रीड़ा स्थल पर दो दिवसीय राजेन्द्र कुमार जगत प्रकाश मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। इसमें मेरठ, धामपुर, किरतपुर, मुरादाबाद, बहसूमा, बिजनौर, नूरपुर व हल्दौर की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। आज का मैच वर्धमान कालेज (ए) टीम व किरतपुर एकेडमी के मध्य हुआ। इसमें वर्धमान कालेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। प्रलभ ने 117 तथा हिमांशू ने 29 रनों का योगदान दिया। जवाब में किरतपुर की टीम मात्र 43 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गयी। वर्धमान कालेज (ए) टीम ने 159 रनों से मैच जीत लिया। दूसरा मैच-धामपुर व वर्धमान कालेज (बी) टीम के मध्य हुआ। वर्धमान कालेज की (बी) टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में मात्र 66 रन बनाये। जवाब में धामपुर ने मात्र 12 ओवर में ही मैच जीत लिया। इस अवसर पर मानव सचदेवा मीडिया प्रभारी, प्रो. शशि प्रभा, डॉ. रेनू शर्मा, डॉ. शिवानी शर्मा, डॉ. चेतना शाक्य, डॉ. आयुष, डॉ. यश चौहान, डॉ. प्रशान सिंह, डॉ. अचिन्त्य कुमार गुप्ता, रजत शर्मा, मो. हसिन खान कोच, अमित श्रीवास्तव, मुकुन्द शर्मा, राजू व बिशन उपस्थित रहे। सचिव डॉ. जयदीप शर्मा ने आभार व्यक्त किया। आज के एम्पायर रोहित व आयूष रहे। स्कोरर अनामिका रही।

## पथ संचलन निकाला

**हल्दौर।** हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने नगर में भव्य पथ संचलन निकाला। पथ संचलन नगर के धूलिया महादेव मंदिर संस्थान परिसर से प्रारंभ हुआ। इस दौरान जगह-जगह नगरवासियों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। जिसके बाद प्रार्थना, एकल गीत और अमृत वचन प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत अनुशासित पंक्तियों में स्वयंसेवकों ने बैंड-बाजे के साथ पथ संचलन किया, जो नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। जिला शारीरिक शिक्षा प्रमुख सत्यपाल सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि शुक्ल प्रतिपदा का दिन भारतीय संस्कृति में नववर्ष के रूप में विशेष महत्व रखता है।

## प्राथमिक विद्यालय सुनपता में वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह

**नहटौर।** प्राथमिक विद्यालय सुनपता में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में उत्तीर्ण सात विद्यार्थियों तथा इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में चयनित दो विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र पाल सिंह, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन सुखवीर सिंह और विद्यालय की प्रधानाध्यापिका पारुल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। वार्षिकोत्सव के दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें नृत्य, गायन और अन्य कलात्मक प्रस्तुतियां शामिल थीं। अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिक. ारी वीरेंद्र पाल सिंह ने अभिभावकों से अपील की कि वे एक अप्रैल 2026 से शुरू हो रहे 'स्कूल चलो अभियान' के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों का सरकारी स्कूल में प्रवेश कराएं। उन्होंने तीन से पांच वर्ष के बच्चों को बालवाटिका केंद्र में नामांकित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान वाले विद्यार्थियों को मेडल प्रदान किए। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी बच्चों को रिजल्ट कार्ड वितरित किए। इसके अतिरिद्र, नवीन सत्र के प्रारंभ से पहले ही उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनपता और प्राथमिक विद्यालय सुनपता के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें भी दी गईं। कार्यक्रम का संचालन राज्यपाल अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ शिक्षक रामअवतार सिंह ने किया।

# डीवीएम में मेधावियों ने गाड़े सफलता के झंडे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नगीना।** मौहल्ला अंबेडकर नगर स्थित डीवीएम इंटर कॉलेज में 24वां वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर पाल, अनूप वाल्मीकि, कृष्ण बलदेव सिंह, अजीत अग्रवाल, कय्यूम राइन और शिव शंकर सक्सेना उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।



परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ-साथ विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। माही ग्रुप ने 'एक जिंदगी' और 'चले जैसे हवाएं' गीतों पर शानदार नृत्य किया। वहीं पाखी ने 'दिल है छोटा सा', अन्वी और अर्शी ने 'स्कूल चले हम' और माही ने 'इतनी सी हंसी' पर प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बटोरीं। संजवी ग्रुप के 'धड़क-धड़क' और सारिका के श्काली एक्टिवाश डांस ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 'अपना हर दिन ऐसे जियो', 'ता रा रा' और 'सजना' जैसे गीतों पर भी सुंदर प्रस्तुतियां दी गईं। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। नर्सरी कक्षा में जिकरा पुत्री शाहनवाज ने 99.5 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया, जबकि सुम्मैया द्वितीय व मौहम्मद फहाद तृतीय रहे। एलकेजी में अब्दुल मोमीन 99.4 प्रतिशत के साथ पहले, अनाबिया नूर दूसरे और मौहम्मद जुनैद तीसरे स्थान पर रहे। यूकेजी में कनिका सैनी (98.5 प्रतिशत) प्रथम, खुशी रानी द्वितीय और मौहम्मद रूहान तृतीय रहे। प्राथमिक स्तर पर कक्षा एक में पाखी 91.8 प्रतिशत अंक पाकर टॉपर बनीं, जबकि अनाबिया और अब्दुल्ला क्रमशः दूसरे-तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा दो में अक्सा परवीन (85.75 प्रतिशत) प्रथम, मौहम्मद कैफ द्वितीय व अर्शी नूर तृतीय रहे। कक्षा तीन में तूबा ने 86 प्रतिशत अंकों के साथ बाजी मारी, सुप्रिया ने दूसरा और माहिरा फातिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार में मौहम्मद अल्फेज (84 प्रतिशत) प्रथम, आसिफा बानो द्वितीय और अदीबा तृतीय रहीं। कक्षा पांच में सान्वी 84.75 प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर रहीं, माही दूसरे और अर्शमा तीसरे स्थान पर रहीं। माध्यमिक स्तर पर कक्षा छह में गौरी (68.5 प्रतिशत) प्रथम, गौरव द्वितीय और अरिबा बानो तृतीय रहीं। कक्षा सात में मौहम्मद याहिया 72.83 प्रतिशत अंकों के साथ टॉपर रहे। सुहैब दूसरे और अर्श तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा आठ में फातिमा ने 76.88 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पाया, जबकि शेवाज़ अंसारी और सिदरा क्रमशः दूसरे-तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा नौ में श्रद्धा अग्रवाल ने 85. 29 प्रतिशत अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान पाया, युसरा खान द्वितीय और रोहन राज तृतीय रहे। कक्षा 11-ए में सुमैया 84. 5 प्रतिशत के साथ पहले, शाहगुफ्ता दूसरे और तूबा तीसरे स्थान पर रहीं। कक्षा 11-बी में मनप्रीत ने प्रथम, सुगंधा ने द्वितीय और अलीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर पर विद्यालय की अध्यक्षा नीता गुप्ता, प्रबंधक अमित गुप्ता और प्रधानाचार्य नसीम अहमद ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों का सर्वांगीण विकास ही विद्यालय की प्राथमिकता है। कार्यक्रम का संचालन अध्यापिका शीला सिंह द्वारा किया गया।

## एक नजर

### मेधावी बच्चों को दिए उपहार

**नगीना।** प्राथमिक विद्यालय विश्नोई सराय-2 में सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। प्रधानाध्यापक मनीष राणा ने परीक्षाफल घोषित कर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और अन्य सभी बच्चों को उपहार भेंट किए। इस मौके पर प्रधानाध्यापक ने छात्रों को नियमित रूप से यूनिफॉर्म में विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ने के लिए प्रेरित किया। परीक्षफल व उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। प्रमुख स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा एक में शिफा प्रथम, इनाया द्वितीय, जैनब तृतीय रहे। कक्षा दो में नमरा व रहमाना प्रथम, अशहर द्वितीय, मयंक तृतीय रहे। कक्षा तीन में आयुष प्रथम, आलीशान द्वितीय, मंजिया तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चार में ज़किया प्रथम, फैसल द्वितीय, शादमान तृतीय रहे। कक्षा पांच में जोया प्रथम, अश्मीरा द्वितीय, मौहम्मद बिलाल तृतीय स्थान पर रहे।

### भाकियू कार्यकर्ताओं का धरना

**मंडावर।** भाकियू (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा में किसानों की पंचायत में जाते हुए सरकार द्वारा गिरफ्तार कराने का विरोध जताते हुए कार्यकर्ता थाने पर पहुंचे और थाने के सामने धरने पर बैठ गए। उनका कहना है कि राकेश टिकैत को उड़ीसा में किसान आंदोलन के दौरान उड़ीसा के भाकियू नेताओं के साथ उड़ीसा सरकार ने किसान विरोधी दमनकारी नीति दिखाते हुए पुलिस से गिरफ्तार करा लिया है। जो बहुत ही निंदनीय है। जब तक उड़ीसा सरकार हमारे किसान नेताओं को रिहा नहीं करती, तब तक थाने पर धरना जारी रहेगा। राष्ट्रीय नेतृत्व का जो आदेश होगा, उसके अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष डा. विजय चौधरी, मनोज, पंकज सहरावत, योगेश कुमार, विकार अहमद आदि कार्यकर्ता धरने पर मौजूद है।

### राकेश टिकैत की रिहाई की मांग पर अड़े

**नांगल सोती।** आज किसान नेता राकेश टिकैत एक किसान पंचायत में भाग लेने के लिए उड़ीसा पहुंचे थे। जब वे किसान पंचायत में जा रहे थे, तभी उड़ीसा पुलिस ने उन्हें और उनके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तार से किसान यूनियन के नेताओं में उबाल आ गए। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता किसान नेता दिनेश कुमार, अवनीश कुमार नेतृत्व में नारे बाजी करते नांगल थाने पहुंचे। जिसके बाद किसानों ने थाने के गेट के सामने नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान रोहित कुमार, अजय कुमार, सुनील कुमार, विजय सिंह, प्रमोद कुमार, अमरीश कुमार, बबलू प्रधान, शाजिद, शकील अहमद,नईम अहमद, निशांत कुमार, शिव कुमार, अंकुर कुमार, मुकुल सहरावत आदि धरना स्थल पर मौजूद रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएलओ सम्मानित

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर ने अपने कार्यालय में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण में ई-बीएलओ ऐप पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की एंट्री करने वाले सर्वोच्च आठ बीएलओ को प्रोत्साहन धनराशि प्रदान की। प्रोत्साहन धनराशि प्रदान किए जाने वाले बीएलओ में रोहित कुमार डवास, अक्षय कुमार बालियान, नावेद हसन, चारूल, दिलपाक, नईम अहमद तथा राकेश कुमार शामिल हैं। डीएम ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में ई-बीएलओ ऐप पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं की एंट्री करने वाले बीएलओ को श्रमसाध्य, दक्षतापूर्ण एवं उत्कृष्ट कार्य करने के फलस्वरूप की धनराशि कुल 39000/-रुपए का चेक प्रदान करते हुए अपने दायित्वों का निष्पक्षता, निष्ठा और समयपूर्वक कार्य करने पर बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### भाकियू कार्यकर्त्ताओं में आक्रोश

**हीमपुर दीपा।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की उड़ीसा में गिरफ्तारी के बाद भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने हीमपुर दीपा थाने में पाल बिछाकर न केवल जोरदार प्रदर्शन किया, बल्कि तत्काल उन्हें छोड़ने की मांग की। प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद के अलग-अलग थानों में भाकियू टिकैत गुट ने थाना प्रभारियों को ज्ञापन सौंप कर प्रदर्शन किया। उन्होंने तत्काल राकेश टिकैत को रिहा करने की मांग की। कार्यकर्ताओं ने चेताया कि यदि शीघ्र ही राक. ेश टिकैत को नहीं छोड़ा गया, तो यह आंदोलन पूरे देश मे उग्र रूप ले लेगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष कल्याण सिंह, न्याय पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार, संसार सिंह, बट्टू, मोनू, मुकेश, देवेंद्र सिंह, ब्राह्मपाल, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जहांगीरपुर, मजरा ज्ञानपुर उर्फ रूपपुर विकासखण्ड -जलीलपुर, जनपद-बिजनौर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत - जहांगीरपुर, मजरा ज्ञानपुर उर्फ रूपपुर में अस्थाई गौशाला निर्माण कराए जाने में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से निर्माण कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, टाइल्स सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, इंटरलॉकिंग रोडी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 07/04/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 05/ 04/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र नासिर व उसकी पत्नी रुखसार के गलत आचरण व व्यवहार से तंग आकर मैंने व मेरे परिवार ने इन दोनों से पिछले दो वर्ष से ताल्लुक वास्ता समाप्त कर दिया है और मैंने अपनी चल-अचल संपत्ति से अपने पुत्र नासिर व पुत्रवधू रुखसार को बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी क्रिया कलाप व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं है।

**मौ. रशीद पुत्र मेहन्दी हसन, मौहल्ला खुराड़ा, कस्बा व थाना शेरकोट, जिला बिजनौर**

**सम्बंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र शहबाज गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। शहबाज व उसकी पत्नी मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। मेरे कहने में नहीं है। इनके आचरण व व्यवहार से तंग आकार मैंने शहबाज व इसकी पत्नी से माह जनवरी 2026 में पारिवारिक रिश्ता-नाता समाप्त करके इन दोनों को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **शहाबुद्दीन पुत्र इस्लामुद्दीन, ग्राम रावलहेड़ी, थाना नगीना देहात, परगना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर**

### स्थानीय निकाय के कार्यो की समीक्षा बैठक

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज स्थानीय निकाय के कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। डीएम ने सभी अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं डोर-टू-डोर कूड़ा सेग्रीगेशन सहित सम्मिलित निर्धारित बैठक एजेंडे में शामिल कर-करेत्तर राजस्व की वसूली सम्बंधित विवरण पत्र, राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत निकायों को प्राप्त धनराशि के उपभोग की स्थिति, 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत निकायों को प्राप्त धनराशि के उपभोग की स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**कार्यालय : नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ ( बिजनौर )**

पत्रांक: 137/न.पा.प./26 दिनांक:- 25.03.26

**कोटेशन सूचना**

समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मों/कृषकों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ में वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि के लिए कान्हा गौ आश्रय स्थल मौ. किला में संरक्षित पशुओं के भरण-पोषण हेतु भूसा, साइलेज व पशु आहार तथा हरा चारा क्रय सम्बंधी सीलबंद कोटेशन आमंत्रित की जाती है। कोटेशन दिनांक - 05.04.2026 को अपराहन 03:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ में जमा की जा सकती है। डाली गयी कोटेशन सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ द्वारा दिनांक- 05.04.2026 समय अपराहन 04:00 बजे खोली जायेगी। कोटेशन खोले जाने के समय कोटेशनदाता उपस्थित रह सकते है। कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पालिका परिषद अफजलगढ़ में निहित है। सशर्त कोटेशन मान्य नहीं होगी। अन्य शर्तें कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | आपूर्ति का नाम | आपूर्ति की मात्रा | जमानत धनराशि | आपूर्ति अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | भूसा | आवश्यकतानुसार | 50000.00 | वित्तीय वर्ष 2026-27 |
| 02 | साइलेज | | 5000.00 | |
| 03 | पशु आहार | | 5000.00 | |
| 04 | हरा चारा | | 5000.00 | |

नोट-दरें पृथक-पृथक प्रति कुन्टल की दर से देनी अनिवार्य है।

**एसपी सिंह** **तबस्सुम जावेद**
**अधिशासी अधिकारी** **अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, अफजलगढ़ ( बिजनौर )**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, चांदपुर ( बिजनौर )**

पत्रांक: / न.पा.परि. चान्दपुर/2026 दिनांक:-

**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

सर्वसाधारण एवं समस्त ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/ बोर्ड फण्ड के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष इस कार्यालय के पत्र संख्या 1136/न.पा.परि. चान्दपुर/नि.सू./2026 दिनांक 13.03.2026 के द्वारा 34 कार्यों को कराये जाने हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना आमंत्रित की गयी थी। उक्त निविदा सूचना में क्रम संख्या 01 ता 08 पर अंकित स्वागत द्वार के निर्माण कार्यों की निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

तदानुसार सूचित हो।

**अवर अभियन्ता ( सिविल ) नगर पालिका परिषद चांदपुर ( बिजनौर )** **अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चान्दपुर ( बिजनौर )** **अध्यक्ष नगर पालिका परिषद चान्दपुर ( बिजनौर )**

# निरीक्षण में सीडीओ को नहीं मिली कमी

## नूरपुर ब्लॉक के अभिलेख देखे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नूरपुर।** सीडीओ रणविजय सिंह को ब्लॉक कार्यालय के निरीक्षण में कोई कमी नहीं मिली। उन्होंने अभिलेखों का रख-रखाव सही पाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सीडीओ रणविजय सिंह के द्वारा विकास खण्ड कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। खण्ड विकास अधिकारी डॉ. दिनेश पाल शर्मा ने उनका स्वागत किया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय कार्यालय में सभी अभिलेख दुरूस्त पाये गये। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा विकास खण्ड कार्यालय की प्रशंसा की गई।

इस मौके पर आरबी यादव उपायुक्त मनरेगा, गिरीश चन्द लेखाकार, इस्लाम बाबू, करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सलीम अहमद एडीओ ग्राम विकास, योगेश कुमार सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण, सतीश कुमार सीडीपीओ, अनीस कुमार, डोली चौहान आदि उपस्थित रहीं। मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा क्षेत्र पंचायत से कराये गये कार्यो का स्थलीय सत्यापन किया गया। विकास खण्ड में संचालित अस्थाई गौ आश्रय स्थल मिर्जापुर ढीकली तथा अस्थाई गौ आश्रय स्थल फीना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें गौ आश्रय स्थल में गौवंशों की संख्या को देखते हुए उपलब्ध हरे चारे व भूसा, पशु आहार व स्वच्छ पानी की उपलब्धता का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दोनों गौ आश्रय स्थलों में पर्याप्त मात्रा में हरा चारा, भूसा इत्यादि मौके पर उपलब्ध पाया गया। गौशाला निरीक्षण के समय अस्थाई गौ आश्रय स्थल मिर्जापुर ढीकली के संचालन को देख रहे सचिव नीरज कुमार, ग्राम प्रधान पुत्र शाने आलम, पंकज कुमार रोजगार सेवक, सलाउद्दीन, सायरा, इसरार गौशाला केयरटेकर तथा अस्थाई गौ आश्रय स्थल फीना का संचालन को देख रहे सचिव दीपक कुमार एवं रजनी गौहर प्रबन्धक गौ आश्रय स्थल फीना आदि उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया वार्षिक उत्सव



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हल्दौर ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय शादीपुर कला में वार्षिकोत्सव का आयोजन प्रधानाध्यापिका कौशल की अध्यक्षता में किया गया। वार्षिक उत्सव का आरंभ सरस्वती माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों द्वारा मनमो. हक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनकी सभी अतिथियों ने सराहना की। वार्षिकोत्सव में कक्षा पांच के उत्तीर्ण विद्यार्थी एवं प्रत्येक कक्षा के प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह तथा पुरस्कार प्रदान कर भव्य विदाई दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान कविता देवी, एसएमसी अध्यक्ष बलजीत सिंह, विरेश कुमार, सहायक अध्यापिका रुचि काकरान, प्रांशी रानी एवं संजीव कुमार तथा सम्मानित अभिभावक गण मौजूद रहे। वार्षिकोत्सव को भव्य बनाने में समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## एक नजर

### मेधावी छात्राएं पुरस्कृत



**धामपुर।** कन्या इंटर विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी द्वारा कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 11 में दिव्या, इकरा, सुहानी, पारुल, शालू एवं शुमायला ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 9 में नेनसी, सोनिया, उन्नति, रंजना एवं कनक रानी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंक प्राप्त किए। कक्षा 8 में चांदनी, कक्षा 7 में रिदा प्रवीन, तथा कक्षा 6 में तुबा मेराज ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सराहना प्राप्त की। प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा देवी ने सभी छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम और अनुशासन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने छात्राओं को आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कक्षा अध्यापिकाएँ नीरज, पुष्पा एवं रुचिका भी उपस्थित रहीं और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

### आरबीएस का वार्षिक परीक्षाफल घोषित



**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज आज सत्र 2025-26 का गृह परीक्षा का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। बालिकाएं स्कूल में अव्वल रही। कक्षा छह में यशिता, नायला, शिदरा, कक्षा सात में मानवी, पूर्णिमा, मानवी कुमारी, कक्षा आठ में सृष्टि शर्मा, माही राजपूत, गीता, कक्षा नौ में माईरा, कहकशा, यथार्थ शुक्ला, कक्षा 11 कला वर्ग में अंशिका, दिव्या, अलफिशा, विज्ञान वर्ग में अरमान, वैभव राजपूत, शगुन व्यवसायिक वर्ग में सैंकी, मौहम्मद साहिल, राजवीर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने मेधावियों को सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौकेक पर परीक्षा प्रभारी सत्यप्रकाश आर्य, संजय कुमार, अश्वनी कुमार, भीमसेन हल्दिया, तनु सैनी, शगुन शर्मा, अर्चना शर्मा, तनु, संजय गोयल, आदि मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई



**स्योहारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत एलएचवी उमा देवी के सेवानिवृत्त होने पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा सम्मान समारोह एवं विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्टाफ ने उनके लंबे सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने बताया कि उमा देवी ने करीब 20 वर्ष से अधिक समय तक स्वास्थ्य विभाग में ईमानदारी कर्त्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ सेवाएं दीं। उन्होंने राष्ट्रीय टीकाकरण सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई तथा अपने सरल एवं मिलनसार स्वभाव से सभी का स्नेह प्राप्त किया। बताया गया कि उन्होंने वर्ष 1999 में संविदा सेवा से कार्य प्रारंभ किया और वर्ष 2006 में स्थायी सेवा में आने के बाद बिशनपुरा उपकेंद्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में सेवाएं दीं। हाल ही में पदोन्नति पाकर एलएचवी बनी थीं। इस अवसर पर डा. बीके स्नेही सहित समस्त स्टाफ ने उन्हें शॉल, स्मृति चिन्ह व धार्मिक ग्रंथ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके सुखद एवं स्वस्थ जीवन की कामना की कार्यक्रम में एएनएम संघ पदाधिकारी स्वास्थ्य सुपरवाइजर एआरओ बीपीएम एएनएम एवं सीएचसी स्टाफ उपस्थित रहा। विदाई कार्यक्रम के उपरांत उमा देवी द्वारा नूरपुर स्थित राधा-कृष्ण मंडप में सभी कर्मचारियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

### स्कूल का वार्षिकोत्सव मनाया



**बुढ़नपुर।** एनएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सदाफल का चौथा वार्षिकोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। स्कूल के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया, चेयरमैन पवन सिंह, मैनेजर निखिल कुमार व प्रिंसिपल रुचि सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने स्कूल की प्रिंसिपल रुचि सिंह को एक बेहतरीन प्रशासक बताया और गांव में सीबीएसई स्कूल स्थापित करने के लिए स्कूल संचालक की प्रशंसा की। पूर्व मंत्री अशोक कटारिया व स्कूल परिवार की ओर ने स्कूल के शीर्ष तीन टॉपर्स, प्रथम स्थान पर रहे शाश्वत कुमार (99.08 प्रतिशत), द्वितीय स्थान पर रहीं तहरीम (98.75 प्रतिशत) एवं तृतीय स्थान पर रहे अक्षत कुमार (98.5 प्रतिशत) को सम्मानित किया। उन्हें प्रबंधन समिति द्वारा निर्धारित नकद पुरस्कारों के साथ-साथ रिपोर्ट कार्ड, शील्ड और मेडल भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ सहयोग रहा।


### चोरों ने मस्जिद का दान पात्र चुराया

**नांगल सोती।** क्षेत्र के गांव सुगंरपुर बेहड़ा में मस्जिद/ मदरसा संयुक्त रूप से बने है। मस्जिद के मौलवी फ्राहिम ने आज सुबह पुलिस को सूचना दी कि बीती रात्रि चोरों ने मस्जिद का दान पात्र चोरी कर लिया है, जिसमें अच्छी खासी रकम होने की संभावना है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तलाश के दौरान खाली दान पात्र गेहूं के खेत में पड़ा हुआ मिला, जिसका ताला टूटा हुआ था। मौलवी के अनुसार दान पात्र में ईद की दान की गई रकम थी। मस्जिद के प्रबंधक आरिफ ने चोरी की तहरीर पुलिस को सोंपी है।

### पब्लिक मांटेसरी स्कूल के मेधावी सम्मानित

**नजीबाबाद।** नगर के अजमल खां मार्ग स्थित पब्लिक मांटेसरी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन व आकाशवाणी के अधिकारी शोभित शर्मा ने अभिभावकों को बच्चों के नैतिक व सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। कक्षा नर्सरी से यूकेजी तक अराजिया खा, फातिमा जेहरा, आर्यन, हादिया अनवर, इनायत वारसी तथा कक्षा एक से कक्षा पांच तक तसमिया, आतिफ अली, सफिया, सदफ परवीन, सारा आशा, कुलसूम, आयशा, मरियम, हरम अंसारी ने अपनी अपनी कक्षाओं में स्थान प्राप्त किया।

# चांदपुर में नहीं हो पा रही सिलेंडर की होम डिलीवरी



## ईकेवाईसी के नाम पर परेशान करने का आरोप

नगर में यह भी चर्चा है कि एजेंसी स्वामी अथवा संचालक गैस उपभोक्ताओं को ईकेवाईसी के नाम पर भी परेशान कर रहे है। बिना केवाईसी के सिलेंडर डिलीवरी नहीं हो पा रही है। नगर की बड़ी दो गैस एजेंसी इंडियन गैस सर्विस कुरैशी गैस सर्विस उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा प्रदान करने में लगी हुई है वहीं नगर के गोकुल नगर स्थित अमन गैस एजेंसी पर एक बार पुण: उपभोक्ताओं को परेशान करने की चर्चा है। जिसकी डीएम से शिकायत करने की बात कही जा रही है। हालांकि हम किसी आरोप की पुष्टि नहीं कर रहे हैं, जांच का विषय है जांचोपरांत ही कुछ कहा जा सकता है।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** घरेलू कुकिंग गैस को लेकर जहां हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, एचपी गैस (कुरैशी गैस सर्विस) एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की (इंडेन गैस एजेंसी) उपभोक्ताओं को नियमानुसार गैस आपूर्ति कर रही है। वहीं नगर की एक अन्य गैस एजेंसी एक बार फिर से चर्चा में है कि इस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं के साथ अनावश्यक रूप से खिलवाड़ किया जा रहा है। चर्चा के अनुसार सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं पहुंच पा रही।

गैस सिलेंडर को लेकर उपभोक्ताओं में एक बार फिर रोष पनप रहा है। एक उपभोक्ता ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रिकॉर्ड में गैस सिलेंडर की डिलीवरी दर्ज कर दी गई। जबकि वास्तविक रूप से सिलेंडर उसके घर तक नहीं पहुंचा। जिसको लेकर उपभोक्ता पशोपेश में है। उपभोक्ता ने जब अपने रिकॉर्ड की जांच की, तो उसमें सिलेंडर डिलीवरी दर्शाई गई थी, लेकिन उसे सिलेंडर प्राप्त नहीं हुआ। मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है और जांच की मांग की जा रही है, ताकि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके।

उधर गैस एजेंसी के संचालकों द्वारा उपभोक्ताओं से अपील करते कहा गया है कि वे अपनी गैस सिस्टम के अनुसार बुक करें और विलंब होने पर तुरंत एजेंसी को सूचित करें, ताकि समय से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा सके। यदि उनके साथ भी इस प्रकार की कोई घटना हुई है, तो वे तुरंत संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को इसकी सूचना दें। जिससे समय रहते समस्या का समाधान कराते हुए उपभोक्ता को गैस उपलब्ध कराई जा सके।

कुरैशी गैस सर्विस के प्रबंधक/ निदेशक हाजी अफजल कुरैशी और इंडियन गैस एजेंसी संचालक सर्वेश कुमार अग्रवाल का कहना है कि चांदपुर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र मं गैस की कोई किल्लत नहीं है। पर्याप्त मात्रा में गैस आ रही है और वितरित की जा रही है।

# केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में पुरस्कार वितरण एवं भव्य दीक्षांत समारोह

## नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं यूकेजी कक्षा का दीक्षांत समारोह अत्यंत भव्यता, गरिमा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक कपिल अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलन कर किया गया, जो ज्ञान, उज्ज्वल भविष्य एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने वातावरण को आध्यात्मिकता एवं श्रद्धा से ओत-प्रोत कर दिया। इसके पश्चात विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके उपरांत पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शैक्षणिक सत्र के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर ट्राफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, परिश्रम एवं लगन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण यूकेजी कक्षा का दीक्षांत समारोह रहा, जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक जीवन के प्रथम चरण की सफल पूर्णता पर प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह सम्मान विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य द्वारा प्रदान किया गया। जिससे बच्चों एवं अभिभावकों में विशेष उत्साह एवं गर्व का माहौल देखने को मिला। इस मौके पर प्रबंधक कपिल अग्रवाल ने अपने संबोधन में सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। वहीं प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए उन्हें शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समुचित व्यवस्थाएं एक्टिविटी इंचार्ज मानसी अग्रवाल एवं मीनाक्षी शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। उनके समर्पण एवं प्रयासों से कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं यादगार बन सका।

समारोह के अंत में सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आदर्श नगर चौकी से बिजली घर तक सड़क बनी

## विनियमित क्षेत्र में अतिक्रमण से मुक्ति मिलेगी, कनेक्टिविटी सुधरेगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर चौकी से बिजली घर तक मुख्य संपर्क मार्ग का निर्माण पूरा हो गया है। स्थानीय विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत यह सड़क भारतीय जनता पार्टी के नेता चौधरी ईशम सिंह, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, अरविंद विश्वकर्मा, ग्राम प्रधान धूम सिंह, पत्रकार अवधेश शर्मा, राजपाल सिंह और क्षेत्रवासियों के प्रयासों से बनी है।

चौधरी ईशम सिंह ने बताया कि इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र की कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इसके साथ ही, स्थानीय निवासियों को लंबे समय से जलभराव और जर्जर रास्तों के कारण हो रही समस्याओं से भी निजात मिलेगी। अधिकारियों के अनुसार, विनियमित क्षेत्र के भीतर आने वाली अन्य आंतरिक सड़कों का भी सर्वे किया जा रहा है। सरकार की प्राथमिकता अनियोजित विकास को रोककर व्यवस्थित बुनियादी ढांचा तैयार करना है, ताकि शहर का भविष्य में सही दिशा में विस्तार हो सके।

इस अवसर पर चौधरी ईशम सिंह ने स्पष्ट किया कि सड़क पर किसी भी व्यक्ति को अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ऐसा हुआ, तो उच्च अधिकारियों से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखना सभी की जिम्मेदारी है। सभी ने उप जिलाधिकारी सहित समस्त जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# विकसित भारत-2047 विषय पर दो दिवसीय सेमिनार का समापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 'विकसित भारत 2047 आयाम, अवसर, चुनौतियां, भावी नीति- निर्णय' विषय पर कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एंड इंर्फोमेशन टैक्नोलॉजी के वाणिज्य विभाग द्वारा दो दिवसीय सेमिनार का समापन दूसरे दिन टैक्नीकल सैषन द्वारा किया गया। इसमे विभिन्न प्राध्यापकों, शोधाकर्ताओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। जिसमें वर्धमान कॉलेज के वाणिज्य विभाग के डा. राजीव अग्रवाल व हिंदी विभाग की डा. अंजु बसल मुख्य वक्ता रहे।

डा. राजीव अग्रवाल ने विकसित भारत का निर्माण करने के लिए पांच मुख्य विचारों स्वास्थय, कृषि, विज्ञान प्रशासन एवं वैश्विक प्रतिस्पधार्ा की आवश्यकता पर बल दिया। डा. अजु बंसल ने विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए युवा छात्रशक्ति का आह्वान किया। उन्होने सेमिनार मे मौजूद छात्रों को विकसित भारत बनाने का उत्तरदायित्व सौंपा।

कार्यकम का संचालन डा. दीपशिखा अग्रवाल व प्रियंका राजन अग्रवाल ने किया।

कार्यक्रम के अंत में सेमिनार संयोजक वाणिज्य विभाग के विभाग अध्यक्ष सूरज शर्मा ने सभी वक्ताओं को आभार व्यक्त करते हुए सेमिनार की सफलता के लिए सभी प्राध्यापकों व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। दो दिवसीय सेमिनार के सफल आयोजन में सूरज शर्मा, मंदीप चिकारा, मेहरचंद, नीरज अपरवाल, नूतन मलिक, रोहित राजपूत, सौरभ चौधारी, कांता मलिक, दिशांत आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरुकता रैली निकाली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय की रासेयो का एक दिवसीय शिविर ग्राम मुस्तफाबाद तथा ग्राम सरकथल में कार्यक्रम अधिकारी दलीप कुमार तथा पीयूष वर्मा के नेतृत्व में लगाया गया।

## किसी भी अंजान व्यक्ति से ओटीपी शेयर न करें

स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम के संयोजक विवेक कुमार तथा डा. शिवाली राजपूत के नेतृत्व में साइबर क्राइम से बचने के लिए जागरुकता रैली निकाली। स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ओटीपी शेयर नहीं करें। अपना बैंकिंग पासवर्ड अपने पास सुरक्षित रखें तथा समय-समय पर पासवर्ड परिवर्तन करें। जागरूकता पूर्वक खाता संच. ालन करने से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। उनका कहना था कि खाता संचालन में त्रुटि होने पर तुरंत बैंक से संपर्क करें। शिविर का शुभारंभ उठें समाज के लिए उठें उठें लक्ष्य गीत के साथ किया गया। कॉलेज के निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्राी ने स्वयंसेवियों से सामाजिक कार्यो में रुचि लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व विकास के लिए समाजस. ेवा करें। कॉलेज प्राचार्य डा.अशोक कुमार ने भी विद्यार्थियों को रासेयो के इतिहास से परिचित कराया। शिविर का समापन 'हम होंगे कामयाब एक दिन' गीत के साथ किया गया।

इस मौके पर कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डा.आरपी सिंह, राकेश कुमार, डा. वरुण कुमार, रुक्मिणी देवी, छाया राजपूत, नीशु देवल, शनि चौहान, ललित शर्मा, सोनू कुमार, डा. ओमपाल त्यागी, प्रशांत चौधरी, गौरव कुमार, प्रदीप राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# चांगीपुर शुगर मिल तीन अप्रैल के बाद नहीं लेगी गन्ना: इंद्रवीर सिंह

**चांदपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर ने क्षेत्र के समस्त गन्ना कृषकों को अवगत कराते हुए कहा है कि जिन किसान भाईयों के पास शुगर मिल आपूर्ति योग्य गन्ना शेष है, वह किसान भाई तीन अप्रैल 2026 तक मिल लेकर पहुंचे, इसके बाद मिल जिम्मेदार नहीं होगी और मिल का पेराई सत्र 2025/26 भी पूर्णत: समाप्त कर मिल बंद कर दी जाएगी। यह जानकारी बिंदल पेपर्स मिल लिमिटेड, यूनिट-शुगर एंड डिस्टलरी चांगीपुर नूरपुर से मिल अधिकृत इंद्रवीर सिंह (गन्ना विभाग अधिकारी) द्वारा दी गई है।

# खराब जेसीबी पर किसानों का धरना

## चौथे दिन भी रहा प्रदर्शन जारी, नई मशीन बदलने की मांग पर अड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** एक नई जेसीबी मशीन में खराबी को लेकर किसानों का गुस्सा भड़क गया है। मशीन बदलने की मांग पर किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी है। यह मामला एस.एन. टिम्बर के प्रोपराइटर शेषपाल द्वारा खरीदी गई जेसीबी से जुड़ा है, जिसमें खरीद के तुरंत बाद ही तकनीकी खामी सामने आ गई थी।

जानकारी के अनुसार शेषपाल ने 24 मार्च को इनवॉइस संख्या बीएचडीजे-2025-01254 के तहत नजीबाबाद की एक दुकान से यह जेसीबी मशीन खरीदी थी। कार्यस्थल पर भेजने से पहले ही मशीन में गंभीर ऑयल लीकेज की समस्या सामने आ गई। शिकायत के बाद कंपनी ने तकनीशियन भेजा, जिसने मशीन को ठीक करने का प्रयास किया। हालांकि, कुछ ही समय बाद वही खराबी फिर से आ गई। इससे यह मामला सामान्य तकनीकी समस्या के बजाय सीधे तौर पर विनिर्माण दोष का प्रतीत हो रहा है, जिससे खरीदार को आर्थिक नुकसान और काम में बाधा आ रही है।

धरना स्थल पर मौजूद यूनियन पदाधिकारियों ने इसे केवल एक व्यक्ति का मामला नहीं, बल्कि किसान, मजदूर और छोटे कारोबारियों के साथ हो रहे अन्याय का प्रतीक बताया। बिजनौर के जिला अध्यक्ष विपिन तोमर ने कहा, कंपनियां बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन नई मशीन में ही दोष निकलना उनकी गुणवत्ता पर बड़ा सवाल है। जब तक पीड़ित को न्याय नहीं मिलेगा, संघर्ष जारी रहेगा।

यूनियन ने कंपनी और सब-डीलर को अंतिम चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही दोषपूर्ण मशीन को बदलकर नई और दोषमुक्त जेसीबी उपलब्ध नहीं कराई गई, तो आंदोलन को जिला स्तर से प्रदेश स्तर तक बढ़ाया जाएगा। अनिश्चितकालीन धरना और भी व्यापक रूप ले सकता है।

धरना स्थल पर दिन-रात चल रहे इस आंदोलन में बड़ी संख्या में किसान, मजदूर और स्थानीय लोग शामिल हो रहे हैं, जिससे प्रशासन और कंपनी पर दबाव लगातार बढ़ रहा है।

संघर्ष मोर्चा का स्पष्ट संदेश है कि दोषपूर्ण मशीन स्वीकार नहीं की जाएगी और किसान व ग्राहक के अधिकारों से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# केन्द्रीय बजट में एम्स की सम्भल में की जाए स्थापना

○आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** केंद्रीय बजट 2026 में पश्चिम उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना किए जाने की मांग प्रधानमंत्री से की गई।

आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के नाम भेजे गए ज्ञापन में कहा कि पश्चिम उत्तर प्रदेश का जनपद संभल एक अत्यंत घनी आबादी वाला एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित जनपद है। यहां की जनता को गंभीर बीमारियों के उपचार हेतु दिल्ली, लखनऊ, मेरठ अथवा अन्य दूरस्थ महानगरों पर निर्भर रहना पड़ता है, जिससे समय, धन और जीवन/तीनों का गंभीर नुकसान होता है। जबकि सम्भल की भौगोलिक स्थिति पश्चिम उत्तर प्रदेश के मध्य में होने के कारण यह क्षेत्र मुरादाबाद मंडल एवं आसपास के कई जनपदों मुरादाबाद, बदायूं, रामपुर, अमरोहा, बिजनौर आदि की बड़ी आबादी को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है। इसके बावजूद यहां एम्स स्तर की कोई भी उच्च चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। ज्ञापन में यह भी उल्लेखनीय बताया गया कि जनपद सम्भल की जनसंख्या अत्यधिक है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की संख्या अधिक है। मातृ-शिशु मृत्यु दर एवं गंभीर रोगों के मामले चिंताजनक हैं। सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का पूर्ण अभाव है। जबकि केंद्रीय बजट 2026 में पश्चिम उत्तर प्रदेश को एक नया एम्स दिए जाने का निर्णय लिया जाता है, तो उसकी स्थापना जनपद संभल में किया जाना अत्यंत आवश्यक एवं जनहित में होगा। सरकार द्वारा यदि सम्भल क्षेत्र में भूमि आवंटन सुनिश्चित कर दी जाती है, तो यह परियोजना शीघ्र प्रारंभ की जा सकती है।ज्ञापन में केंद्रीय बजट 2026 में पश्चिम उत्तर प्रदेश को एक नया एम्स स्वीकृत करने की मांग की गई। साथ ही



सम्भल। सम्भल में एम्स स्थापना की मांग को ज्ञापन देते आजाद अधिकार सेना के कार्यकर्ता।

# मटरे के बेसन से बनती मिठाईयां

**हानिकारक**

**खाद्यय विभाग की चुप्पी समझ से परे**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मिलावटी खाद्यय पदार्थो पर छापामार कार्यवाही किए जाने के बाद भी इस धंधे से जुड़े लोगों पर असर नही होता। मिष्ठान की दुकानों पर स्वास्थ्य के लिस अत्यंत हानिकारक सामग्री का प्रयोग कर मिष्ठान बनाया जाता है,लेकिन खाद्यय विभाग की टीम को याद नही आती।

पूर्व में मिष्ठान दुकानों पर की गई सैम्पलिंग कार्यवाही और जांच में कई ऐंसी सामग्री का प्रयोग करने का मामला सामने आया जो स्वास्थ्य और मानव जीवन के लिए अत्यंत ही हानिकारक होता है,लेकिन इसके बावजूद मिष्ठान दुकानों पर मानव जीवन से खिलवाड़ को रोकने में स्वास्थ्य विभाग और खाद्वय निरीक्षण विभाग पूरी तरह से विफल रहा है। त्यौहार पर मौसम की तरह निकलती विभाग की टीम छापा मार कार्यवाही कर एक दो प्रतिष्ठानों से नमूने एकत्र कर ले जाती है,लेकिन उसके बाद क्या हुआ फिर कुछ सामने नही आता। जबकि कई मिष्ठान की दुकानों पर सेफट्रान की गोली एवं यूरिया खाद्य व कुछ केमिकलों का प्रयोग कर मिठाई बनाने का मामला प्रकाश में आया। इतना ही नही लड्डू में चने के बेसन के स्थान पर मटरे का बेसन प्रयोग किया करते पकड़ा गया। खुले में मिठाईयां रखने से मक्खियां भिंभिनाती रहती है। जो स्वास्थ्य के लिए घातक है। मिलावट खोरों के घातक काम और खाद्यय विभाग की लापरवाही से मिठाईयों का सेवन करने से कई लोग बीमारी की चपेट में भी आ चुके है, मगर टीम की चुप्पी समझ से परे है। मिलावट खोरी के कई मामले सामने आने और लोगों की हालत भी बिगड़ चुकी है,लेकिन खाद्यय सुरक्षा विभाग की ओर से कोई अभियान मिलावट खोरों के खिलाफ नहीं चल रहा है।

# यूनिटी चिल्ड्रेन एकेडमी में बतुल जेहरा ने किया टॉप

शाह टाइम्स संवाददाता

**सिरसी।** यूनिटी चिल्ड्रेन एकेडमी में वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा के साथ ही प्रथम पुरस्कार पाने वाले विधाार्थियों को मुख्य अतिथि थाना प्रभारी हजरत हजरत नगर गढ़ी सुधीर पवार ,दीपक कौशल पूर्व प्रबंधक एस.बी. आई , समाज सेवी चौधरी हसन आरिफ , शिया कालेज के पूर्व प्रबंधक डा. इरफान रजा, एस.बी.आई के प्रबंधक संदीप जैन , एस एस आई देवांशु मालिक ,बहमन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य शोभित रस्तोगी और सामिन सिरसिवी ने ट्राफी और मेडल के पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इनके अलावा नर्सरी ए में शोएब असगर नर्सरी बी में इसरार हुसैन ,एल .के जी. में फरहान यू . के . जी में रहनुमा और मोनिका सेकंड क्लास से आलिया नूर ,थर्ड थर्ड क्लास से आलिया क्लास फॉर से कविता क्लास फाइव से मरियम जेहरा क्लास सिक्स से आयत जेहरा, सेवन से कुमारी सुमन और क्लास 8 के मोहम्मद साहिल के साथ साथ प्रत्येक कक्षा में सेकंड और थर्ड स्थान पाने वालो को सम्मानित किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी नै फर्स्ट क्लास पाने वाले बच्चो को 500 रुपये प्रति छात्र और दीपक कौशल 100 रुपये प्रति छात्र पुरस्कार दिया। कार्येक्रम कन्या जूनियर स्कूल की छात्र अब्बास सय्यदा जिसने पिछले सप्ताह इसरो का भ्रर्मण किया को ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समरीन फातिमा , रुबा , इरम , मुस्कान ,नाहिद , अर्शी , बिन्ते फातिमा ,मरियम , फारेहां , शाबिस्ता , महक ,कुमैल अब्बास ,मोहम्मद मुहीद अदीब असगर और डा. जौहर अब्बास उपस्थित रहे। ,अध्यक्षता अली अब्बास नवाब ने और संचालन संस्थापक शबीह अब्बास नकवी ने किया।



सम्भल-यूनिटी चिल्ड्रेन एकेडमी के वार्षिक परीक्षाफल के सम्मानित मेधावी।

# बैंक्वेट हॉल में उड़ रही मानकों की धज्जियां

○उच्च न्यायालय के आदेशों का नहीं हो रहा पालन
○नियमों के विपरीत नक्शा पास कराकर हो रहे संचालित
○मानकों की अंदेखी को विनियमित क्षेत्र भी जिम्मेदार
○हादसों के बाद ही दिया जाता है ध्यान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उच्च न्यायालय के निर्देशों का अनुपालन धर्म स्थलों से लाउडस्पीकर उतरवाकर और समय की पाबंदी तय कर पालन कराया जा रहा है,लेकिन रसूखदारों के बैंक्वेट हॉल में आज भी शासन और उच्च न्यायालय के निर्देशों के पालन में भेदभाव बरता जा रहा है।

आबादी के बीच बैंक्वेट हॉल बनवा दिये गए। नियमों के विपरीत उनका नक्शा भी पास कर दिया गया। अब इन बैंक्वेट हॉल में देर रात्रि तक डी जे बजाकर नियमों की खुलकर धज्जियां उड़ायी जा रही है। नगर में एक नहीं,बल्कि कई बैंक्वेट हॉल चल रहे हैं जिनमें उच्च न्यायालय ओर शासन के आदेशों का कतई पालन नहीं किया जा रहा है, जबकि निमयों का पालन करना टेंढ़ी खीर है। कोरोना काल में बैंक्वेट हॉल संचालकों को कुछ दिनों की राहत मिल गई हो, लेकिन मानकों को पूरा करना टेंढ़ी खीर है। शहर में आबादी के बीच व पेट्रोल पम्प के निकट मैरिज होम बनाए गए है,मगर कोई हादसा हुआ तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। बसपा नेता, चिकित्सक, व्यपारियो ने आबादी में शादी के लिए बैंक्वेट हॉल बना रखे है। इनमे पार्किंग की व्यवस्था नहीं करने से जाम के हालात भी बने रहते है। रसूखदारो के इन बैंक्वेट हॉल में जमकर धज्जियां उड़ रही हैं,लेकिन उनके सामने पुलिस व प्रशासन बौना बना हुआ। मानकों की अंदेखी के लिए नगर का विनियमित क्षेत्र भी कम ज़िम्मेदार नही हैं। नक्शा पास करने के बाद मानकों के पालन की कोई जांच विभाग की ओर से नहीं की जाती है।

## यह हैं मेरिज हॉल के असली मानक

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** शहर और उसके आसपास शादी घरों को बनाया जा रहा है,लेकिन उनमें मानकों की अंदेखी किसी से ढकी छिपी नहीं हैं। जबकि मानकों का पालन के लिए बनाए गए नियमों का पालन होना ज़रूरी है।

- बैंक्वेट हॉल के भूखंड का न्यूनतम क्षेत्रफल, 1500 वर्ग मीटर होना चाहिये,जबकि
- भूखंड का फ्रंटेज, न्यूनतम 24 मीटर
- भवन की ऊंचाई, तीस मीटर से कम चौड़े मार्ग पर स्थित भवनों की अधिकतम ऊंचाई सड़क की विद्यमान चौड़ाई और फ्रंट सेट बैक के योग के डेढ़ गुना से अधिक नहीं होनी चाहिये।
- सेट बैक: दो हजार वर्ग मीटर तक के भूखंड का अग्र सेटबैक 12 मीटर और पीछे का साढ़े चार मीटर। दो हजार से अधिक होने पर अग्र सेटबैक 12 मीटर और पीछे का पांच मीटर होना चाहिए।
- प्रत्येक 100 वर्ग मीटर तल क्षेत्रफल पर दो समान कार स्थल की व्यवस्था करनी होगी। आसान नहीं है मानकों को पूरा कर पाना

# पचास का तेल लेने वाले अब टंकी फुल कराने को मजबूर

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** ईंधन कीमतों का असर आम लोगों की जेब पर साफ दिखाई दे रहा है। पहले जहां लोग अपनी जरूरत के हिसाब से 50 रुपये का पेट्रोल भरवाते थे, वहीं अब उन्हें मजबूरी में 500 रुपये तक का ईंधन भरवाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और पेट्रोल-डीजल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण उनका बजट प्रभावित हो रहा है। कई लोग अपनी दैनिक यात्रा के खर्च को पूरा करने के लिए अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेल रहे हैं। वहीं, पेट्रोल पंप संचालकों के अनुसार, ग्राहकों की मांग में बदलाव देखा जा रहा है और अधिकतर लोग अब छोटी मात्रा की बजाय एक बार में अधिक ईंधन भरवाना पसंद कर रहे हैं, ताकि बार-बार पंप पर जाने की आवश्यकता न पड़े। विशेषज्ञों का मानना है कि ईंधन की कीमतों में स्थिरता आने तक आम जनता को राहत मिलना मुश्किल है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर असर बना रह सकता है। वैसे तेल की कीमतों को कम किया है।

## किसान की बेटी का वर्क अधिकारी के पद पर चयन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** गांव मोहम्मदपुर भण्डा के किसान साहब सिंह खारी की बिटिया दीप शिखा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज से परीक्षा उत्तीर्ण कर वर्क अधिकारी के पद पर चयन होने से पूरे परिवार में तथा गांव में खुशी का माहौल है। सोमवार को पूरे गांव में हर घर में खुशी का माहौल है सब एक दूसरे को वीडियो कॉल कर शुभकामनाएं दे रहे हैं। इस बिटिया का चयन सबसे पहले जवाहर नवोदय विद्यालय में सर्वप्रथम गांव में हुआ था उसके बाद यह लगातार अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने में जुटी रही।

## एक नज़र इधर भी



### मिशन शक्ति रायसत्ती टीम ने चौपाल लगाकर दी जानकारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेज- 05 दूसरे चरण विशेष अभियान के अंतर्गत मिशन शक्ति टीम थाना रायसत्ती ने मोहल्ला नई सराय में चौपाल लगाकर, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा और समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक कर अवगत कराकर और उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है के वारे में जागरुक किया गया। मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी उ.नि. मुकेश कुमार मय टीम म.उ.नि. कुसुम लता शर्मा म.हे.का. मोनिका हे.का. सुखविंदर सिंह का.अमित कुमार का. सावन का. प्रशांत कुमार



### भिरावटी में 21 कुंडीय सांस्कृतिक महायज्ञ का आयोजन

**गवाॅ ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** ब्लाक रजपुरा क्षेत्र के भिरावटी में राजकीय इंटर कॉलेज के बड़े बाजार मैदान में शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के सम्मान में एक दिवसीय श्रृद्वांजलि सभा का आयोजन होगा इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा इसमें शहीद को श्रृद्वांजलि के उपलक्ष में एक दिवसीय 21 कुंडीय महायज्ञ आयोजित हुआ। इसमें दिल्ली हरिद्वार अलीगढ़ व बुलंदशहर यजमान शामिल होंगे महायज्ञ में आहुतियां देकर परिवार में सुख समृद्वि की कामना की। आचार्यो द्वारा उपस्थित सैकड़ों लोगों को प्रवचन दिए। उसके बाद देश धर्म संस्कृति पर शहीद होने वाले शहीदों को याद किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर बच्चों ने प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। इस दौरान डा.कुवंरपाल सिंह आर्य, छोटेलाल आर्य, संजीव आचार्य, दयाशंकर, राधे यशपाल शास्त्री मैं यह जानकारी दी है।

### विभिन्न योजनाओं की दी जानकारी

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कैला देवी थाना क्षेत्र के खास कैला देवी मंदिर पर मिशन शक्ति टीम प्रभारी आंचल सिद्धू ने अपनी टीम के साथ महिलाओं तथा बालिकाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया। मिशन शक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक आंचल सिद्धू ने सोमवार को कैला देवी मंदिर परिसर पहुंचकर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं तथा बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा तथा समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए जागरूक किया। शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध तथा बाल श्रम अपराध और लैंगिक समानता के बारे में जागरुक करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। किसी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करने हेतु महिलाओं तथा बालिकाओं को प्रेरित किया और विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

### मिशन शक्ति के रूप में मना चतुर्थ शिविर

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** एमजीएम कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का चतुर्थ एक दिवसीय शिविर जल जीवन मिशन के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर योगेंद्र सिंह ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना का मुख्य उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को शुद्व पेयजल उपलब्ध कराना है। कार्यक्रम अधिकारी डा. नेमपाल सिंह ने मध्य गंगा नहर एवं प्राकृतिक पर्यावरण पर अपने विचार प्रकट किये। डा. पूजा गुप्ता ने वर्षा जल संग्रह पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर स्वयं सेविका सानिया महक अदीबा आरिबा शेहला परवीन अलीमा मुस्कान तथा स्वयंसेवक मोहम्मद आतिफ मोहम्मद आमान शिवा सादान नूर ने भी जल जीवन मिशन पर अपने विचार प्रकट किये।

### प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन ने सीएमओ को दी विदाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**गाजियाबाद।** प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन/ विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा ने जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अखिलेश मोहन को सेवानिवृत्ति होने पर विदाई दी। संस्था की ओर से डॉक्टर अखिलेश मोहन को अंग वस्त्र फूलों की माला पुष्प कुछ तलवार भेंट कर उनके कार्य को सराहना करते हुए ब्रह्मऋषि विभूति बी के शर्मा हनुमान ने कहा कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी आज जीवन के एक नए पड़ाव में प्रवेश कर रहे हैं। वे भले ही पद से सेवानिवृत्त हो रहे हैं, मगर उनका अनुभव, मेहनत, ईमानदारी हम सबका सदैव मार्गदर्शन करती रहेगी और हमें सेवा भाव के लिए प्रेरित करती रहेगी।

# दिनभर कराया इंतेजार फिटनेस प्रमाण पत्र बनाने से किया इंकार

○आठ दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का चक्कर लगा रहा युवक, अभद्रता का आरोप

शाह टाइम्स,संवाददाता

**गवाॅं।** फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने को युवक आठ दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चक्कर लगा रहा है। दिन भर बैठाकर इंतेजार कराकर उसे मना कर दिया गया।

ब्लॉक रजपुरा क्षेत्र के खजुरा इनायतगंज के मझरा सलेमपुर निवासी धनपाल पुत्र रणवीर ने बताया कि फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने के लिए रजपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पिछले आठ दिन से लगातार चक्कर लगा रहे हैं तैनात चिकित्सक ने पूरे दिन इंतजार में बैठाकर रखा शाम होने पर अचानक से मना कर दिया आरोप है कि इस संबंध में पूछताछ की चिकित्सक ने अभद्र भाषा का उपयोग किया कहा कि रोज रोज इन काम के लिए नहीं बैठे हैं काम प्रक्रिया में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने सीएम पोर्टल पर शिकायत कर दी शिकायती पत्र में बताया जाता इस प्रकार के कागजों को बनाने के लिए रूपयों की मांग की जाती है बिना शुल्क दिए फिटनेस जैसे अन्य प्रमाण पत्र बनाने से मना कर देते हैं।

# जमकर सरपट दौड़ रहे गैस किट लगे वाहन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** गैस किट लगे वाहन मासूम बच्चों के लिए खतरा-ए-जान बनने की संभावना बनी हुई है,लेकिन प्रशासन की इन वाहनों के खिलाफ नज़र तनिक भी टेंढ़ी नही है। भीषण गर्मी के प्रकोप चलते अग्निकांड की घटनाएं आम होती जा रही हैं। क्षेत्र में अब तक लाखों गेंहू और ईख की लाखों की फसल स्वाहा होने के मामले सामने आ चुके हैं, अब जबकि गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता ही जा रहा है तो अग्निकांड भी बढ़ने की पूरी सम्भावना है,लेकिन अग्निशमन विभाग ओर प्रशासन का आग लगने के मुख्य कारणों की ओर कोई ध्यान नही दे रहे हैं। विद्यालयों को ही लिया जाये तो सस्ते वाहनों का सहारा लेकर गैस किट से संचालित वाहनों द्वारा बच्चों को लाने ले जाने के लिए अनुबंध कर लिया जाता है, जो मासूमों के लिए खतरा-ए-जान बने सकते हैं।

# एमजीएम पीजी कॉलेज के छात्र नवनीत तिवारी का पीसीएस में हुआ चयन

○शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जताया हर्ष

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एमजीएम पी.जी. कलेज के भूगोल विभाग के शोध छात्र नवनीत तिवारी का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज द्वारा आयोजित पीसीएस परीक्षा 2024 में हुआ है। डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, फैजाबाद से भूगोल विषय में परास्नातक और यूजीसी नेट जेआरएफ उत्तीर्ण नवनीत तिवारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह के निर्देशन में उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद में परिवर्तनीय कषि भू-उपयोग प्रतिरूप विषय पर पीएचडी कर रहे हैं। मूल रूप से अयोध्या जनपद निवासी नवनीत का चयन पीसीएस परीक्षा में खण्ड विकास अधिकारी के पद पर हुआ है। चार बार पीसीएस की मुख्य परीक्षा देने के बाद प्रथम बार साक्षात्कार दिया था। इससे पूर्व दो बार सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा भी दे चुके हैं। उनकी इस सफलता पर प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह और समस्त शिक्षक ,शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य ने बताया कि एमजीएम पी.जी.कॉलेज के इतिहास में नवनीत तिवारी पहले ऐसे छात्र हैं। जिन्होंने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय गौरवान्वित हुआ है।




सम्भल-पीसीएस में चयनित एमजीएम कालेज के होनहार।

# कु. स्वाति का खंड विकास अधिकारी के पद पर चयन

○चयनित स्वाति जिला विकास अधिकारी राम आशीष की बेटी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला विकास अधिकारी राम आशीष की पुत्री स्वाति का चयन उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा/पीसीएस में हुआ। कु. स्वाति ने पीसीएस -2024 का खण्ड विकास अधिकारी के पद पर चयन हुआ है। लोकसेवा आयोग द्वारा पीसीएस 2024 का अंतिम परिणाम जारी किय। कु. स्वाति के खण्ड विकास अधिकारी के पद पर चयनित होने पर जिला विकास अधिकारी द्वारा बड़ा ही हर्ष व्यक्त किया। जनपद के सभी अधिकारियों तथा जनपद के लोगों द्वारा जिला विकास अधिकारी को बधाईयाँ दीं। जिला विकास अधिकारी जनपद मऊ के विकास खण्ड दोहरी घाट के ग्राम विशुनपुरा के रहने वाले हैं। उनके ग्रामवासियों द्वारा ग्राम की बिटिया के खण्ड विकास अधिकारी के पद पर चयन पर हर्ष व्यक्त कर उनके परिवार को बधाई दी जा रही हैं। कु. स्वाति द्वारा लखनऊ विश्विद्यालय से संबद्व नेशनल पीजी कालेज लखनऊ से स्नातक किया है।



सम्भल- बीडीओ के पद पर चयनित जिला विकासी अधिकारी की पुत्री।

## जो चाहे अस्पताल के रिकार्ड की फोटो कॉपी करा ले

# महत्वपूर्ण दस्तावेज असुरक्षित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रख-रखाव और व्यवस्था तथा ज़िला अस्पताल में कोई अंकुश नही होने से यहां के महत्वपूर्ण दस्तावेज़ असुरक्षित हैं। कई बार हाजिरी रजिस्टर समेत कई अन्य अभिलेख गायब होने के बाद भी रिकार्ड की सुरक्षा के कंदोबस्त नही किये गए हैं।

ज़िला संयुक्त चिकित्सालय में वह सबकुछ है जिसका ढंग से इस्तेमाल किया जाये तो हर चीज़ का रख-रखाव एवं व्यवस्था आसानी से की जा सकेगी,लेकिन बे लगामी और प्रशासनिक व्यवस्थायें क्षीण होने के कारण महत्वपूर्ण दस्तावेज़ समेत हर चीज़ असुरक्षित बनी हुई है। दस्तोवज़ों को ही लिया जाये तो मेडिकोलीगल के रजिस्टर हों या उपस्थिति पंजिका या फिर आपातकालीन इंट्री रजिस्टर का कोई रख-रखाव नही है। सर्वाधिक महत्वपूर्ण माने जाने वाले यह दस्तावेज़ किसी भी बाहरी व्यक्ति के हाथों में जब चाहें देखे जा सकते हैं। जबकि किसी भी समय मामला तय करों और इन दस्तावेज़ों की फोटो कॉपी आसानी से हासिल कर लो। ऐंसा नही कि इसकी जानकारी अस्पताल के अफसर को नही है,लेकिन बेलगामी और कोई अंकुश नही होने के कारण रोक-टोक नही की जाती। इसी का नतीजा रही कि पिछले दिनों अति महत्वपूर्ण उपस्थिति पंजिका ही अस्पताल से गायब कर दी गई थी। इतना सबकुछ होने के बाद भी दस्तावेजों की सुरक्षा के कोई व्यापक प्रबंध नही किये गए है।

**Information**

My name is Mommad Saleem and my daughter,s name is Subhana Saleem, Which is incorrect. and in the birth cerificate, my name is recorded as Mohd Salim and my daughter,s name as Subhana salim, which is correct in future, I and my daughter should be known/identified by tha name Mohd Salim and my daughter name Subhana Salim

MOHD SALIM S/O MOHD IBRAHEEM
R/O MOHALLA NAKHASA
DISTT SAMBHAL

# करूला इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, परिवार ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाना कटघर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।शिकायतकर्ता फैजुल जमाल निवासी नई बस्ती पचपेड़ा थाना कोतवाली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन जिकरा जमाल की शादी 7 फरवरी 2004 को अनस निवासी करूला गली नंबर 1 साबुन फैक्ट्री थाना कटघर क्षेत्र के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर लगातार उत्पीड़न किया जा रहा था।परिजनों के अनुसार, मृतका को अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाता था और कई बार उसके





साथ मारपीट भी की गई। जिकरा जमाल फोन पर अपने मायके वालों को इस संबंध में शिकायत करती रहती थी।बताया गया कि बीती 29 मार्च की रात करीब 10 बजे जिकरा ने अपने भाई को फोन कर ससुराल पक्ष द्वारा जान से मारने की धमकी दिए जाने की जानकारी दी थी। इसके कुछ घंटे बाद देर रात परिजनों को सूचना मिली कि उसकी मौत हो गई है।परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे, जहां जिकरा का शव घर के अंदर बिस्तर पर पड़ा मिला।परिजनों का आरोप है कि ससुराल वालों ने मिलकर उसकी हत्या की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मासूम बच्चे के साथ कुकर्म करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के एक गाँव में घर के बाहर खेलते समय एक मासूम बच्चे को उसी गाँव युवक वहला फुसला कर अपने साथ ले गया और उसके साथ गलत काम कुकर्म की बारदात को अंजाम दे दिया था,जिसके बाद परिजनों की तहरीर पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था, जिस पर कार्रवाई करते हुए,उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। मासूम पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि रविवार के दिन वह खेत पर काम करने गए थे। और दोपहर तीन बजे मेरा चार वर्षीय बेटा घर के सामने खेल रहा था। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला युवक सैफ अली पुत्र सौकीन अली उसे वहला फुसलाकर अपनी परचून की दुकान पर ले गया,और उसके साथ कुकर्म किया। जिसके बाद मेरा बेटा रोता हुआ घर पहुंचा तो उसने अपने साथ हुई घटना की जानकारी अपनी माता को दी, जिस पर उसकी पत्नी बेटे को लेकर शिकायत करने आरोपी के घर गई



तो उसने एव उसके भाई, पिता ने मेरी पत्नी को गंदी गाली-गलौज की और घटना की किसी को जानकारी देने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। एसएचओ मोहित चौधरी ने बताया कि इसमे तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें मुख्य आरोपी फैज अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## एक नजर

### गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज में निर्धन मेधावियों को बांटे गए चेक



**सुरजननगर।** गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज, सुरजननगर-जयनगर में सोमवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज प्रबंधन द्वारा निर्धन एवं जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता के रूप में चेक वितरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर भूपेंद्र सिंह ने स्वयं अपने हाथों से विद्यार्थियों को चेक सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए शिक्षा के साथ-साथ जीवन में अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आर्थिक अभाव किसी भी प्रतिभावान छात्र की शिक्षा में बाधा नहीं बनना चाहिए। चेक प्राप्त करने वाले मुख्य विद्यार्थियों में भावना, कर्णिका विश्नोई, वंशिका रानी, शुभम कुमार, नितिन कुमार और अमन कुमार आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर देवेंद्र प्रकाश और श्री राजीव चौधरी द्वारा किया गया। इस दौरान कॉलेज का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। आर्थिक सहायता पाकर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी देखी गई।

### नोचंदी का उर्स मुबारक हुआ संपन्न देश के लिए मांगी अमनों चैन की दुआ



**मूंढापाण्डे ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिरसखेड़ा में रोजे वाले मजार पर दादा मियां के मजार पर नौचंदी के मौके पर हर साल की इस साल भी एक दिवसीय उर्स का प्रोग्राम किया गया इस मौके पर दादा मियां के मजार पर देश और दुनिया के लिए अमन की दुआ की गई दूर दराज से आए अकीदतमंदों के लिए खाने व पीने का भी इंतजाम किया गया इस मौके पर क्षेत्र के सभी सम्मानित लोग मौजूद रहे दरगाह पर चादर पोसी भी की गई और हाथ उठाकर अमानों-चौन लिए दुआ की गई इस मौके पर कमेटी के सदस्य भी मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति पर उपहार देकर किया नम आंखों से विदा



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** स्टेशन रोड स्थित पीएम श्री विद्यालय (कंपोजिट) में सोमवार को आयोजित एक समारोह में विद्यालय की शिक्षिका नीरू रस्तोगी के सेवानिवृत होने पर उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया और उनके कार्यकाल की प्रशंसा की गई स पीएम श्री विद्यालय में आयोजित समारोह में नीरू रस्तोगी के सेवानिवृत होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई और उनके कार्यकाल की सभी लोगों ने तारीफ की इस अवसर पर उनके परिवार के सदस्यों के साथ इंचार्ज प्रधानाध्यापक उदयवीर सिंह, वरिष्ट शिक्षिका वंदना बिश्नोई, स्वाति शेखावत, पारुल जैन सोनी, राखी कविता रानी, वंदना शर्मा, दिवेश कुमार, सुमन कुमार आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर मौके पर हुई मौत, शादी की खुशियां मातम में बदलीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** थाना क्षेत्र के मुरादाबाद -रामपुर नेशनल हाइवे पर रविवार शाम के समय बाइक सवार दो युवकों का दूसरी अज्ञात बाइक ने पीछे से टक्कर मार दी,टक्कर लगने से दोंनो बाइक सवार युवक रोड पर जा गिरे,प्राप्त जानकारी अनुसार राशिद पुत्र हाजी अफसर निवासी गाँव भैंसिया थाना कटघर हैदराबाद में हेयर कटिंग का काम करता थे,वह अपनी छोटी बहन अरमाना की शादी में सामिल होने इसी सफ्ता अपने घर आए थे, जोकि रविवार को अपने दोस्त नसीम के साथ दलपतपुर मार्केट से कपड़े एव अन्य सामान खरीदने गए थे,परिजनों ने बताया कपड़े खरीदारी के बाद देर शाम लगभग 9 बजे अपने घर वापस लौटते समय मौलागढ़ गांव के पास बाइक में तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार किसी व्यक्ति ने पीछे से टक्कर मार दी,टक्कर लगने के बाद बाइक रोड पर जा गिरी बाइक गिरने के बाद राशिद का सिर डिवाइडर से जा टकराया डिवाइडर से सिर टकराने के बाद उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी,मौत की खबर सुनकर परि. जनों में चीख पुकार मच गई,और शादी वाले घर में खुशियों की जगह मातम छा गया,मृतक ने अपने परिवार में पत्नी कमरुल जहां,बेटा रय्यान 7 वर्ष ,अरकान 5 वर्ष हैं,मृतक राशिद की छोटी बहन की दो दिन बाद बरात आनी है,पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुरादाबाद भेज दिया है,और टक्कर मारने वाले अज्ञात बाइक सवार की सीसी टीवी कैमरे की मदद से तलाश शुरु कर दी है,जबकि मृतक राशिद के दोस्त नसीम का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, थाना प्रभारी मो. हित चौधरी ने बताया कि आगे पीछे रोड पर दोनों बाइक चल रही थी,पीछे चलने वाली बाइक से आगे चल रही बाइक में अचानक से हल्की सी टक्कर लग गई जिस बजह से आगे वाली बाइक अनियंत्रित होकर जा गिरी जिसके बाद एक व्यक्ति की मौत हो गई,परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर बालाजी दरबार में मंगलवार से होगा रामचरित मानस का शुभारंभ

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम में श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर मंगलवार को रात्रि 9 बजे से श्री रामचरित मानस अखण्ड पाठ प्रारम्भ किया जाएगा, जिसका गुरुवार को प्रात 9 बजे समापन होगा। सामूहिक रूप से सुन्दरकाण्ड, श्री रामस्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंग. बाण, शनि चालीसा, भजन, आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शनिसेवक सुरेंद्रनाथ बाबा शनिदेव जी का चोला अर्पित करेंगे, बाबा बजरंगबली का गुणगान किया जाएगा, विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बाबा के प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया गया है । कार्यक्रम में नगर के अलावा हीरापुर, मिश्रीपुर, मँझरा, गांवड़ी, मल्हीवाला, खेमपुर, मुरादाबाद, हरथला, शेरुआ, अगवानपुर, लदावली, छजूपुरा, छजलैट, सदरपुर, मतलबपुर, रमपुरा, मकसूदपुर, हिरनपुरा, गोवरधनपुर, स्योहारा, नूरपुर, नहटौर, रामपुर, रेनी, धामपुर, जैतरा, पुरैनी, नगीना, सलारपुर सेमली, करनपुर, सुल्तानपुर, मलकपुर, ठाकुरद्वारा, अमरोहा, धनौरा, केलबकरी, मंढईया मीरपुर आदि ग्रामीण क्षेत्रों से श्रद्धालु भाग लेंगे।

### तहसीलदार ने किया गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण

**कांठ( शाह टाइम्स )** तहसीलदार राजकुमार सिंह ने आज गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा निर्देश दिए। मंडी समिति स्थित गेहूं क्रय केंद्र पर पहुंचे तहसीलदार ने गेहूं की कीमत और तौल की व्यवस्था आदि के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की गेहूं खरीद के समय परेशानी नहीं होनी चाहिए और खरीदे गए गेहूं का भुगतान भी समय से हो। केंद्र प्रभारी ने उन्हें सुचारू रूप से गेहूं खरीद करने का भरोसा दिलाया।



# सेंट पॉल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिया प्रतिभा का परिचय

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** सेंट पॉल्स इंटरनैशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमे छात्र - छात्राओं ने रंगारंग, सांस्कृतिक एवं मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बताया गया कि 8 फरवरी को संपन्न हुए द इंटेलीजेंस चैंपियनशिप (आई क्यू टेस्ट) का परीक्षा - परिणाम भी घोषित किया गया। जिसमे प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए,द्वितीय पुरस्कार 11000 रुपए, तृतीय पुरस्कार 5100 रुपए, चतुर्थ पुरस्कार 2100 रुपए, पंचम पुरस्कार 1100 रुपए की धनराशि विजेता छात्र छात्राओं को दी गई। इसके अलावा 50 सांत्वना पुरस्कार देकर छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल चेयरमैन जितेंद्र विश्नोई,रितु विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने संबोधित करते हुए कहा




कि शिक्षा के बिना कुछ भी नहीं है, शत - शत नमन करता हूं उन शिक्षकों को जिनके कारण संसार में शिक्षा का प्रकाश फैला हुआ है। सेंट पॉल स्कूल कांठ क्षेत्र का एकमात्र ऐसा स्कूल है जो पूर्णतया डिजिटल स्कूल है। यह उत्तम शिक्षा प्रदान करता है एवं समय- समय पर छात्र - छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य एवं उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है।

बताया कि स्कूल में छात्र छात्राओं के लिए अलग - अलग कक्षाएं संचालित होती हैं। समारोह में मुख्य अतिथि आकाशपाल, नवीन चौधरी, राजन विश्नोई, एडवोकेट दीपक विश्नोई,डॉक्टर यूसुफ,सुधीर विश्नोई, मास्टर जुबैर अंसारी, मास्टर रिजवान अहमद, एडवोकेट सुहैल खान, जुल्फकार अहमद आदि ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। समारोह में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी, अध्यापक गण, पत्रकार, अभिभावकगण, चिकित्सक एवं कांठ क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संच. ालन अनुजा सहगल ने किया। स्कूल चौयरमैन जितेंद्र विश्नोई, रितु विश्नोई, मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई एवं प्रधानाचार्य ममता विश्नोई ने समारोह में आगमन पर सभी अतिथिगण, पत्रकार बंधुओ, अध्यापकगण, चिकित्सक, अभिभावकगण, छात्र छात्राओं एवं कांठ क्षेत्र से आए सभी गणमान्य लोगों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया।

# वाणिज्य कर अधिकारी बनने पर शुभकामनाओ का तांता

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** छजलैट ब्लॉक के ग्राम जेबडा निवासी वेद प्रकाश के छोटे पुत्र



राजन सिंह का चयन पीसीएस में होने पर उन्हें वाणिज्य कर अधिकारी की जिम्मेदारी मिली है ,राजन सिंह के मामा श्री सिद्धबली गुरुजी सेवा संस्थान के संस्थापक , गुरु अरविंद चौधरी ने बताया कि उनका भांजा बचपन से ही मेहनती और लग्नशील रहा है, और श्री सिद्धबली हनुमान जी का परम भक्त है नित्य श्री हनुमान चालीसा जी का पाठ करता है, आज हनुमान जी महाराज ने अपना आशीर्वाद प्रदान करके उसको मेहनत का फल दिया है। बताया कि अपने आराध्य हनुमान जी को मन में रखकर अगर हम कोई भी कार्य पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करते है तो सफलता देने की पूरी जिम्मेदारी हमारे सरल स्वभाव के भगवान हनुमान जी महाराज की हो जाती है। सभी बच्चों को पूरी निष्ठा और लगन से मेहनत करके अपने समाज माता पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करना चाहिए।

# महावीर जयंती पर महानगर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा, 'जियो और जीने दो' का दिया संदेश




**मुरादाबाद।** महानगर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव को लेकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन भगवान महाव. ीर जयंती महोत्सव समिति के तत्वाधान में संपन्न हुआ, जिसमें जैन समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।"जियो और जीने दो" के संदेश के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा का शुभारंभ दिगंबर जैन मंदिर, जीलाल स्ट्रीट से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस दौरान मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा और श्रद्धालुओं ने भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया।शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, सुसज्जित रथ और धार्मिक ध्वज विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। महिला, पुरुष और बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए और भजन-कीर्तन करते हुए पूरे मार्ग में भक्ति का माहौल बनाए रखा।यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होती हुई पंचायत भवन पहुंची, जहां भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान महावीर के अहिंसा, सत्य और करुणा के संद. ेशों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की।पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

यह भव्य शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी, बल्कि समाज में एकता, शांति और सद्भाव का संदेश भी दे गई।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजा समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर के महाजन मोहल्ला स्थित लाला सोहनलाल सरस्वती शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल में सोमवार को छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कामिनी वार्ष्णेय, विद्यालय के व्यवस्थापक कुलदीप वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष डॉ टीएस पाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष इंदू रानी ने संयुक्त रूप से भारत माता एवं माँ सरस्वती चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन के साथ किया। सरस्वती वंदना रोही, रिया, पाखी ने प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह राजपूत ने अतिथियों का परिचय कराते हुए विद्यालय में चल रही शैक्षिक गति. विधियों के विषय में विस्तार से बताया। विद्यालय में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले शिशु वर्ग में कक्षा उदय के ओम कश्यप, बाल वर्ग में कक्षा षष्ठम के गोविंद रस्तोगी तथा संस्कृति ज्ञान परीक्षा में शिशु वर्ग से कक्षा तृतीय के सक्षम दुबे एवं कक्षा षष्ठम नव्या अग्रवाल सर्वश्रेष्ठ रहीं।




साथ ही बस्ता प्रतियोगिता, वेश प्रतियोगिता एवं हिंदी सुलेख प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया। संरक्षक आमोद वार्ष्णेय, आईपीएस चौहान, हरनाम सिंह, लालाराम दिवाकर ने सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र के साथ मेडल एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किये। प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष डॉ टीएस पाल ने कहा कि परीक्षा के परिणाम केवल अंकों की संख्या नहीं हैं, वे जीवन का एक छोटा सा पड़ाव हैं। यदि आपके अंक उम्मीद से कम हैं, तो भी निराश न हों। परीक्षा का मतलब केवल पास या फेल होना नहीं, बल्कि उससे सीखना है। सफलता और असफलता तो जीवन का हिस्सा हैं। हार तब नहीं होती जब हम परीक्षा में कम अंक लाते हैं, हार तब होती है जब हम को. शिश करना छोड़ देते हैं। यदि आज आप सफल नहीं हुए, तो यह अगली बार और बेहतर करने का एक नया अवसर है। बच्चों ने मनमोहक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन आचार्य राजवीर सिंह ने किया। इस दौरान राजेश कुमार शर्मा, आनंदपाल सिंह, रुचि अग्रवाल, ईशु वार्ष्णेय, श्रुति अग्रवाल, वंशिका वार्ष्णेय, अंजना वार्ष्णेय, अभिलाषा यादव, गौरव वार्ष्णेय, राशि अग्रवाल, दीप्ति वार्ष्णेय, अविनाश गुप्ता, आरती, शालिनी दीक्षित, शिवानी यादव, कल्पना अग्रवाल, सोनिका शर्मा आदि का विशेष सहयोग रहा।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 200/2025
**तारीख पेशी:** 22.04.2026
**इन्द्रप्रीत सिंह बनाम श्रीमति वरिन्दर कौर आदि।**
श्री इन्द्रप्रीत सिंह पुत्र स्व. श्री देविन्दर सिंह निवासी 1 जेल के पीछे, न्यू सिविल लाइन, तह. व जिला मुरादाबाद, आयु 50 वर्ष मो0 नम्बर 8865033441
**बनाम**
1. श्रीमति वरिनदर कौर पत्नी श्री मन मोहन सिंह पुत्री स्व. निवासिनी मकान नं. 690, 7 त्रिपुरी टाउन पटियाला आयु 66 वर्ष आदि।
2. **जनता आम-विपक्षीगण।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्री इन्द्रप्रीत सिंह हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्री इन्द्रप्रीत सिंह मुसबफा श्री देविन्दर सिंह अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 6049813/- हरगाह मुसम्मा श्री इन्द्रप्रीत सिंह ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 22 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 12/2026
**तारीख पेशी:** 08.04.2026
**निर्भय शुक्ला बनाम जनता आम**
निर्भय शुक्ला पुत्र स्व. श्री प्रदीप कुमार शुक्ला निवासी सुनारों वाली गली पंचायती मंदिर नवाबपुरा थाना नागफनी, मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
**जनता आम, मुरादाबाद।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा निर्भय शुक्ला हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा निर्भय शुक्ला मुसबफा स्व. श्री प्रदीप कुमार अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा निर्भय शुक्ला ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 08 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें।
दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू०डि० ) महोदय मुरादाबाद।**
**तारीख पेशी:** 10.04.2026
**उत्तरा० वाद सं०:** 25 सन् 2026
**श्रीमती पानमुखी बनाम विक्रम सिंह आदि।**
श्रीमती पानमुखी उम्र 59 वर्ष पत्नी स्व. श्री सोमपाल सिंह निवासी मौहल्ला मझोली थाना मझोला, जिला मुरादाबाद-**वादनी।**
**बनाम**
1. विक्रम सिंह पुत्र स्व. सोमपाल सिंह निवासीगण मौहल्ला मझोली थाना मझोला शहर व जिला मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम,** मुरादाबाद।
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती पानमुखी हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमती पानमुखी मुसबफा सोमपाल सिंह गोयल अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू.2,58,371.60/- हरगाह मुसम्मा श्रीमती पानमुखी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 10 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (जू.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

## एनआर चिल्ड्रन एकेडमी में रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह का आयोजन



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो )।** पाकबड़ा थाना क्षेत्र में स्थित एन.आर. चिल्ड्रन एकेडमी में शैक्षिक सत्र 2025-2026 के लिए रिपोर्ट कार्ड वितरण का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाचार्या श्रीमती नीता गुप्ता जी और मैनेजर सर श्री अशोक कुमार गुप्ता जी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिसमें 50 प्रथम, 38 द्वितीय और 40 तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन अर्चना पाठक द्वारा किया गया। इस अवसर पर सह प्रधानाचार्य आशीष यादव, अध्यापक व अध्यापिकाएं मनोज भटनागर, शालिनी यादव, अभिलाषा रूहेला, अनीता चौहान, पूनम यादव, ट्विंकल, कमल यादव और दीक्षा यादव, जरीन, निधि व अन्य उपस्थित रहे। विद्यालय का वार्षिक रिजल्ट 98% रहा, जो कि एक बहुत ही अच्छा परिणाम है।

## मौका देखकर लड़की को दोबारा ले गया युवक एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** लड़की को भगा कर ले जाने की एफआईआर के बाद युवक दोबारा लेकर फरार हो गया पुलिस ने फिर मामला दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है कि 29 मार्च को वह अपने घर के दूसरे काम कर रही थी उसकी बेटी टीवी देख रही थी लेकिन कुछ देर बाद देखा तो बेटी घर में नहीं थी। महिला का आरोप है कि उसकी बेटी को किरतपुरी थाना छजलैट निवासी शिवम सैनी पुत्र ओमपाल बहला फुसलाकर भगा ले गया।

बताया गया कि इससे पहले भी वह उसकी वेटी को भगाकर ले जा चुका है जिसका मुकदमा थाना कांठ में दर्ज कराया गया था। महिला की तहरीर पर पुलिस ने फिर मामला दर्ज कर तलाश शुरू की है।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में एनुअल स्पोर्ट्स मीट 'शौर्य-2026' में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की टीम पदक तालिका में सबसे आगे



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में चल रहे विद्यार्थी वर्ग के एनुअल स्पोर्ट्स मीट ''शौर्य-2026'' में स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट पहले स्थान पर, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक दूसरे स्थान पर और स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज एवं स्कूल ऑफ लॉ की संयुक्त टीम तीसरे स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुकी हैं। इन तीनों टीमों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 7-7 स्वर्ण पदक हासिल करके शीर्ष तीन स्थान पर कब्जा कर लिया है। बुधवार को चौंपियन बनने के लिए जोर आजमाइश होगी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी परिणाम की परवाह किए बगैर खेल में अपना सवश्रेष्ठ प्रर्दशन करें। खेल के दौरान प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन व खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव, विख्यात क्रिकेटर और कोच श्री बदरुद्दीन, डिस्ट्रिक्ट बास्केटबाल एसोसिएशन मुरादाबाद के श्री फिरोज खान सहित सभी स्कूलों के निदेशकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. त्रिवेदी ने बताया कि स्पोर्ट्स मीट ''शौर्य-2026'' में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, चेस, कैरम, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लांग जंप, हाई जंप, रेस, कबड्डी, खो खो आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों में खासा उत्साह दिखाई दिया। खेलों के सफल आयोजन में डॉ. देश दीपक, डॉ. शशांक कुमार, कपिल गिल सहित आयोजन समिति के अन्य सभी सदस्यों की विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त निदेशक, शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## मैनाठेर में पुलिस की सख्ती, अवैध तमंचा व कारतूस के साथ युवक को धर दबोचा

**कुंदरकी।** थाना मैनाठेर पुलिस ने अवैध शस्त्रों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और अवैध हथियारों के खिलाफ



विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को थाना मैनाठेर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त की पहचान फरियाद उर्फ बिल्ली पुत्र मेहंदी हसन निवासी ग्राम महमूदपुर माफी थाना मैनाठेर के रूप में हुई। उसके पास से एक अवैध देशी 12 बोर तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक बनी सिंह, हेड कांस्टेबल सोनू कुमार और हेड कांस्टेबल मुकेशपाल शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध शस्त्र रखने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220845820 प्रमाण पत्र-सह-अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **विशाल वर्मा पुत्र तेजपाल ग्राम सिसैया पो0 पौटा कला जिला पीलीभीत।**

### खोया-पाया सूचना

मेरा हाई स्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 0905687 प्रमाण पत्र सह-अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **नरपाल सिंह पुत्र टीकम सिंह ग्राम मिलक कददूसपुर पो0 राजोपुर सादात जिला बिजनौर।**

### कार्यालय ग्राम पंचायत रानी नांगल
**विकास खंड-ठाकुरद्वारा ( मुरादाबाद )।**

पत्रांक: मीमो /मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरूस्कार योजना/2025-26 दिनांक: 30.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास खण्ड-ठाकुरद्वारा की ग्राम पंचायत रानी नांगल में मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरूस्कार योजना अर्न्तगत निम्नलिखित निर्माण कार्य कराया जाना है। उक्त कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति सील बंद निविदाएं दिनांक 13.04.2026 को समय 3 बजे अपराहन तक ग्राम पंचायत अधिकारी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। जिन्हें उसी दिन 3.30 बजे अद्योहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्तें एवं प्रक्कलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एनएससी/कि.वि.प./डाक खाने की पास बुक/ एफडीआर व नकद के रूप में जमा करानी होगी जो ग्राम पंचायत अधिकारी के नाम बंधक होगी। बिना अग्रीम बयाने की धनराशि के कोई भी टेण्डर मान्य नहीं होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत में विभिन्न स्थानों पर सोलर लाईटें। | 25 सोलर लाईट | 550000/- | 11000 | 250/- | 1 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत रानी नांगल में विभिन्न स्थानों पर बेंच निर्माण कार्य। | 15 बेंच | 240000/- | 4300 | 250/- | 1 माह |
| 3 | ग्राम उदैरावाला में शमशान घाट में शांति स्थल का निर्माण कार्य। | 1 | 470000/- | 9400 | 250/- | 1 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**ग्राम सचिव/ग्राम प्रधान-रानी नांगल**
**विकास खण्ड ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद**

## 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम में शिक्षा व बाल विकास पर जोर, मेधावी छात्र हुए सम्मानित

**ठाकुरद्वारा।** विकासखंड ठाकुरद्वारा में सोमवार को "हमारा आंगन हमारे बच्चे" कार्यक्रम का भव्य आयोजन वीएस गार्डन, रामूवाला गणेश में किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा देने, नए सत्र के लिए नामांकन बढ़ाने, शिक्षा स्तर में सुधार और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार बोस ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय कालाझांडा की छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को आकर्षक बना दिया। वहीं कंपोजिट विद्यालय रामपुर बलभद्र के बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोकनृत्य ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। साथ ही बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों में आधारभूत



साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान विकसित करने पर जोर दिया गया। बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने की भी अपील की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह रहा, जिसमें निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अवधेश, अरुण कुमार, राकेश कुमार, वीर सिंह, सोनिया चौहान, त्रिवेंद्र सिंह, नरेंद्र, नितिन कुमार, निकेश कुमार, राजपाल सिंह, एआरपी हरवीर सिंह, मोनिका गहलोत सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां मिथलेश, ममता, कृष्णा आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में अधिकांश प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं बीआरसी स्टाफ की भी सहभागिता रही। टीएलएम प्रदर्शनी में कंचन, यास्मीन जहां और शिवांगी वशिष्ठ ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल संचालन में एआरपी रूपा आर्य, पीयूष कुमार, रजनी मिश्रा और सपना चौहान का विशेष योगदान रहा। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में ठाकुरद्वारा को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया। सुधांशु, अवनीश कुमार, अनुष्का, महिमा चौहान, माही, सलौनी, सोनम, सुधा, डोली, शिफा आदि उपस्थित रहे।

## सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के अनुज गुप्ता बने प्रधानाचार्य

**ठाकुरद्वारा।** नगर के सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ विक्रम सिंह के के सेवानिवृत्त होने पर कार्यभार हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद । विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता अनुज कुमार गुप्ता को प्रधानाचार्य बनाया गया है ।



उन्होने बताया कि 31 मार्च 2026 को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विक्रम सिंह अपनी 62 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो रहे हैं। महावीर जयंती के अवकाश के चलते विद्यालय का कार्य एक दिन पूर्व 30 मार्च 2026 को ही संपन्न कर लिया गया। इस दौरान विद्यालय के वरिष्ठतम प्रवक्ता श्री डीएन कुमार गुप्ता को कार्यवाहक प्रधानाचार्य का कार्यभार सौंपा गया। विद्यालय प्रशासन ने डॉ. विक्रम सिंह के लंबे कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके योगदान को याद किया गया।

## मिशन शक्ति केंद्र बिलारी में घरेलू हिंसा पीड़िता की सुनवाई, काउंसलिंग कर दिलाया भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** स्थित मिशन शक्ति केंद्र पर घरेलू हिंसा से जुड़ी एक शिकायत की सुनवाई करते हुए महिला सुरक्षा टीम ने संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई की। इस दौरान मिशन शक्ति प्रभारी मीनू चौधरी, उप निरीक्षक छाया बालियान तथा कांस्टेबल दिव्या मौजूद रहीं।



पीड़िता ने अपनी समस्या रखते हुए घरेलू विवाद और हिंसा की जानकारी दी, जिस पर टीम ने गंभीरता से सुनवाई की। अधिकारियों ने न केवल मामले की जानकारी ली बल्कि दोनों पक्षों को समझाते हुए काउंसलिंग भी की। काउंसलिंग के दौरान आपसी संवाद और समझदारी से विवाद सुलझाने का प्रयास किया गया। मिशन शक्ति प्रभारी मीनू चौधरी ने पीड़िता को महिला हेल्पलाइन, कानूनी सहायता और सुरक्षा से जुड़े अधिकारों की जानकारी देते हुए भरोसा दिलाया कि हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। वहीं उप निरीक्षक छाया बालियान ने कहा कि महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आवश्यकता पड़ने पर सख्त कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कांस्टेबल दिव्या ने पीड़िता को सुरक्षा संबंधी उपायों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया, ताकि भविष्य में किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता ली जा सके। मिशन शक्ति केंद्र पर इस तरह की त्वरित सुनवाई और काउंसलिंग से महिलाओं को न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिल रहा है। स्थानीय स्तर पर चल रही इस पहल को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## महावीर जयंती शोभायात्रा का भव्य स्वागत, पुष्प वर्षा कर किया अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर में महावीर जयंती के पावन अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

इसी क्रम में वन्दे भारत (संस्कार संस्कृति संवाहक) संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एकता द्वार स्थित सेनानी भवन पर शोभायात्रा का भव्य अभिनंदन किया गया।संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगवान महावीर के रथ पर पुष्प वर्षा कर श्रद्धा एवं आस्था प्रकट की। पूरे वातावरण में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का भी संस्था की ओर से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।इस अवसर पर उपस्थित भद्रजनों को पटका एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धवल दीक्षित, गोपाल हरि, चौधरी देवेन्द्र सिंह, आदीश कुमार जैन, पारूल अग्रवाल (जैन) मुकुल जैन, समीर जैन, विशाल सोनी और हर्ष सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर शोभायात्रा का स्वागत करते हुए भगवान महावीर के बताए "जियो और जीने दो" के संदेश को जन-जन





तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और व्यवस्था भी सराहनीय रही। श्रद्धालुओं ने धार्मिक उत्साह के साथ शोभायात्रा में भाग लिया और भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारा, एकता और धार्मिक चेतना को मजबूत करते हैं।

## ओडिशा में राकेश टिकैत की गिरफ्तारी के खिलाफ भाकियू का कोतवाली पर धरना प्रदर्शन शुरू

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय किसान युनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की ओडिशा में गिरफ्तार होने पर यूनियन के प्रदेश सचिव के आहवान पर भाकियू कार्यकर्ताओं ने भाकियू केत जिलाध्यक्ष घनेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली गेट पर रिहाई को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

बतादें कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को ओडिशा में एक सभा के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके विरोध में भाकियू के केंद्रीय कार्यालय ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को बड़े आंदोलन का निर्देश दिया है। संगठन के प्रदेश सचिव डॉ. नरेश प्रताप सिंह ने बताया कि टिकैत जी की रिहाई तक सभी किसान भारी तादाद में अपने नजदीकी थानों पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। हर स्थान पर थानों का घेराव किया जाएगा।

आदेश में कहा गया है कि यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि टिकैत साहब को रिहा नहीं कर दिया जाता। पश्चिमी यूपी के समस्त भाकियू कार्यकर्ताओं को तुरंत प्रभाव से अपने अपने क्षेत्रों में जुटने का निर्देश दिया गया है।

### बेदखली सूचना

मैने अपने पुत्र मोहम्मद हसन व पुत्रवधू श्रीमति हदीशा को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे पुत्रो मेहंदी हसन व अहमद हसन से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। **श्रीमती शरीफ जहां पत्नी नूर मोहम्मद निवासीगण डबल फाटक दस सराय चौकी थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता का संदेश

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र स्थित सुखदेई स्मारक महाविद्यालय, रतूपुरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा अंतिम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "मिशन शक्ति" अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता कराई गई। सोमवार प्रात: 10 बजे महाविद्यालय के सभागार में छात्र-छात्राएं एकत्र हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना गीत एवं राष्ट्र निर्माण गीत "करे राष्ट्र निर्माण, बनाए मिट्टी को सोना३" के सामूहिक गायन से हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा "मिशन शक्ति" अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

No: NRDLI0MCNW 12026 दिनांक: 30.03.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट), उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल अनुभवी और सक्षम निविदाकारों से एक खुली प्रणाली निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दिल्ली डिवीजन में हॉट एक्सल बॉक्स डिटेक्टर (HABD) की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग। |
| 2 | कार्यस्थल | दिल्ली |
| 3 | कार्य की अवधि | छह (06) महीने |
| 4 | विज्ञापित मूल्य | रु. 2,71,29,085.52/- (जीएसटी के प्रावधान सहित) |
| 5 | बयाना राशि जमा की जानी है | रु. 5,42,600.00/- केवल नेट बैंकिंग या गेटवे के माध्यम से |
| 6 | निविदा प्रपत्र मूल्य | रु. 0/- |
| 7 | ई-निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का समय | दिनांक 30.03.2026 14:52 बजे से 20.04.2026 15:00 बजे तक |
| 8 | ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय | दिनांक 20.04.2026 15:00 बजे |
| 9 | ई-निविदा खुलने की तिथि और समय | दिनांक 20.04.2026 को 15:00 बजे के बाद, यदि खुलने की तारीख अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस पर ई-निविदा खोली जाएगी। |
| 10 | ई-निविदा खोलने का स्थान | यांत्रिक विभाग, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-55 |

नोट : निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में मिल सकती है। 1079/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/II/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 343-DRM-MB-25-26 Date 30.03.2026 | 344-DRM-MB-25-26 Date 30.03.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Lubrication of curves using contractor's own track based rail Gauge Face Lubricator (Electronic type)-26 nos. | Supplying and spreading 10000 cum of 65 mm gauge machine crushed stone ballast on cess in ON-BLM and BLM-SPC section under Sr.DEN-II/MB. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 24.04.2026 16:00 | 24.04.2026 16:00 |
| अनुमानित लागत (रु.) | 4,18,08,452.40 | 1,96,62,700.00 |
| धरोहर राशि (रु.) | 3,59,100.00 | 3,93,300.00 |
| टेन्डर कॉस्ट | 10,000.00 | 0.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 10.04.2026 | 10.04.2026 |
| आफर की वैधता | 90 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 60 माह | 08 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 30.03.2026 1071/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर



### श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

**कुंदरकी।** श्री नरेंद्र भूषण स्कूल में छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया, अपना वार्षिक परीक्षाफल प्राप्त कर छात्र-छात्रा खुशी से झूम उठे, इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रवीन भूषण अग्रवाल ने कहा कि छात्र-छात्राओं को जरूरी नहीं कि परीक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करें,अन्य क्षेत्रों में भी वह अपने क्षमता का परिचय दे सकते हैं, हमें कभी भी निराश नहीं होना चाहिए निरंतर प्रयास करते रहने से ही सफलता हासिल होती है, इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या सोफिया हफीज ने स्कूल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया और संबोधित करते हुए कहा कि गुरु जनों के माध्यम से ही हमें जीवन में सफलता मिलती है हमें हमेशा गुरुजनों का आदर करना चाहिए और शिक्षा प्राप्त कर अपने माता-पिता और गुरुओं का नाम ऊंचा करना चाहिए, इस अवसर पर अतिथि परवेज खान सदस्य दूरसंचार कमेटी, विपुल जैन पत्रकार इमामी शाह, रोहन सामाजिक,निजामुद्दीन औलिया, हसन आरफी सभी ने छात्र छात्रों का पुरस्कार देकर उत्साह वर्धन किया, तैमूर हर्ष बिलाल मदिया,गौसिया खुशी हक नवाज असद शिफा अबीस अली,विनय रूशद भावना हसन मोहम्मद असद प्रियांशी दिवाकर अफीफा उमयम फातिमा गौसिया अबूजर लता रोली कृष्ण हमजा जोया फाबिया तानशआदि ने कक्षाओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया इन सभी को मेडल अंक पत्र प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया हक नवाज को बेस्ट स्टूडेंट टॉपर का अवार्ड दिया गया।

### सहसपुर के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा के साथ स्वच्छता का संदेश, बच्चों ने लिया संकल्प



**बिलारी।** सहसपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय (प्रथम) में बुधवार को शिक्षण कार्य के साथ-साथ स्वच्छता जागरूकता अभियान संचालित किया गया। प्रधानाध्यापक ने कक्षा में पढ़ाते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी और उन्हें स्वस्थ वातावरण के लाभ समझाए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि स्वच्छ परिवेश न केवल बच्चों को बीमारियों से सुरक्षित रखता है, बल्कि पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ाने में भी मदद करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से हाथ धोने, आसपास सफाई रखने और विद्यालय परिसर को स्वच्छ बनाए रखने की आदत विकसित करने पर जोर दिया। शिक्षकों की प्रेरणा से बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक स्वच्छता का संकल्प लिया और विद्यालय को साफ रखने में सहयोग देने का भरोसा दिया। विद्यालय स्टाफ का कहना है कि शिक्षा के साथ संस्कार और अच्छी आदतें विकसित करना ही वास्तविक शिक्षा का मूल उद्देश्य है। विद्यालय में आयोजित यह पहल बच्चों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हो रही है।

### रामनवमी मेले शांतिपूर्वक संपन्न होने पर मेला कमेटी ने किया अधिकारियों को सम्मानित



**बिलारी।** नगर एवं क्षेत्र में हुए रामनवमी मेलों के सफल संचालन के लिए मेला कमेटी ने अधिकारियों को सम्मानित किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि मेलों के सुचारु आयोजन में प्रशासनिक अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी सक्रियता और सहयोग के कारण ही मेले में सुरक्षा, स्वच्छता और व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से संचालित हो सकीं। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हैं। मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने एसडीम विनय कुमार सिंह कोतवाली में मिशन शक्ति की टीम प्रभारी उपनिरीक्षक मीनू सिंह एवं अन्य पुलिस कर्मियों को प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है। इस अवसर पर नगर मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन, सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, मेला संयोजक कौशल ठाकुर, दुष्यंत चौहान, चंदन डूडेजा, शशांक जैन आदि मौजूद रहे।

### कचहरी प्रांगण में शनि देव मंदिर पर भंडारे का हुआ आयोजन

**मुरादाबाद।** सोमवार को कचहरी प्रांगण में स्थित पीपल वाला शनि देव मंदिर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में अपनी तारीख पर आये वादकारियों ने भी भंडारा ग्रहण किया। इस अवसर पर आदेश श्रीवास्तव एडवोकेट, अभिषेक भटनागर, राजू गुप्ता



एडवोकेट, शरिताभ सिन्हा एडवोकेट, सुरेश चन्द्र गुप्ता एडवोकेट, अमित यादव एडवोकेट, आदीश कुमार जैन एडवोकेट, पारूल अग्रवाल (जैन) एडवोकेट, आशुतोष त्यागी एडवोकेट, पुष्प यादव एडवोकेट आदि मौजूद रहे। भंडारे में आए लोगों ने शनि देव की पूजा-अर्चना की और अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की। भंडारे में विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए, जिन्हें लोगों ने बड़े चाव से खाया। इस अवसर पर आदेश श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि शनि देव की कृपा से ही जीवन में सुख-समृद्धि आती है। उन्होंने कहा कि भंडारे का आयोजन कर हम शनि देव की पूजा-अर्चना करते हैं और अपने जीवन में सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

### कार्यालय:-सचिव पंचायत ग्राम ( घोसीपुरा बाबूपुरा ) विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, ( मुरादाबाद )

पत्रांक: मनरेगा/ग्रा.पं./निविदा/2026-27 दिनांक : 30.03.2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है ग्राम पंचायत घोसीपुरा बाबूपुरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 दिनांक 07.04.2026 को साप्ताहिक बाजार की नीलामी ग्राम पंचायत में स्थापित पंचायत भवन पर दोपहर 12.00 बजे आयोजित की जायेगी जिसमें बाजार की नीलामी से सम्बन्धित समस्त इच्छुक व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाता है।

**सचिव/ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत घोसीपुरा बाबूपुरा**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )**

**खेल विशेष**

## 31-सदस्यीय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने आगामी अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए सोमवार को एक से नौ अप्रैल तक चलने वाले 31 सदस्ईय सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की घोषणा की है। टीम हाल ही में हैदराबाद, तेलंगाना में संपन्न हुए एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालिफायर्स में शानदार प्रदर्शन करने के बाद इस कैंप में हिस्सा ले रही है। इस टूर्नामेंट में टीम ने रजत पदक हासिल किया था और आगामी एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 (बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाला) के लिए सफलतापूर्वक क्वालिफाई कर लिया था। इस शिविर का मुख्य जोर टीम के तालमेल को बेहतर बनाने, खिलाड़ियों की फिटनेस के स्तर को ऊपर उठाने और खेल के रणनीतिक पहलुओं को और अधिक पैना करने पर रहेगा। यह सब नई कोच सजोर्ड मारिजने की देखरेख में टीम को एक ठोस आकार देने की प्रक्रिया का हिस्सा है। यह महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि भारत जून में एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप 2026 में हिस्सा लेने वाला है। इसके बाद अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 होगा, और फिर 19 सितम्बर से 4 अक्टूबर 2026 तक जापान में 2026 एशियाई खेलों का आयोजन किया जाएगा। गोलकीपिग यूनिट में सविता, माधुरी किडो, बंसरी सोलंकी और बिछू देवी खारीबाम शामिल हैं।

## एएफसी अंडर 20 महिला एशियाई कप, भारत की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय अंडर 20 महिला टीम के मुख्य कोच जोआकिम एलेक्जेंडर्सन ने एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप थाईलैंड 2026 के लिए 'यंग टाइग्रेस' की 23 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। भारत ने 20 साल बाद इस टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई किया है। वह अपने अभियान की शुरुआत दो अप्रैल को थम्मासेट स्टेडियम में जापान के खिलाफ मैच से करेगा। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के साथ पांच अप्रैल, पाथुम थानी स्टेडियम में और चीनी ताइपे के खिलाफ (आठ अप्रैल पाथुम थानी स्टेडियम में मैच होगा। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें और तीनों ग्रुप में से तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमें क्वार्टरफाइनल में जगह बनाएंगी। इसके अलावा, क्वार्टर-फाइनल जीतने वाली चार टीमें फीफा अंडर 20 महिला विश्व कप पोलैंड 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। भारतीय टीम 20 मार्च को बैंकॉक पहुंची थीं, और उन्हें वहां के स्थानीय माहौल में ढलने के लिए 13 दिन मिले। यात्रा करने वाले दल में 24 खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें से अब डिफेंडर अल्का इंदवार को टीम से बाहर कर दिया गया है, क्योंकि एलेक्जेंडर्सन ने अंतिम टूर्नामेंट के लिए अपनी 23-खिलाड़ियों की टीम को अंतिम रूप दे दिया है।

# राजस्थान ने चेन्नई को 127 रन पर रोका

### जैमी ओवरटन ने सर्वाधिक 43 रन बनाए
### जडेजा, बर्गर व आर्चर को 2-2 विकेट




**गुवाहाटी, वार्ता।** आईपीएल के तीसरे मैच में राजस्थान रायल्स ने चेंन्नई सुपर किंग्स को 127 रन पर समेट दिया। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में आरआर के कप्तान रियान पराग ने बालिंग चुनी थी। चेन्नई से जैमी ओवरटन टॉप स्कोरर रहे, उन्होंने 43 रन बनाए। डेब्यू मैच में कार्तिक शर्मा ने 18 और इम्पैक्ट प्लेयर बनकर उतरे सरफराज खान ने 17 रन बनाए। बाकी कोई भी बैटर 10 रन तक नहीं पहुंच सका। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेल रहे रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए।

जोफा आर्चर और नांद्रे बर्गर को भी 2-2 विकेट मिले। संदीप शर्मा, रवि बिश्नोई और डेब्यू कर रहे बृजेश शर्मा ने 1-1 विकेट लिया। 1 बैटर रन आउट भी हुआ। 20वें ओवर में जैमी ओवरटन 43 रन बनाकर रन आउट हो गए। उनके विकेट के साथ सीएसके 127 रन पर सिमट गई। ओवरटन के अलावा कार्तिक शर्मा ने 18 और सरफराज खान ने 17 रन बनाए। 16वें ओवर में चेन्नई ने 9वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल रवि बिश्नोई ने गुड लेंथ पर गूगली फेंकी। मैट हेनरी ने बिश्नोई को ही कैच दे दिया, वे 5 रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स ने 15 ओवर के बाद 8 विकेट खोकर 93 रन बना लिए। जैमी ओवरटन और मैट हेनरी ने टीम को 90 के पार पहुंचाया। टीम ने 82 रन पर 8वां विकेट गंवा दिया था। 13वें ओवर में चेन्नई ने 8वां विकेट भी गंवा दिया। जोफा आर्चर ने ओवर की पांचवीं बाल फुलर लेंथ फेंकी। नूर अहमद शाट खेलने गए, लेकिन काट बिहाइंड हो गए। वे 1 रन ही बना सके। आर्चर ने ऋतुराज गायकवाड को भी पवेलियन भेजा था। 11वें ओवर में चेन्नई ने 7वां विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल बृजेश शर्मा ने फुलर लेंथ इन स्विंगर फेंकी। कार्तिक शर्मा फ्लिक करने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स पर लग गई। राजस्थान ने स्ठॅ की अपील की और अंपायर ने आउट का फैसला दे दिया। कार्तिक अपने डेब्यू मैच में 18 रन बनाकर आउट हुए। बृजेश ने भी डेब्यू मैच में पहला विकेट लिया। राजस्थान के लिए 17 साल बाद आईपीएल खेलने उतरे रवींद्र जडेजा ने अपने पहले ही ओवर में 2 विकेट ले लिए। 8वें ओवर की दूसरी बाल जडेजा ने गुड लेंथ पर फेंकी। सरफराज खान स्वीप शाट खेलने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स से लग गई।

राजस्थान ने अपील की और अंपायर ने पगबाधा आडट दे दिया। सरफराज 17 रन बनाकर आउट हुए। शिवम दुबे बैटिंग करने उतरे, उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगा दिया। जडेजा ने आखिरी गेंद पर हिसाब बराबर किया और दुबे को लान्ग आफ पर कैच करा दिया। दुबे 6 रन ही बना सके। चेन्नई ने 7वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। डेब्यू कर रहे कार्तिक शर्मा ने रवि बिश्नोई के खिलाफ ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। सरफराज खान भी पिच पर मौजूद रहे। संदीप शर्मा ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में विकेट लिया। चेन्नई ने पावरप्ले में चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल संदीप शर्मा ने स्लोअर फेंकी। मैट शार्ट बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन शार्ट मिड-विकेट पोजिशन पर यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच हो गए। शार्ट 2 रन ही बना सके। पावरप्ले में 3 विकेट गिरने के बाद सीएसके ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम का इस्तेमाल कर लिया।

# पंजाब की नजर घरेलू मैदान में वापसी पर

## IPL 2026: चौथा मैच आज, गुजरात का लक्ष्य सीजन की मजबूत शुरुआत

**मुल्लनपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 सीजन के चौथे मैच में मुल्लनपुर, न्यू चंडीगढ़ के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स (जीटी) के खिलाफ खेलेगी। पंजाब किंग्स जहां अपनी मजबूत बल्लेबाजी पर निर्भर है, वहीं गुजरात टाइटन्स संत. ुलन और संरचना पर ध्यान केंद्रित करती है, जहां व्यक्तिगत खिलाड़ी मैच का रुख बदल सकते हैं।

पंजाब किंग्स के लिए, अभियान एक स्पष्ट उद्देश्य के साथ शुरू होता है: घरेलू मैदान पर अपनी बादशाहत फिर से कायम करना। उनकी बल्लेबाजी इकाई, जो आक्रामक इरादे और गहराई के लिए बनाई गई है, इस महत्वाकांक्षा का केंद्र है। सबसे आगे कप्तान श्रेयस अय्यर हैं, जिनकी भूमिका केवल रन बनाने से कहीं अधिक है, उनसे उम्मीद की जाती है कि वे पारी को संभालें, दबाव झेलें, और मिली हुई शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलें, जो टीम के दबदबे के लिए एक मजबूत आधार तैयार करे। शीर्ष क्रम की जोड़ी, प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह, पारी की शुरुआत में ही आक्रामकता लाती है, जिसका लक्ष्य पावरप्ले का पूरा फायदा उठाना और विरोधी गेंदबाजों को परेशान करना होता है। मध्य क्रम में, नेहल वढेरा परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता प्रदान करते हैं, जबकि मार्कस स्टोइनिस एक गतिशील ऑलराउंडर के रूप में टीम में शामिल होते हैं, जो कुछ ही ओवरों में मैच का रुख बदलने की क्षमता रखते हैं। यह मुख्य टीम सुनिश्चित करती है कि पंजाब की पारी में आक्रामक इरादे और लचीलापन, दोनों ही बने रहें। पंजाब की 'घरेलू मैदान पर वापसी' की कहानी को जो बात और भी मजबूत बनाती है, वह है उनके निचले मध्य क्रम की गहराई। शशांक सिंह और अजमतुल्लाह ओमरजई में पारी को शानदार ढंग से समाप्त करने की क्षमता है, जिससे टीम बिना अपनी संरचना खोए, मैच के अंतिम क्षणों में तेजी से रन बना पाती है। ऐसी पिच पर, जिससे बल्लेबाजो को मदद मिलने की उम्मीद है, बल्लेबाजी की यह गहराई एक चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने या उसका पीछा करने में निर्णायक साबित हो सकती है। हालांकि, पंजाब के लिए सबसे बड़ी चुनौती गेंदबाजी में निरंतरता बनाए रखना है। अर्शदीप सिंह पावरप्ले और डेथ ओवरों में जिम्मेदारी के साथ गेंदबा. जी आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जिन्हें लॉकी फर्ग्युसन की तेज गें. दबाजी का भरपूर समर्थन मिलेगा। युजवेंद्र चहल की अगुवाई में स्पिन गेंदबाजी विभाग मध्य ओवरों को नियंत्रित करने और विकेट लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इन दोनों टीमों का सामूहिक प्रदर्शन ही तय करेगा कि पंजाब अपनी बल्लेबाजी की ताकत को मैच में पूर्ण प्रभुत्व में बदल पाता है या नहीं।

# गेंद से छेड़छाड़ मामले में फखर जमान पर लग सकता है प्रतिबंध

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) 2026 में गेंद से छेड़छाड़ मामले में पाकिस्तान के स्टार खिलाड़ी फखर जमान पर कम से कम एक मैच का प्रतिबंध लग सकता है।

फखर जमान ने रविवार को पीएसएल 2026 के मैच में लाहौर कलंदर्स की कराची किंग्स के हाथों चार विकेट की हार के दौरान गेंद से छेड़छा की यह घटना सामने आई थी। यह घटना किंग्स के लक्ष्य का पीछा करने के दौरान आखिरी ओवर की शुरुआत में हुई। उस समय मैदानी अंपायर फैसल अफरीदी ने हारिस रऊफ से गेंद निरीक्षण के लिए ले ली थी, क्योंकि गेंद शाहीन शाह अफरीदी और फखर के बीच एक-दूसरे को पास की गई थी।

फैसल ने दूसरे ऑन-फील्ड अंपायर शरफुद्दौला के साथ लंबी चर्चा की और दोनों ने गेंद से छेड़छाड़ होने का संदेह जताते हुए उसे बदलकर दूसरी गेंद लाने का फैसला किया।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 90 रनों से हराया




**बासटेयर, वार्ता।** बेथ मूनी (65), फीबी लिचफील्ड (46) और जॉर्जिया वेयरहम (39 रन/तीन विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 90 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 270 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे अधिक देर तक नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 46 ओवरों में 179 रन पर सिमट गई।

हेली मैथ्यूज ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। किआना जोसेफ (29), स्टेफनी टेलर (18), शिनेल हेनरी (19) और करिश्मा रामहैक (14) रन बनाकर आउट हुई। ऐफी फ्लेचर ने 28 गेंदों में नाबाद 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहम ने तीन-तीन विकेट लिए। तालिया मैग्रा को दो विकेट मिले। अलाना किंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसे पहले ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने रविवार रात खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरों में सात विकेट पर 269 रन का स्कोर बनाया। जॉर्जिया वॉल और फीबी लिचफील्ड की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े। 11वें ओवर में अश्मिनी मुनिसार ने जॉर्जिया वॉल (23) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसी ओवर की अगली गेंद पर उन्होंने एलिस पेरी (शून्य) का भी शिकार कर लिया। 14वें ओवर में हेली मैथ्यूज ने फीबी लिचफील्ड (46) को आउट किया। तालिया मैग्रा (24), जॉर्जिया वेयरहम (39) रन बनाए। बेथ मूनी ने सर्वाधिक 65 रनों की पारी खेली। निकोला कैरी (30) और अलाना किंग (26) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज के लिए हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट लिए।

**उत्तर रेलवे**

**मुरादाबाद मंडल उत्तर रेलवे के (NSG-4, NSG-5 & NSG-6) श्रेणी के 78 स्टेशनों पर "स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट (एस टी बी ए) की नियुक्ति के लिए निविदा निमंत्रण की सूचना।**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत विभिन्न **(NSG-5 & NSG-6 Railway Station) पर तीन वर्ष की अवधि के लिए और (NSG-4) श्रेणी के स्टेशनों पर एक वर्ष की अवधि के लिए (कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यु.टी.एस) द्वारा अनारक्षित रेल टिकटों को जारी करने हेतु टिकट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए)** की नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों जो कि निविदा की नियम व शर्ते पूर्ण करते हों से दिनांक **21.04.2026** को 10:00 से 15:00 बजे तक निविदा आमंत्रित किये जायेंगे और 15:30 बजे खोला जायेगा।

**निम्नलिखित "NSG-4, NSG-5 एवं NSG-6" श्रेणी के 78 स्टेशनों पर संविदा पर "एसटीबीए" की नियुक्ति की जानी है।**

| S. No. | Station Name | Station Code | Category of station | S. No. | Station Name | Station Code | Category of station |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋषिकेश | RKSH | NSG-4 | 40. | गुमथल | GTF | NSG-6 |
| 2. | हापुड़ | HPU | NSG-4 | 41. | हर्रावाला | HRW | NSG-6 |
| 3. | नजीबाबाद | NBD | NSG-4 | 42. | हाफिजपुर | HZR | NSG-6 |
| 4. | चन्दौसी | CH | NSG-4 | 43. | इक्कड | IKK | NSG-6 |
| 5. | आंझी शाहबाद | AJI | NSG-5 | 44. | जहानीखेडा | JKH | NSG-6 |
| 6. | आंवला | AO | NSG-5 | 45. | करना | KAR | NSG-6 |
| 7. | चान्दपुर सियाऊ | CPS | NSG-5 | 46. | काफूरपुर | KFPR | NSG-6 |
| 8. | धामपुर | DPR | NSG-5 | 47. | कहिलिया | KH | NSG-6 |
| 9. | गढ़मुक्तेश्वर | GMS | NSG-5 | 48. | कांकाठेर | KHE | NSG-6 |
| 10. | तिलहर | TLH | NSG-5 | 49. | काकोरी | KKJ | NSG-6 |
| 11. | बहजोई | BJ | NSG-5 | 50. | कांठ | KNT | NSG-6 |
| 12. | कोटद्वार | KTW | NSG-5 | 51. | कौढ़ा | KUF | NSG-6 |
| 13. | अमरोहा | AMRO | NSG-5 | 52. | खरखौदा | KXK | NSG-6 |
| 14. | बालामऊ | BLM | NSG-5 | 53. | लढ़ौरा | LDR | NSG-6 |
| 15. | लक्सर | LRJ | NSG-5 | 54. | महरौली | MFH | NSG-6 |
| 16. | नगीना | NGG | NSG-5 | 55. | महेशरा | MHHR | NSG-6 |
| 17. | पिलखुआ | PKW | NSG-5 | 56. | मैगलगंज | MINJ | NSG-6 |
| 18. | राजा का सहसपुर | RJK | NSG-5 | 57. | मीरानपुर कटरा | MK | NSG-6 |
| 19. | सडीला | SAN | NSG-5 | 58. | मुडापांडेय | MPH | NSG-6 |
| 20. | पिताम्बरपुर | PMR | NSG-6 | 59. | मुर्शदपुर | MSDR | NSG-6 |
| 21. | ऐथल | ATMO | NSG-6 | 60. | मसीत | MST | NSG-6 |
| 22. | बराल | BARL | NSG-6 | 61. | मेवानवादा | MWE | NSG-6 |
| 23. | बाबूगढ़ | BBO | NSG-6 | 62. | नैमिषारण्य | NM | NSG-6 |
| 24. | बुन्दकी | BEK | NSG-6 | 63. | परसाखेड़ा | PKRA | NSG-6 |
| 25. | बघोली | BGH | NSG-6 | 64. | पथरी | PRI | NSG-6 |
| 26. | बिलपुर | BLPU | NSG-6 | 65. | कॉसरो | QSR | NSG-6 |
| 27. | बंथरा | BTRA | NSG-6 | 66. | कुचेसर रोड | QXR | NSG-6 |
| 28. | कलट्टरबकगंज | CBJ | NSG-6 | 67. | रहीमाबाद | RBD | NSG-6 |
| 29. | धमोरा | DAM | NSG-6 | 68. | रोजा | ROZA | NSG-6 |
| 30. | धनेटा | DAN | NSG-6 | 69. | रायसी | RSI | NSG-6 |
| 31. | डिबाई | DIB | NSG-6 | 70. | शहजादनगर | SAR | NSG-6 |
| 32. | दिलावरनगर | DIL | NSG-6 | 71. | सम्भल हातिमसराय | SHTS | NSG-6 |
| 33. | दलपतपुर | DLP | NSG-6 | 72. | सिम्भौली | SMBL | NSG-6 |
| 34. | दलेलनगर | DLQ | NSG-6 | 73. | स्नेह रोड | SNX | NSG-6 |
| 35. | धनारी | DN | NSG-6 | 74. | टोडरपुर | TDP | NSG-6 |
| 36. | डासना | DS | NSG-6 | 75. | टिसुआ | TSA | NSG-6 |
| 37. | डोसनी | DSNI | NSG-6 | 76. | उम्रताली | UTA | NSG-6 |
| 38. | दुगनपुर | DUN | NSG-6 | 77. | गॉखी | MKHI | NSG-6 |
| 39. | चुड़ियाला | CDL | NSG-6 | 78. | हेगपुर | HMP | NSG-6 |

निविदा फॉर्म और उसकी शर्ते उत्तर रेलवे कि बेवसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किये जा सकते हैं, ठेके के लिए निविदा फॉर्म नियम एवं शर्तों सहित विस्तृत जानकारी वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के कार्यालय से **दिनांक 31.03.2026 से 20.04.2026, समय 10:00 hrs. से 17:00 hrs.** बजे तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है जिसके लिए निविदा प्रपत्र का मूल्य रु० 1180/-) रु० 1000/- + जी एस टी (@18%) सहित (का भुगतान करना होगा। निविदा फॉर्म **दिनांक 21.04.2026 को 10:00 से 15:00 बजे** तक स्वीकृत किये जाएंगे और 15:30 बजे खोला जायेगा। डाउनलोड किये गए निविदा फॉर्म के साथ निविदा प्रपत्र का मूल्य रु० 1180/- (रु० 1000 + जी एस टी @18%) का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा जो कि "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक" उत्तर रेलवे, मुरादाबाद (Sr. DFM/NR/Moradabad) के नाम देय होगा अन्यथा निविदा रद्द कर दी जायगी।

आवेदक यदि **NSG-4** श्रेणी के स्टेशन के लिए आवेदन करते है तो रु० 10000/- की धरोहर राशि, **NSG-5** श्रेणी के स्टेशन के लिए आवेदन करते है तो रु० 5000/- की धरोहर राशि एवं यदि **NSG-6** श्रेणी के स्टेशन के लिए आवेदन करते हैं तो रु० 2000/- की धरोहर राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में संलग्न करनी होगी जो कि "वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक" उत्तर रेलवे, मुरादाबाद के नाम देय होगा।

**नोट:** पूर्ण धरोहर राशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य और सभी अन्य अपेक्षित कागजात (स्वयं सत्यापित) के बिना जमा किये गए आवेदन प्रपत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि निविदा खोलने वाले दिन **21.04.2026** को अवकाश घोषित हो जाता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जाएगी।

**फाइल: 1/STBA/POLICY/MB/2022/C** **1078/2026**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के

# तीरंदाज कोमालिका बारी दमदार प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त



**रायपुर, वार्ता।** वर्ष 2021 में जब कोमालिका बारी ने अपने राज्य की साथी दीपिका कुमारी की बराबरी करते हुए विश्व कैडेट और विश्व जूनियर दोनों खिताब जीतने वाली भारत की दूसरी महिला रिकर्व तीरंदाज बनने का गौरव हासिल किया, तब से जमशेदपुर की इस खिलाड़ी से काफी सारी उम्मीदें जुड़ गई थीं। हालांकि, जूनियर स्तर पर शानदार प्रदर्शन के बाद सीनियर सर्किट में उनका सफर उतना आसान नहीं रहा।

कोमालिका एशियाई खेलों और 2028 ओलंपिक जैसे बड़े टूर्नामेंट्स के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन अभी तक वह पूरी तरह अपनी जगह पक्की नहीं कर पाई हैं। अब 2026 एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में चयन की दौड़ अंतिम चरण में पहुंच चुकी है, ऐसे में कोमालिका ने अपनी तैयारियों को और तेज कर दिया है। पुणे में चल रहे प्रशिक्षण शिविर में वह अपनी तकनीक को निखारने के साथ-साथ मानसिक मजबूती और दबाव में बेहतर प्रदर्शन करने पर भी खास ध्यान दे रही हैं। झारखंड की यह प्रतिभाशाली तीरंदाज यहां जारी पहले खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में तीरंदाजी प्रतियोगिता की प्रमुख आकर्षण हैं। कोमालिका ने साई मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं फिलहाल टॉप-16 में हूं और राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का हिस्सा हूं। एशियाई खेलों के चयन को लेकर मैं गंभीरता से तैयारी कर रही हूं। साथ ही, मैं ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अनुभव हासिल करना चाहती हूं, जबकि अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम को भी बनाए रख रही हूं। मेरा अंतिम लक्ष्य (2028) ओलंपिक है। इस समय मेरा प्रशिक्षण काफी अच्छा चल रहा है और मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं। सबसे ज्यादा ध्यान मानसिक रूप से मजबूत रहने पर है, क्योंकि प्रदर्शन में इसकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। मेरी यात्रा ने मुझे सिखाया है कि उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, लेकिन कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से उन्हें पार कर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि मैच अनुभव हासिल करने के अलावा वह अधिक से अधिक जनजातीय बच्चों को इस खेल को करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करना चाहती हैं।

कोमालिका ने 12 साल की उम्र में पहली बार धनुष-बाण उठाया। उन्हें उनकी मां, जो एक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हैं, का पूरा समर्थन मिला। उनकी मां ही उन्हें बिरसानगर में स्थानीय तीरंदाजी कोच के पास लेकर गईं, जहां से उनके करियर की शुरुआत हुई। साल 2012 में कोमालिका ने अपने शुरुआती संघर्षों का सामना करना शुरू किया। शुरुआती दिनों में उनके परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी मजबूत नहीं थी कि वे अभ्यास के लिए धनुष खरीद सकें, इसलिए उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बांस से बने अस्थाई धनुष का सहारा लिया। प्रशिक्षण शुरू करने के चार साल बाद कोमालि. का ने जमशेदपुर स्थित टाटा आर्चरी अकादमी में प्रवेश लिया और कोच धर्मेंद्र तिवारी तथा पूर्णिमा महतो के मार्गदर्शन में अभ्यास शुरू किया। लेकिन देश की इस प्रतिष्ठित अकादमी तक पहुंचने का सफर आसान नहीं था, क्योंकि उन्हें अपने बिरसानगर स्थित घर से रोजाना 18 किलोमीटर साइकिल चलाकर वहां पहुंचना पड़ता था। वह कहती हैं, ष्जब मैंने तीरंदाजी शुरू की थी, तब मेरे कई सीनियर खिलाड़ी थे जिन्हें मैं रोल मॉडल मानती थी। हमें उन्हें आमतौर पर सिर्फ प्रतियोगिताओं के दौरान देखने का मौका मिलता था और इससे हमें काफी प्रेरणा मिलती थी। यही एक बड़ा कारण है कि मैं खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में हिस्सा ले रही हूं।

# नशे के खिलाफ अभियान में सिविल लाइन्स पुलिस को मिली बड़ी सफलता, तीन आरोपी गिरफ्तार






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद में अवैध नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिविल लाइन्स पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाइयों में तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में अवैध चरस बरामद की है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे इस अभियान में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स के पर्यवेक्षण में कार्रवाई की गई। पहली कार्रवाई में पुलिस टीम ने टिकली फैक्ट्री क्षेत्र से शिवेन्द्र उर्फ गज्जू पुत्र गोपाल सिंह रावत निवासी आरपीएफ क्वार्टर, रेलवे हरथला कॉलोनी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 490 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि अधिक मुनाफे के लालच में वह चोरी-छिपे चरस की तस्करी करने लगा था। वहीं दूसरी कार्रवाई में पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें देवेश बन्धु शर्मा निवासी पूनम विहार कॉलोनी, खुशहालपुर थाना मझोला तथा शेखर दिवाकर निवासी प्रकाश नगर थाना मझोला शामिल हैं। दोनों के कब्जे से कुल 1.054 किलोग्राम अवैध चरस, एक मोबाइल फोन और 490 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार शेखर दिवाकर का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन्स में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि इन गिरफ्तारियों से क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगेगा।स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल अपराधियों में भय पैदा हुआ है, बल्कि आम जनता में सुरक्षा का विश्वास भी मजबूत हुआ है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आगे भी नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## आमने-सामने से बाइकें टकराईं, दो घायल

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़ ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र में बेरनी और बिचौटा चौराहा रोड पर सोमवार की दोपहर आमने-सामने से दो बाइकों की टक्कर से दो बाईक सवार घायल हो गए। सोमवार की दोपहर निरंजन पुत्र राजेन्द्र निवासी शहबाजपुर बिचौटा चौराहे से बाइक द्वारा बेरनी की ओर जा रहा था। तभी बेरनी निवासी कालीचरन पुत्र गंगाराम बाइक से बिचौटा चौराहे पर आ रहे थे। तभी बेरनी मोड़ पर दोनों बाइकें आपस में टकरा गईं जिसमें दोनों बाइक सवार घायल हो गए। सूचना पर डायल 112 पुलिस पहुंची और 108 एम्बुलेंस से गम्भीर रूप से घायल कालीचरन को सीएचसी भिजवाया। वहीं निरंजन को हल्की चोट आई और निजी चिकित्सक से उपचार कराया।

# इंसाफ मोर्चा का पुनर्गठन, अजय कुमार राजवर बने प्रदेश महामंत्री



चन्दौसी। इंसाफ मोर्चा के पुनर्गठन के तहत अजय कुमार राजवर को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि इंसाफ मोर्चा एक पुराना गैर-राजनीतिक संगठन है, जो कुछ कारणों से निष्क्रिय हो गया था, लेकिन अब प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर के नेतृत्व में इसे पुन: सक्रिय किया जा रहा है। राजवर ने कहा कि यह मोर्चा शोषित, पीडिघ्त, उपेक्षित, पिछड़े एवं अल्पसंख्यक समाज के हक-अधिकारों के लिए कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि उनकी सामाजिक यात्रा वंचित समाज आरक्षण मोर्चा के जिलाध्यक्ष (सम्भल) से शुरू होकर अब प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी तक पहुंची है, जो उनके लिए गर्व की बात है। बताया कि कन्नौज में वरिष्ठ नेता अनिल वाल्मीकि के आवास पर आयोजित बैठक में मोर्चा का पुनर्गठन किया गया। बैठक में अलीगढ़, सम्भल, कन्नौज, एटा, मैनपुरी, इटावा आदि जनपदों से आए समाजसेवियों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि जल्द ही पूरे प्रदेश में संगठन का विस्तार कर समाज के विभिन्न वर्गों को उनके अधिकार, सम्मान, रोजगार एवं राजनीतिक भागीदारी दिलाने के लिए आंदोलन चलाया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष मानिक लाल नागर ने नई कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए विजय लक्ष्मी (कानपुर) व कृष्ण मुरारी कठेरिया को प्रदेश उपाध्यक्ष, मोहम्मद शाहिद खान (चन्दौसी) को प्रदेश उपाध्यक्ष, तथा अशोक वाल्मीकि (गुरसहायगंज), अजय कुमार राजवर (चन्दौसी) व फिरोज खान (बरेली) को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया। सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संगठन का विस्तार कर जिला व नगर इकाइयों का गठन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनिल वाल्मीकि, सोनपाल वाल्मीकि, अजय वाल्मीकि, गणेश, अर्जुन, अशोक, मनीष, अंकित सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### परिषदीय विद्यालयों में हुआ परीक्षा फल का वितरण



**कांठ ( शाह टाइम्स )** सोमवार को परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल वितरित किया गया स कक्षा में पहला दूसरा एवं तीसरा स्थान पाने वाले में मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया स शासन ने 30 मार्च को परिषदीय विद्यालयों में परीक्षा फल वित. रित करने के निर्देश दिए थे स विद्यालयों में आज समारोह पूर्वक कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को परीक्षा फल वितरित किया गया तथा मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गयास इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहेस स्टेशन रोड स्थित पीएम श्री विद्यालय कंपोजिट में समारोह पूर्वक 50 से ज्यादा बच्चों को परीक्षा फल वितरित किया गया स इस अवसर पर इंचार्ज प्रधान अध्यापक उदयवीर सिंह, वरिष्ट शिक्षिका वंदना बिश्नोई, पारुल जैन सोनी, राखी बिश्नोई, कविता रानी,स्वाति शेखावत, देवेश कुमार, सुमन कुमार, वंदना शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### महिला से मारपीट में कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** घर पर अकेली महिला और उसके पिता के साथ मारपीट में पुलिस ने कई के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जनपद मुरादाबाद के थाना भोजपुर के गांव नेहरोरा निवासी वाजिद अली का कहना था कि उसने अपनी पुत्री रुबीना की शादी उस्मान पुत्र एहसान निवासी जमालपुर थाना छजलैट के साथ की थी उसका दामाद केरल में रहकर काम करता है घर पर बेटी रुबीना अकेली रहती है आरोप है कि उसका फूफा ससुर राशिद सास नन्ही सना रुखसार और अलफिजा उसकी बेटी के साथ घर जाकर आए दिन मारपीट और गाली गलौज करते रहते हैं 16 मार्च को उसकी बेटी घर पर अकेली थी ये लोग दोपहर में उसके घर आए और गालियां दी मारपीट की राशिद ने उसकी पुत्री के सर में सरिया मार दिया जिससे उसके सिर में चोट लगी और वह लहुलुहान हो गई सूचना मिलने पर वह बेटी के घर पहुंचा तो उक्त लोगों ने उसके साथ भी गाली गलौज और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। पीड़ित पिता ने राशिद पर अव्यवहारिक व्यवहार करने का भी आरोप लगाया पीड़ित बेटी को लेकर थाने पहुंचा और सभी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### नानी के घर गई किशोरी हुई लापता,परिवार ने दर्ज कराया अपहरण का मुकदमा

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना नागफनी क्षेत्र अंतर्गत नवाबपुरा गुडियाबाग निवासी 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार किशोरी बीती 22 मार्च को शाम करीब 7:30 बजे अपनी नानी के घर से अचानक कहीं चली गई और इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। काफी तलाश के बावजूद जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिवार ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।किशोरी के पिता ने 24 मार्च को थाना गलशहीद पहुंचकर मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने इस प्रकरण में केस दर्ज करते हुए कैफ पुत्र ताहिर निवासी लाल मस्जिद बाड़ा, थाना कोतवाली, जनपद मुरादाबाद को नामजद आरोपी बनाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और संभावित स्थानों पर तलाश की जा रही है।लापता किशोरी का हुलिया बताते हुए परिजनों ने पुलिस को बताया कि उसका रंग गोरा, कद करीब 5 फीट, चेहरा लंबा है तथा आंख, नाक और कान सामान्य हैं। घटना के समय वह क्रीम-सफेद रंग की फ्रॉक और पाजामी पहने हुए थी, साथ ही काले रंग का दुपट्टा और पैरों में सैंडल पहने हुए थी।पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को किशोरी के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल थाना गलशहीद या दिए गए मोबाइल नंबरों पर सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। पुलिस टीम किशोरी की सकुशल बरामदगी के लिए लगातार प्रयासरत है।



### रिपोर्ट कार्ड पा कर नन्हे बच्चे हुए खुश



**कुंदरकी।** सोमवार प्राइमरी स्कूल जटपुरा में वार्षिक रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह (त्मचवतज ब्ंतक क्पेजतपइनजपवद) आयोजित किया गया।उपस्थित छात्रों के समक्ष को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया ।इस दौरान बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की गयी ।उन्हें नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रेरित किया गया ।रिपोर्ट कार्ड बच्चों के साल भर के प्रदर्शन, शैक्षणिक सुधार के क्षेत्रों और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का माध्यम है। कक्षावार प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को शील्ड प्रदान की गई । इस अवसर पर समस्त बच्चों का फल और पेंसिल देकर उत्साहवर्धन किया गया।बच्चों के लिए विशेष भोज की व्यवस्था की गई। शालिनी मैडम द्वारा विद्यालय के कमाल हैदर सर,मोहित सर,सूचिता मैडम,फरहाना मैडम, अर्चना मैडम और रजनी मैडम के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरिता,ममता, लक्ष्मी और चन्द्रव ती आदि रसोइयों की भागीदारी रही।

### विद्यालय में हुआ भव्य दीक्षांत समारोह

**चन्दौसी।** नगर के ए.एम. वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को कक्षा प्ले से पांचवीं तक का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी शिक्षा की एक महत्वपूर्ण यात्रा पूरी करने का जश्न मनाया। समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और अतिथिगण उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत स्कूल के प्रबंधक अनूप मंगलम और स्कूल की चेयरपर्सन अलका मंगलम ने दीप प्रज्वलन करके किया। इसके बाद छात्रों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए गए। कक्षा नर्सरी से शानवी सिंह और वर्णिका यादव, कक्षा एलकेजी से अलिशवा फातिमा, कक्षा यूकेजी से आयुष दीप सिरोही और रिद्धि सिंह, कक्षा 01 से वेदांशी और दित्या गुप्ता, कक्षा 02 से अमरजोत सिंह, कक्षा 03 से आरना अग्रवाल, कक्षा 04 से शायना गोयल, कक्षा 05 से सिद्धार्थ नारायण पाठक प्रथम स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ने कड़ी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। अब समय आ गया है कि आप अपने सपनों को साकार करने के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करें। साथ ही प्रबंधक अनूप मंगलम ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है छात्रों ने भी अपनी यादें साझा कीं और शिक्षकों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# टीचर प्रीमियर लीग: गुरू बिग्रेड की शानदार जीत, धीरज बने मैन ऑफ द मैच

**चन्दौसी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** क्रीड़ा भारती जनपद सम्भल के तत्वावधान में सीतारोड स्थित पं. हनुमान सिंह ग्राउंड, सीता आश्रम में आयोजित 'टीचर प्रीमियर लीग' के छठे संस्करण का दूसरा मुकाबला सोमवार को 'राईजिंग स्टार' और 'गुरू बिग्रेड' के बीच खेला गया। टॉस जीतकर राईजिंग स्टार ने पहले फील्डिंग का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए गुरू बिग्रेड की टीम ने निर्धारित ओवरों में 172 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से धीरज ने शानदार 50 रन बनाए, जबकि दीपक ने 38 रनों का योगदान दिया। राईजिंग स्टार के गेंदबाज अंकित मौर्य ने 4 विकेट और मनीष वेनीवाल ने 3 विकेट लेकर विपक्षी टीम को रोकने का प्रयास किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राईजिंग स्टार की टीम 19.3 ओवर में 165 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और इस तरह गुरू बिग्रेड ने मुकाबला जीत लिया। राईजिंग स्टार की ओर से मनीष ने 33, मुकेश ने 24, संजय ने 23 और अंकित शर्मा ने 20 रन बनाए। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए धीरज को मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं इम्पैक्ट प्लेयर नागेंद्र, बेस्ट बॉलर अंकित मौर्य और बेस्ट बल्लेबाज मनीष रहे। बाद तीसरा मैच 'रॉयल स्ट्राइकर' और 'मास्टर ब्लास्टर' के बीच खेला जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक रॉयल स्ट्राइकर ने 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 85 रन बना लिए थे, जिसमें मोहम्मद सोएब 21 गेंदों में 39 रन बनाकर खेल रहे थे। मैच में अंपायरिंग कुश रावत व माथुर ने की, जबकि स्कोरिंग अभिषेक राठौर और उद्घोषणा मधुर वार्ष्णेय द्वारा की गई। आयोजन में क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों सहित कई शिक्षक खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# बाजार हाट नीलामी में महंगाई का तड़का, फड़ ठेले वालो पर पड़ेगा बोझ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूंढापांडे।** ब्लॉक क्षेत्र की दो अलग- अलग ग्राम पंचायतों में पहले से प्रस्तावित हाट बाजार की नीलामी सोमवार को की गई,जिसमें साप्ताहिक हाट बाजार का ठेका नीलाम किया गया,नीलामी में दलपतपुर गाँव मे छ: बाजार ठेकेदारों ने खुली बैठक में तय जमा राशि जमा करके तय बजारी में अनुज कुमार,मौव नोशाद, इंतजार, तस्लीम, जिलेहसन, जाकिर ने बोली लगाई,बैठक का संचालन ग्राम सचिव स्वाति चौहान ने किया, अध्यक्षता ग्राम प्रधान नाजुक जँहा ने की बाजार में सर्वाधिक वोली अनुज कुमार ने 4260000 लाख रुपये लगाई जबकि नोशाद ने 4250000 लाख रुपये लगाई थी,जिसके बाद कार्रवाई पूरी करते हुए ग्राम सचिव स्वाति चौहान ने दलपतपुर बाजार हाट की तय बजारी का ठेका अनुज



कुमार को दस हजार रुपये अधिक होने पर उन्हें दे दिया है,तो दूसरी और मछरिया बाजार हाट की नीलामी की कार्रवाई पूरी करते हुए ग्राम सचिव सुधीश कुमार ग्राम प्रधान अध्यक्ष अजय कुमार की अध्यक्षता में बाजार नीलामी की कार्रवाई करते हुए ठेकेदारों से आवे. दन प्राप्त किए जिसमे तीन ठेकेदारों ने आवेदन पत्र दिए, विपिनकुमार,रामकिशनसिंह,शिव कुमार,इन सभी ने बाजार नीलामी बोली लगाई जिसमे सर्वाधिक बोली 367200 लाख रुपये की बोली रामकिशन ने लगाई जबकि दूसरे उम्मीदवार विपिनकुमार, ने280000 लाख रुपये की बोली लगाई उसके बाद किसी भी बाजार ठेका लेने वाले ठेकेदारों ने बोली लगाने की कोई भी दिलचस्पी नही दिखाई जिसके बाद,ग्राम सचिव ने जरूरी कार्रवाई पूरी करते हुए, बाजार हाट का ठेका 87200 हजार रुपये सर्वाधिक होने पर बाजार हाट का ठेका रामकिशन के नाम पर दे दिया है जो कि बर्ष 2026-27 तक रहेगा,इस अवसर पर पुलिस प्रशासन एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जर्जर सड़कों और अतिक्रमण से जूझ रहा शहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शहर में एक ओर सड़कों पर बढ़ता अतिक्रमण लोगों के लिए परेशानी बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर प्रमुख मार्गों की जर्जर हालत ने आवागमन को जोखिम भरा बना दिया है। सीतारोड और मालगोदाम रोड, जो शहर में प्रवेश के मुख्य मार्ग हैं, इन दिनों गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। सीतारोड पर पथरा मोड़ से शहर में प्रवेश करने वाले लोगों को खस्ताहाल सड़क का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मालगोदाम रोड से आसपास के गांवों के लोग, स्कूली बच्चे और व्यापारी प्रतिदिन गुजरते हैं। इसी मार्ग से रोडवेज बसों का भी आवागमन होता है, लेकिन रेलवे फाटक तक सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि खराब सड़क के चलते आए दिन ई-रिक्शा पलटने की घटनाएं हो रही हैं। इसके अलावा सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से स्थिति और भी गंभीर हो गई है, जिससे रास्ता संकरा हो गया है। बताया गया कि पूर्व में नगरपालिका द्वारा गड्ढों को भरा गया था, लेकिन कुछ ही समय बाद सड़क फिर से खराब हो गई। लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने और अतिक्रमण हटाने की मांग की है। निवासियों का कहना है कि इन मार्गों से गुजरने वाले मरीजों और एंबुलेंस को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



# ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी आयोजित, निपुण विद्यालयों व मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**बिलारी।** विकासखंड बिलारी में शनिवार को शिक्षा की गुणवत्ता सुधार पर केंद्रित एक भव्य ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं, विद्यालयों के विकास और बच्चों के सर्वांगीण उत्थान को लेकर विस्तृत मंथन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विनय कुमार द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने मुख्य अतिथि का बुके भेंट कर स्वागत किया। संगोष्ठी में निपुण भारत मिशन, डीबीटी योजना, ऑपरेशन कायाकल्प तथा बालिका शिक्षा जैसे प्रमुख कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रतिभाओं का सम्मान रहा। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल 14 छात्रों तथा इंस्पायर अवार्ड मानक के तहत चयनित 8 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। वहीं विकासखंड के 31 निपुण विद्यालयों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। विभिन्न न्याय पंचायतों से आए ग्राम प्रधानों को भी शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका बिलारी के सभासद देवेश शर्मा समेत कई ग्राम प्रधान, शिक्षक, खंड स्तरीय अधिकारी और शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। टीएलएम प्रदर्शनी में सीमा यादव, अमित कुमार और दीपाली गुप्ता ने शिक्षण सामग्री का प्रदर्शन किया। संचालन एआरपी अक्षय कुमार, राजीव कुमार, नाजिम हुसैन, शीमी सदफ और वरुण ने संयुक्त रूप से किया। अंत में खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने सभी अतिथियों और शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बिलारी ब्लॉक को शिक्षा के क्षेत्र में आदर्श स्थापित करना हमारा साझा लक्ष्य है।

# श्री महावीर जयंती पर दिगंबर जैन मंदिर में विधि विधान से हुआ अभिषेक, सामूहिक पूजा और सेवा कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** श्री महावीर जयंती का पावन पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। पार्श्वनाथ श्री दिगंबर जैन मंदिर में प्रात:काल बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी एकत्र हुए और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत बेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं के प्रासुक जल अभिषेक से हुई। इसके बाद श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा का शांतिधारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। शांतिधारा के पश्चात अभिषेक आरती भी की गई। सामूहिक पूजा में श्री देव-शास्त्र-गुरु पूजा, श्री पार्श्वनाथ भगवान की पूजा, श्री आदिनाथ भगवान की विशेष पूजा तथा णमो. कार मंत्र का जाप प्रमुख आकर्षण रहे।

महावीर जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए रीता जैन ने बताया कि आज के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्म हुआ था। यह महापर्व उनके जन्म कल्याणक की स्मृति में मनाया जाता है।



उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी ने अपने जीवन में अहिंसा, सत्य और सभी जीवों के प्रति करुणा का संदेश दिया। उनके सिद्धांतों में बैर-भाव नहीं, केवल प्रेम और सह-अस्तित्व का भाव निहित है। उन्होंने प्रार्थना की कि वर्तमान समय में विश्व में युद्ध के कारण फैली अशांति शीघ्र समाप्त हो और सभी लोग शांति व सद्भाव से जीवन व्यतीत करें। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद जैन समाज के अनुयायियों ने वृद्ध आश्रम में सेवा कार्य किया। सामूहिक रूप से सभी वृद्धजनों को दोपहर का भोजन कराया गया और उनके साथ समय बिताकर खुशियाँ साझा कीं। यह सेवा कार्य महावीर स्वामी की करुणा और दया की शिक्षाओं पर आधारित बताया गया। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोग कौशल जैन, विनोद जैन, संजय जैन, रजत जैन, शशांक जैन, प्रतीक जैन, अरिहंत जैन, सिद्धांत जैन, आर्यांश जैन, रीता जैन, सीमा जैन, रेखा जैन, शिल्पी जैन, शगुन जैन, चारू जैन, आशा जैन, शशी जैन, सुरभि जैन, मीशिता, दर्शील जैन, लवी जैन, मानसी जैन, विपुल जैन, राजीव जैन, निधि जैन, खुशी जैन, सर्वांग जैन, तनिष्क जैन, वर्णिका जैन, अक्षय जैन समेत जैन समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# हाजी झंडा खान मेमोरियल इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षा फल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** सोमवार को हाजी झंडा खान मेमोरियल इंटर कॉलेज काजीपुरा में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया जिसमें कक्षा एक से नौ तक बा 11 के छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल दिया गया और साथ ही अपनी अपनी कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर कॉलेज प्रबंधन डॉक्टर तुफैल अहमद प्रधानाचार्य सलीम अहमद ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम आए छात्र-छात्राएं अमृता सोफिया मनीष दफिया प्रिंस हलीमा और दूसरे स्थान पर आए छात्र हमजा विदिशा नोमन बसु माही और आंचल को कॉलेज संच. ालक तमशील अहमद ने शील्ड देकर सम्मानित किया और तीसरे स्थान पर आए लवी हलीमा। उम्मेहनी प्राची रिंकी खुशबू आर्यन लायबा राधिका आदि को कॉलेज के वरिष्ठ अध्यापक ब अध्यापिकाओं ने शील्ड देकर सम्मानित किया तथा इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक डॉक्टर तुफैल अहमद नेकहा आजआपकी मेहनत का फल है जो आपको दिया गया है जिससे आपका भविष्य तय होता है तमसील अहमद ने कहा अब आप नए सत्र में और अगली कक्षा में पहुंच गए हैं अब आपको अपने परिवार और कॉलेज का नाम रोशन करना है प्रधानाचार्य सलीम अहमद ने कहा कि छात्र-छात्राएं देश के भविष्य हैं और आप अपने परिवार व देश की दिशा ब दशा करते हैं साथ ही सभी छात्र-छात्राएं एवं समस्त स्टाफ को दुआओं से नवाजा तथा कठिन परिश्रम करने को कहा।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

मंगलवार, 31 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईसी के द्वार भाजपा

पांच राज्यों असम, तमिलनाडु, केरल, पुड्डुचेरी, पश्चिमी बंगाल में चुनाव होने जा रहे हैं। इनमें पुड्डुचेरी केंद्रशासित प्रदेश है। यहां यह कहना जरूरी है कि सबसे ज्यादा घमासान पश्चिमी बंगाल में देखने में आ रहा है। वहां भाजपा और वहां की सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी बेहद आक्रामक अंदाज में चुनाव प्रचार को हवा दे रहे हैं। प्रदेश की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चुनाव आयोग को सीधे निशाने पर ले रही हैं। वह यहां तक कह रही हैं कि भाजपा के साथ साठगांठ कर चुनाव आयोग किसी भी तरह से टीएमसी को हराने में लगा है। वह धमकी देती भी दिखाई देती हैं जिसमें कहती हैं कि सरकार टीएमसी की ही बन रही है। भाजपा भी टीएमसी पर जमकर बरस रही है और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाताओं को धमकाने का सीधे आरोप लगा रही है। अपनी बात को सिद्ध करने के लिए सोमवार को केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और किरेन रिजिजू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भी चुनाव आयोग से मिला है, जिसमें बाकायदा शिकायत दर्ज कराई गई है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लोगों के घरों में जाकर धमका रही हैं और उन्होंने प्रशासन और पुलिस की मदद से पूरे चुनाव को हाईजैक कर लिया। भाजपा नेताओं का यहां तक कहना है कि पिछले चुनाव में भी सत्ताधारी दल ने दबाव और दादागिरी से सत्ता हासिल की थी। भाजपा के नेता चाहते हैं कि चुनाव आयोग पश्चिमी बंगाल के प्रशासन और पुलिस तंत्र को अपने नियंत्रण में लेकर निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराए। बताया जाता है कि चुनाव आयोग ने भाजपा प्रति. निधिमंडल को आश्वासन दिया है कि निष्पक्ष व शांति से चुनाव कराने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे। जैसाकि हम जानते हैं कि यह चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं जब पूरे देश में एसआईआर कराया जा रहा है और बड़े पैमाने पर वोटों की छंटनी दिखाई देती है। पश्चिमी बंगाल भी इससे अछूता नहीं है। वहां भी लगभग 70 लाख मतदाता मतों से वंचित कर दिए गए हैं। ऐसा टीएमसी का आरोप है। जबकि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ऐसा नहीं मानते। उन्होंने कहा है कि बड़ी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ एसआईआर किया गया है। चुनाव आयोग के दावे कुछ भी हों, लेकिन एक बात साफ है कि तमाम विपक्षी दल एसआईआर को लेकर आश्वस्त नहीं दिखते और ममता बनर्जी तो एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर बेहद आक्रामक रही हैं और वह सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई हैं और खुद ही वकालत कर डाली। जाहिर है यह तमाम बातें बताने के लिए काफी हैं कि चुनाव आयोग के सामने इस समय साख का बड़ा संकट है और यदि उसको अपनी साख बचानी है, तो वह निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराकर ही बचाई जा सकती है। चुनाव आयोग को इन आरोपों से बचना होगा, जो उस पर भाजपा की निकटता को लेकर लगते रहे हैं।

## नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं



देश के संस्थानों में बहुजन समाज की बड़े पदों पर हिस्सेदारी कम है और उनकी उचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आरक्षण से आगे बढ़कर नीतिगत सुधार किए जाने चाहिएं, उनसे मिलने जब भी किसी संस्थान या संगठन के लोग आते हैं, तो सबकी शिकायत यही रहती है कि उनके संस्थान में वरिष्ठ पदों पर कमजोर वर्ग के लोगों की हिस्सेदारी नहीं के बराबर है, हाल ही में जनसंसद में ग्रामीण बैंक के एससी- एसटी वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई कि प्रोन्नति में रोस्टर नियम होने के बावजूद दलित और आदिवासी कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जाता है।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा

# अहिंसा का शाश्वत संदेश : क्यों आज भी प्रासंगिक हैं महावीर





योगेश कुमार गोयल

अहिंसा परमो धर्म: का उद्घोष करने वाले भगवान महावीर का जीवन और दर्शन केवल एक धार्मिक परंपरा तक सीमित नहीं है बल्कि यह सम्पूर्ण मानवता के लिए शाश्वत मार्गदर्शक सिद्धांतों का स्रोत है। आज का युग विज्ञान, तकनीक और भौतिक उपलब्धियों के शिखर पर अवश्य पहुंच गया है लेकिन इसके साथ ही मानवता नैतिक, मानसिक और पर्यावरणीय संकटों से भी जूझ रही है।

ऐसे समय में भगवान महावीर के उपदेश और अमृतवाणी पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आधुनिक जीवन की आपाधापी में मनुष्य अपने स्वार्थ, लोभ और अहंकार के वशीभूत होकर ऐसे निर्णय लेने लगा है, जो न केवल उसके अपने जीवन को प्रभावित करते हैं बल्कि समाज और प्रकृति के संतुलन को भी बिगाड़ देते हैं। हिंसा आज केवल शारीरिक रूप तक सीमित नहीं रही बल्कि विचारों, शब्दों और व्यवहार में भी व्याप्त हो चुकी है। प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ में व्यक्ति संवेदनहीन होता जा रहा है। ऐसे परिदृश्य में महावीर स्वामी का अहिंसा दर्शन मानवता को करुणा, सहिष्णुता और आत्मसंयम की ओर लौटने का आह्वान करता है।

भगवान महावीर का दर्शन इस मूल विचार पर आधारित है कि संसार का प्रत्येक जीव समान है और सभी में आत्मा का वास है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी जीव को पीड़ा देना स्वयं अपने अस्तित्व को आहत करना है। आज जब पर्यावरण संकट, जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता के विनाश जैसी समस्याएं हमारे सामने खड़ी हैं, तब महावीर का यह सिद्धांत अत्यंत सार्थक प्रतीत होता है कि पेड़-पौधे, जल, वायु और अग्नि भी चेतन तत्व हैं और उनके प्रति भी संवेदनशीलता आवश्यक है। महावीर स्वामी ने केवल उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि संयम, तप और आत्मानुशासन के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर की अशुद्धियों को दूर कर सकता है। उन्होंने कर्म के सिद्धांत को स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्मों के लिए स्वयं उत्तरदाई है। कर्म ही जीवन की दिशा निर्धारित करते हैं और उसी के अनुसार जीव विभिन्न योनियों में भ्रमण करता है। यह विचार आज के समय में व्यक्ति को अपने आचरण के प्रति सजग और जिम्मेदार बनने की प्रेरणा देता है। उनकी अमृतवाणी में जीवन के हर पहलू के लिए मार्गदर्शन निहित है। वे कहते हैं कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, इसलिए 'जीओ और जीने दो' का सिद्धांत अपनाना चाहिए। यह केवल एक नैतिक उपदेश नहीं बल्कि सामाजिक सद्भाव और शांति का आधार है। यदि समाज में हर व्यक्ति इस सिद्धांत को आत्मसात कर ले तो हिंसा, द्वेष और संघर्ष स्वत: समाप्त हो सकते हैं। महावीर स्वामी ने यह भी कहा कि अहिंसा से बड़ा कोई व्रत नहीं है। आज जब युद्ध, आतंकवाद और सामाजिक हिंसा विश्व के विभिन्न हिस्सों में व्याप्त हैं, तब यह संदेश अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो व्यक्ति स्वयं हिंसा करता है, दूसरों से करवाता है या हिंसा का समर्थन करता है, वह अपने लिए शत्रुता और दु:ख का बीज बोता है। यह विचार आधुनिक समाज में नैतिक जिम्मेदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सु.ढ़ करता है।

उनका धर्म केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं था बल्कि आंतरिक शुद्धता पर आधारित था। उन्होंने कहा कि धर्म का स्थान आत्मा की पवित्रता में है, बाहरी आडंबर उसमें सहायक तो हो सकते हैं परंतु अनिवार्य नहीं। यह विचार आज के समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जब धर्म का स्वरूप कई बार बाहरी प्रदर्शन तक सीमित हो जाता है। महावीर का संदेश हमें सच्चे धर्म की ओर लौटने का मार्ग दिखाता है, जहां आत्मा की शुद्धता और आचरण की पवित्रता ही सर्वोपरि है। महावीर स्वामी ने मानव मन के चार प्रमुख दोषों (क्रोध, मान, माया और लोभ) को जीवन के पतन का कारण बताया। उन्होंने कहा कि क्रोध प्रेम को नष्ट करता है, अहंकार ज्ञान को, छल मित्रता को और लोभ सभी गुणों को समाप्त कर देता है। आज के तनावपूर्ण जीवन में यह शिक्षाएं अत्यंत उपयोगी हैं। यदि व्यक्ति इन दोषों पर नियंत्रण कर ले तो उसका जीवन संतुलित और सुखमय बन सकता है। उनकी वाणी में सामाजिक समानता का भी स्पष्ट संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि जन्म से नहीं बल्कि कर्म से व्यक्ति महान बनता है। यह विचार सामाजिक न्याय और समानता की भावना को मजबूत करता है।

आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों के संदर्भ में भी यह सिद्धांत अत्यंत प्रासंगिक है। महावीर स्वामी ने सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। उन्होंने कहा कि रोगियों और पीड़ितों की सेवा करना प्रभु की सेवा से भी बढ़कर है। आज जब समाज में संवे. दनहीनता बढ़ती जा रही है, तब यह संदेश मानवता को पुन: जागृत करने का कार्य करता है। कोरोना महामारी जैसे संकटों के दौरान हमने देखा कि सेवा और सहानुभूति ही समाज को संभालने का सबसे बड़ा आधार बनी। उनकी शिक्षाओं में स्त्री-पुरुष समानता का भी उल्लेख मिलता है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मुक्ति पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। यह विचार आज के समय में लैंगिक समानता के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है। महावीर स्वामी का दर्शन हमें यह भी सिखाता है कि धैर्य और सहनशीलता के बिना अहिंसा का पालन संभव नहीं है। जो व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में अपना धैर्य खो देता है, वह सच्चे अर्थों में अहिंसक नहीं हो सकता। यह शिक्षा आज के तनावपूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक जीवन में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देती है। उनकी अमृतवाणी का सार यह है कि मन, वचन और कर्म से किसी भी प्राणी को कष्ट न पहुंचाया जाए। यही सच्चा धर्म है और यही जीवन की सर्वोच्च साधना है। उन्होंने यह भी कहा कि आत्मा अमर है, शरीर नश्वर है और जीवन का अंतिम लक्ष्य आत्मा की मुक्ति है। यह विचार व्यक्ति को आध्यात्मिक दृष्टि प्रदान करता है और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने में सहायता करता है। आज के समय में, जब मानवता अनेक चुनौतियों से जूझ रही है, चाहे वह नैतिक पतन हो, पर्यावरणीय संकट हो या मानसिक अशांति, भगवान महावीर की शिक्षाएं एक प्रकाश स्तंभ की तरह मार्गदर्शन करती हैं। उनका दर्शन न केवल व्यक्तिगत जीवन को सुधारने का मार्ग दिखाता है बल्कि समाज और विश्व में शांति, सद्भाव और संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा भी देता है। महावीर जयंती केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि आत्ममंथन और आत्मसुधार का अवसर है।

यह हमें अपने भीतर झांकने और यह विचार करने का अवसर देती है कि क्या हम वास्तव में अहिंसा, सत्य, संयम और करुणा के मार्ग पर चल रहे हैं। यदि हम भगवान महावीर के सिद्धांतों को अपने जीवन में अपनाएं तो न केवल हमारा व्यक्तिगत जीवन सार्थक होगा बल्कि समाज और विश्व भी अधिक शांतिपूर्ण और मानवीय बन सकेगा। अत: यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भगवान महावीर की अमृतवाणी सदैव प्रासंगिक रहेगी। यह मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य धरोहर है, जो समय, परिस्थिति और युग की सीमाओं से परे जाकर हर युग में मार्गदर्शन करती रहेगी।

# गाजर के डंठल-छिलकों से खाद्य सामग्री का निर्माण

**पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होतीं कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं।**

जैसे-जैसे दुनिया की आबादी बढ़ रही है, ज़्यादा दिन चलने वाले और पौष्टिक खाद्य की जरूरत भी बढ़ रही है। इस सम्बंध में, 2024 में लुबिस एवं साथियों द्वारा संपादित पुस्तक बायोमास कन्वर्जन एंड सस्टेनेबल बायोरिफाइनरी पठनीय है। यह किताब जैविक पदार्थ बायोमास अपशिष्ट का अन्य रूप में उपयोगी इस्तेमाल और बायोरिफाइनरी इस्तेमाल में हुई हालिया तरक्की पर प्रकाश डालती है, और प्रबंधित पुनर्उपयोग से जैविक अपशिष्ट और उप-उत्पादों को कम करने के तरीकों पर चर्चा करती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि जैसे-जैसे आबादी बढ़ रही है, जैविक कचरे को खाद्य उत्पादों में तब्दील करने के तरीके खोजना आवश्यक होता जा रहा है।

हमारे भोजन में कई तरह की सब्जियां, अंडे और मांस शामिल होते हैं। इनको पकाने के लिए काटते या साफ करते समय हम इनका अखाद्य हिस्सा छीलकर या छांटकर अलग करते हैं और कचरे की तरह फेंक देते हैं। गाजर के साथ भी हम यही करते हैं, इसका छिलका, ऊपरी नोंक और डंठल तरफ का हिस्सा हम छील-काटकर अलग कर देते हैं। गाजर के कुछ हिस्सों से हम मिठाई भी बनाते हैं और बाकी हिस्सा खाने लायक न होने के कारण फेंक देते हैं, जो बर्बाद ही जाता है। उपरोक्त पुस्तक में गगन जे। कौर और साथियों का आलेख इस मुद्दे पर विस्तार से बात करता हैय शीर्षक है 'असेसमेंट ऑफ कैरट रिजेक्ट्स एंड वेस्ट्स फॉर फूड प्रोडक्ट एंड एज ए बायोफ्यूल'। इसी संदर्भ में, दिसंबर 2025 में जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल एंड फूड केमिस्ट्री में जर्मनी की गीसेन यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट ऑफ फूड केमिस्ट्री के मार्टिन गैंड के नेतृत्व में एक अंतर्राष्ट्रीय वैज्ञानिक दल का शोध पत्र छपा था। यह अध्ययन गाजर के कचरे से कवक पनपाने की बात करता है। कवकों फफूंद के पोषण प्राप्त करने के तरीके पौधों और जंतुओं से सर्वथा अलग हैं।

पौधों के विपरीत, कवक प्रकाश संश्लेषण नहीं करते। उनमें जड़ें भी नहीं होतीं कि जिनकी मदद से वे बढ़ सकें। बल्कि कवक तो बाहरी स्रोतों से अपना भोजन-पोषण प्राप्त करते हैं। और तो और, जंतुओं से उलट, कवक पाचन के पहले भोजन ग्रहण नहीं करते, बल्कि वे जैविक चीजों को तोड़ने पचाने के लिए अपने आसपास शक्तिशाली एंजाइम छोड़ते हैं और फिर मायसेलिया की मदद से अपने आसपास मौजूद पोषण अवशोषित करते हैं। बताते चलें कि मायसेलिया कवक में जड़ जैसी संरचना होती है जो तंतुनुमा जाल बनाती है। पोषण हासिल करने का अनोखा तरीका उन्हें विभिन्न पर्यावरणों में पनपने के काबिल बनाता है और उनकी पारिस्थितिक भूमिकाओं को मजबूत करता है। कवक में लगभग हर जैविक चीज को अपघटित करने की जबरदस्त क्षमता भी होती है, जिसमें वह खाद्य कचरा भी शामिल है जिसे हम पचा नहीं पाते। कवक का एक आम उदाहरण मशरूम है, जिसका इस्तेमाल शोरबा, तरी, पास्ता और पिज्जा बनाने में किया जाता है।

यह पूरी तरह से शाकाहारी खाद्य है और इसमें विटामिन तथा एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। मशरूम ऐसे कवक हैं जो उपलब्ध बाहरी पोषक तत्वों का इस्तेमाल करके पनपते हैं, जिनमें खाद्य कचरा भी शामिल है। हमारे आहार में भी मशरूम शामिल हो सकते हैं। दिसंबर 2025 में एक शोध समूह ने विभिन्न देशों के 100 से ज्यादा तरह के मशरूम का परीक्षण किया और पाया कि वे गैर-खाद्य कचरे को उपयोगी बनाने में काफी असरदार हैं। शोधकर्ताओं ने गाजर के कचरे पर अध्ययन केंद्रित किया, और देखा कि कवक उन्हें कैसे पचाते हैं और उससे खाने लायक चीजें बनाते हैं। उदाहरण के लिए, टीम ने गाजर के छिलके वगैरह पर पनपाए गुलाबी ओइस्टर मशरूम के मायसेलिया से वीगन पैटीज बनाई। ए वीगन पैटीज कुछ व्यंजनों में सोया की जगह इस्तेमाल की जा सकती हैं। हममें से कई लोग अपने भोजन में कई तरह से गाजर खाते हैंय जैसे सब्जी बनाकर, सलाद में या गाजर का हलवा वगैरह बनाकर। लेकिन रसोइए और आहारविद सलाह देंगे कि हमें इन व्यंजनों में मशरूम का ज़्यादा इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि ए सेहत के लिए फायदेमंद हैं। कवक की मदद से खाद्य कचरे को प्रोटीन और विटामिन युक्त खाद्य में बदलकर भविष्य में शायद खाद्य सुरक्षा हासिल की जा सकती है।

स्रोत फीचर्स
डॉ. डी. बालसुब्रमण्यन

# शाहजहांपुर में क्यों हुआ शहीदों का अपमान?



रोहित कौशिक

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में शहीदों की प्रतिमाओं को ध्वस्त कर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब इस मुद्दे पर हंगामा हुआ तो प्रशासन ने पुन: इन प्रतिमाओं को स्थापित करा दिया। शहीदों के इस अपमान से कई सवाल खड़े हो गए है। क्या इस देश में देश पर मर-मिटने वाले क्रान्तिकारियों के साथ न्याय हो पाया है ? क्या इस देश ने आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों को वह सम्मान दिया है, जिसके वे हकदार थे? एक तरफ सरकारें क्रांतिकारियों का नाम जपती रहीं तो दूसरी तरफ जनता क्रान्तिकारियों के गीत गाती रही लेकिन न ही सरकारों ने और न ही जनता ने क्रान्तिकारियों के जज्बे के साथ न्याय किया। एक तरफ क्रान्तिकारियों के लिए भाषणों में बड़ी-बड़ी बातें की जाती रहीं तो दूसरी क्रान्तिकारियों को याद करना सिर्फ औपचारिकता रह गई। सरकारें राष्ट्रभक्ति, देशभक्ति और देशद्रोह का पाठ पढ़ाती रहीं लेकिन स्वयं ही देशभक्त क्रान्तिकारियों का अपमान करती रहीं। राष्ट्रभक्ति का नारा लगाने वाली सरकार में आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले क्रान्तिकारियों का सम्मान तार-तार कर दिया गया। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस यानी 23 मार्च की रात्रि में उत्तर प्रदेश सरकार ने क्रान्तिकारियों का ऐसा अपमान किया कि एक सच्चे देशभक्त का खून खौल जाए। लेकिन जब इस दौर में देशभक्ति भी नकली हो और खून पानी हो तो सत्ता के सामने देशभक्तों की आवाज कैसे निकल सकती है ? इस दौर में जबकि देशभक्ति का अर्थ मुसलमानों को गाली देना ही रह गया हो, सच्ची देशभक्ति की भावना कहां दिखाई देती है ? शहाजहांपुर में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने शहाजहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों को फांसी दे दी। उत्तर प्रदेश सरकार के बुलडोजर ने शहाजहांपुर में शहा. जहांपुर के तीन क्रान्तिकारियों रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह की प्रतिमाओं को मलबे में तब्दील कर दिया। बेशर्मी देखिए कि रात के अंधरे में ध्वस्त किए गए इन अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउंड में फेंक दिया गया। जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहा. जहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया? दिन में इन्हें क्यों ध्वस्त नहीं किया गया ? स्पष्ट है कि इस मुद्दे पर शासन और प्रशासन ने छिप कर खेल खेला। बाद इस मुद्दे पर लीपापोती कर कार्रवाई की बात की गई। सवाल यह है कि कार्रवाई किस पर होगी ? क्या उत्तर प्रदेश में सरकार की हरी झंडी के बिना कुछ हो सकता है ? प्रतिमाओं के ध्वस्त होने के बाद जब हंगामा बढ़ा तो कहा जा गया कि नई प्रतिमाए लगाई जाएंगी। सवाल यह है कि नई प्रतिमाएं लगाने की जरूरत ही क्या थी ? प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी का कहना कि इन प्रतिमाओं का कलात्मक पक्ष भी बहुत मजबूत था। तो फिर इन प्रतिमाओं को ध्वस्त करने की क्या जरूरत थी? अगर ये प्रतिमाए ध्वस्त करनी ही थीं तो इन्हें सम्मान के साथ ध्वस्त क्यों नहीं किया गया? क्यों इन प्रतिमाओं के ध्वस्त अवशेषों को शहर के बाहर डंपिंग ग्राउन्ड में फेंक दिया गया ?

> जब मैंने इस मुद्दे पर क्रान्तिकारियों पर प्रामाणित लेखने करने वाले प्रख्यात लेखक सुधीर विद्यार्थी से बात की तो उन्होंने बहुत ही दुखी मन से कहा कि काकोरी शहीदों को उनके शहर में फिर मृत्युदंड दे दिया गया। सुधीर विद्यार्थी भी मूल रूप से शहाजहांपुर के रहने वाले ही है। उन्होंने बताया जब शहाजहांपुर में ए प्रतिमाए लगी थी तो मैं छात्र था और मेरे सामने ही ये प्रतिमाएं लगी थीं। 9 अगस्त 1925 को हुए काकोरी ट्रेन कांड में शहाजहांपुर के सुप्रसिद्ध क्रान्तिकारी रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाकउल्ला खां और ठाकुर रोशन सिंह को 19 दिसम्बर। 1927 को उत्तर प्रदेश के विभिन्न जेलों में फांसी पर लटकाया गया था। कितना शर्मनाक है उत्तर प्रदेश सरकार ने इन क्रान्तिकारियों को एक बार फिर न केवल फांसी पर लटकाया बल्कि इनके अंगों को भी काट कर मलबे को फेंक दिया गया। सवाल यह है शासन और प्रशासन ने इन क्रान्तिकारियों की प्रतिमाओं पर रात को ही क्यों बुलडोजर चलाया गया?

विद्यार्थी जी ने बताया कि ये तीनों प्रतिमाएं स्वतंत्रता के रजत जयंती वर्ष यानी 1972 में तत्कालीन नगरपालिका अध्यक्ष वासुदेव गुप्ता ने स्थापित कराई थी जो 1942 के आन्दोलन में जेल भी गए थे। उसी समय इन शहीद प्रतिमाओं के दक्षिण की ओर मैदान में शहीद द्वार का निर्माण कराकर स्वतंत्रता सेनानी और साथी साप्ताहिक के संपादक श्याम सिंह बागी ने शहीद मेला का आयोजन किया, जिसका उद्घाटन पेशावर क्रांति के नायक चंद्र सिंह गढ़वाल ने किया था। क्या सौंदईकरण के नाम पर शहीदों का इस तरह अपमान किया जाएगा ? इस दौर में सौंदईकरण के नाम अनेक शहरों के पुराने और ऐतिहासिक महत्व के भवनों और मंदिरों को ध्वस्त किया जा रहा है। वाराणसी में सौंदईकरण के नाम पर अनेक मंदिरों को तोड़ दिया गया। निश्चित रूप से सौंदईकरण होना चाहिए लेकिन सरकारों को यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विकास की प्रक्रिया में देश के लिए मर मिटने वालो शहीदों की प्रतिमाओं और ऐतिहासिक इमारतों को भी संरक्षित किया जाए। विकास के नाम अपने अतीत को भूलना ठीक नहीं है। इस दौर में नई पीढ़ी सोशल मीडिया की गिरफ्त में है। नई पीढ़ी को सोशल मीडिया की गिरफ्त से बाहर निकालने और अपने इतिहास की भूली कड़ियों की याद दिलाने के लिए ऐतिहासिक महत्व की चीजें काफी मददगार हो सकती हैं। लेकिन इस दौर में इतिहास की चिंता सिर्फ राजनीति के लिए की जा रही है। जरूरत इस बात की है आज इतिहास की चिंता नई पीढ़ी में सच्ची देशभक्ति पैदा करने के लिए होनी चाहिए। सिर्फ नारे लगाकर देशभक्ति नहीं की जा सकती। सच्ची देशभक्ति के लिए जरूरी है कि नई पीढ़ी आजादी की लड़ाई लड़ने वाले क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को समझे। विकास की इस प्रक्रिया में क्रान्तिकारियों की सच्ची विरासत को भुलाने की को. शिश की जा रही है। विडम्बना यह है कि शहीदों को यह अपमान राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रभक्त जैसे शब्दो का रोज इस्तेमाल करने वाली सरकार में किया जा रहा है। हमारे देश में बहुत पहले से ही क्रान्तिकारियों को वह सम्मान नहीं मिल पाया जिसके वे हकदार थे लेकिन उत्तर प्रदेश सरकार में तो हद ही हो गई। अब तो खुले आम क्रान्तिकारियों को जमीन में गाड़ दिया गया। हालांकि इस मुद्दे पर हंगामा बढ़ने के बाद इन प्रतिमाओं को पुन: स्थापित कर दिया गया है, लेकिन शहाजहांपुर में शहीदों का अपमान क्यों हुआ? यह सवाल तो अपनी जगह बना ही रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अफगान-पाक में फिर संघर्ष, एक की मौत, 12 घायल

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की सरकार ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान की सेना ने रविवार को देश के कुनार प्रांत के असदाबाद शहर के बाहरी इलाकों पर गोलाबारी की, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और 12 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दोनों देशों के बीच फरवरी से टकराव बढ़ा हुआ है। इसे पिछले कई दशकों में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सबसे गंभीर टकराव माना जा रहा है। पाकिस्तान का आरोप है कि अफगानिस्तान अपनी जमीन पर आतंकवादियों को पनाह दे रहा है, जो पाकिस्तान के अंदर हमले करते हैं।

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ धन शोधन की जांच तेज

**नई दिल्ली।** नेपाल के धन शोधन जांच विभाग के अधिका. रियों ने तीन पूर्व प्रधानमंत्रियों और दो पूर्व मंत्रियों से जुड़े धन शोधन के मामले की जांच तेज कर दी है। 'द काठमांडू पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार यह कार्रवाई प्रारंभिक पूछताछ में उनके वित्तीय रिकॉर्ड और संपत्तियों में विसंगतियां पाए जाने के बाद की गई है। डीएमएलआई ने नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो के सहयोग से पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल के साथ-साथ पूर्व मंत्री आरजू राणा देउबा और दीपक खड़का के खिलाफ विस्तृत जांच शुरू की है।

### सोशल मीडिया के दबाव में मत आइए, खुद को अपनाइए: कुब्रा सैत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कुब्रा सैत ने हाल ही में सोशल मीडिया पर दिखने वाले परफेक्ट बॉडी स्टैंडर्ड्स पर अपनी बात रखते हुए बताया है कि किस तरह से सोशल मीडिया का दखल व्यक्तिगत जीवन में बढ़ गया है। कुब्रा ने लोगों को सलाह भी दी है कि इन चीजों के लिए सोशल मीडिया को दोष देने के बजाय खुद के अंदर झांकना चाहिए। कुब्रा सैत ने कहा कि असली समस्या सोशल मीडिया नहीं, बल्कि हमारी अपनी असुरक्षाएं हैं।



**मुंबई। आपूर्ति वितरण के दौरान खाली एलपीजी गैस सिलेंडरों के साथ भरे हुए सिलेंडर प्राप्त करने के लिए कतार में इंतजार करते लोग।**


## इजरायली सेना का तेहरान में सैन्य ठिकानों पर नए हमलों का दावा

**यरूशलेम।** इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि वह तेहरान पर लक्ष्य साधकर उसके सैन्य ठिकानों पर नए हमले कर रहा है।आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, ष्इजरायली रक्षा बल वर्तमान में पूरे तेहरान ईरानी आतंकी शासन के बुनियादी सैन्य ढांचों पर हमले कर रहा है। गौरतलब है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को तेहरान सहित ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए। इसके बाद ईरान ने इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले किए।

# अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता की मध्यस्थता को पाक तैयार: डार

## इशाक डार की इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जल्द ही ईरान और अमेरिका के बीच मध्यस्थता वार्ता की मेजबा. नी करने के लिए तैयार है। विदेश मंत्री एवं उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने रविवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि इसको लेकर मिस्र, सऊदी अरब और तुर्की के शीर्ष राजनयिकों के साथ बातचीत हुई है।



■ **पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की**

ये बातचीत ऐसे समय में हुई जब ईरान ने अमेरिका को जमीनी हमला करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग के चलते वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। डार ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया कि बातचीत सीधी होगी या परोक्ष, या यह कब और कहां होगी लेकिन उन्होंने कहा कि यह आने वाले दिनों में होगी। पाकिस्तानी विदेश मंत्री के दावों के बाद अमेरिका या ईरान, किसी ने भी तत्काल कोई टिप्पणी जारी नहीं की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान बहुत खुश है कि ईरान और अमेरिका दोनों ने बातचीत में पाकिस्तान की मध्यस्थता पर अपना भरोसा जताया है, जो आने वाले दिनों में होगी। राजनयिकों से मुलाकात के बाद डार ने दावा किया कि उन्होंने मध्यस्थता के लिए पाकिस्तान के प्रयासों का सक्रिय रूप से समर्थन किया है और पाकिस्तान से अपील की है कि वह शामिल पक्षों के बीच व्यवस्थित बातचीत के लिए माहौल तैयार करे। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, डार ने बढ़ते तनाव के बीच शांति तक पहुंचने के एकमात्र व्यावहारिक रास्ते के रूप में कूटनीति की वकालत की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस संघर्ष को समाप्त करने के सभी प्रयासों और पहलों में सक्रिय रूप से शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि हम स्थिति को शांत करने और संघर्ष का समाधान खोजने के अपने प्रयासों में अमेरिकी नेतृत्व के साथ भी सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि मंत्री चतुष्पक्षीय बैठक समाप्त होने के बाद पाकिस्तान से रवाना हो गए हैं। डार ने बताया कि इस बैठक के बाद प्रत्येक मंत्री के साथ अलग-अलग बहुत ही सार्थक द्विपक्षीय बैठकें भी हुईं। एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरते हुए, पाकिस्तान उन चुनिंदा देशों में से एक है जिनके अमेरिका और ईरान दोनों के साथ कूटनीतिक रूप से अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के अधिकारियों का कहना है कि उनके ये सार्वजनिक प्रयास हफ्तों की खामोश कूटनीति के बाद सामने आए हैं, हालांकि अब तक न तो ईरान और न ही अमेरिका ने बात. चीत करने में बहुत ज्यादा इच्छा दिखाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अब तक कूटनीति और बातचीत करने के प्रयासों को लेकर अमेरिका की गंभीरता के बारे में मिले-जुले संकेत दिए हैं।

# जल्द समझौता नहीं हुआ, तो तबाह कर देंगे खर्ग द्वीप

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ईरान को चेतावनी, ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का दे सकते है आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि उनका देश ईरान में अपने सैन्य अभियानों को समाप्त करने के लिए एक और अधिक समझदार शासन के साथ गंभीरता से बात. चीत कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है, लेकिन अगर किसी भी वजह जल्द ही कोई समझौता नहीं हो पाता है (जिसकी बहुत अधिक संभावना है)और अगर होर्मुजलडमरूमध्य व्यापार के लिए नहीं खुलता है, तो हम उनके सभी बिजली उत्पादन संयंत्रों, तेल कुओं और खर्ग द्वीप को पूरी तरह तबाह कर देंगे, जिन्हें हमने जानबूझकर अभी तक छुआ नहीं है।

उन्होंने लिखा, यह उन असंख्य सैनिकों और अन्य लोगों का बदला होगा, जिन्हें ईरान ने पिछले शासन के 47 वर्षों के आतंक के दौरान बेरहमी से मार डाला था। इस मामले पर ध्यान देने के धन्यवाद। अमे. रिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ईरान के खिलाफ जमीनी कार्रवाई करने का आदेश दे सकते हैं। अमेरिकी अखबार द वाल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं। इस बीच, अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है। इनमें से 3500 से ज्यादा सैनिक पहले ही वहां पहुंच चुके हैं। 3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे। इसमें से 2500 मरीन सैनिक थे। यूरेनियम एक ऐसा पदार्थ है, जिससे परमाणु ऊर्जा भी बनाई जा सकती है और परमाणु बम भी। फर्क सिर्फ इस बात से पड़ता है कि उसे कितना एनरिच यानि कि शुद्ध किया गया है। प्राकृतिक यूरेनियम में काम का हिस्सा बहुत कम होता है, इसलिए उसे मशीनों (सेंट्रीफ्यूज) के जरिए धीरे-धीरे शुद्ध किया जाता है। इसी प्रक्रिया को 'यूरेनियम एनरिचमेंट' कहते हैं। माना जा रहा है कि ईरान का बड़ा परमाणु भंडार उन पहाड़ी ठिकानों के मलबे के नीचे दबा है, जिन्हें अमेरिका ने बमबारी में निशाना बनाया था। आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी के मुताबिक, यह यूरेनियम इस्फहान की अंडरग्राउंड टनल और नतांज जैसे ठिकानों पर हो सकता है।

ट्रम्प ने पहले दावा किया था कि हमलों में ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह तबाह हो गया, लेकिन अब माना जा रहा है कि काफी यूरेनियम नष्ट नहीं हुआ, बल्कि मलबे के नीचे दब गया है। ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि ज्यादातर यूरेनियम मलबे के नीचे दबा है और अभी उसे निकालने का कोई प्लान नहीं है। साथ ही, ईरान के पास अभी भी ऐसी मशीनें हैं, जिनसे वह यूरेनियम को और शुद्ध बना सकता है और नए गुप्त ठिकाने भी बना सकता है। ईरान के विदेश मंत्री ने भी कहा था कि लगभग सारा 60 प्रतिशत समृद्ध यूरेनियम मलबे के नीचे दबा हुआ है और अभी उसे निकालने की कोई योजना नहीं है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि ईरान के पास अभी भी यूरेनियम को और समृद्ध करने के लिए सेंट्रीफ्यूज मशीनें हैं और वह नए अंडरग्राउंड ठिकाने भी बना सकता है। ट्रम्प और उनके कुछ सहयोगियों का मानना है कि एक सीमित और टारगेटेड आपरेशन के जरिए इस परमाणु सामग्री को कब्जे में लिया जा सकता है, जिससे युद्ध लंबा नहीं खिंचेगा और अप्रैल के मध्य तक इसे खत्म किया जा सकता है। ट्रम्प खुद भी लंबे युद्ध से बचना चाहते हैं, क्योंकि उनके कुछ सहयोगी चाहते हैं कि वे ध्यान घरेलू मुद्दों और आने वाले चुनावों पर दें, जहां रिपब्लिकन पार्टी को नुकसान का खतरा बताया जा रहा है। एक्सपर्ट ट्रम्प के यूरेनियम हासिल करने के लिए जमीनी आपरेशन शुरू करने की योजना को मुश्किल और खतरनाक मानते हैं। उनका कहना है कि इसके लिए बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिकों को ईरान के अंदर भेजना पड़ेगा।



■ **ट्रम्प ईरान के पास मौजूद यूरेनियम को अपने कब्जे में लेना चाहते हैं**
■ **अमेरिका मिडिल ईस्ट में करीब 10000 अतिरिक्त सैनिक भेजने की योजना बना रहा है**
■ **3500 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक 28 मार्च को मिडिल ईस्ट पहुंचे**

## ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को किया गया नष्ट: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को दावा किया कि अमे. रिकी सेना ने ईरान के कई महत्वपूर्ण ठिकानों को 'खत्म या फिर पूरी तरह से नष्ट' कर दिया है। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर कहा कि ईरान में बड़ा दिन। हमारी महान सेना ने कई लंबे समय से वांछित लक्ष्यों को खत्म और नष्ट कर दिया गया है। हालांकि, उन्होंने न तो विस्तार से जानकारी दी और न ही लक्ष्यों की पहचान की। एक संबंधित घटनाक्रम में, लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) ने सोमवार को घोषणा की कि 29-30 मार्च की रात को अदचित अल कुसैर में एक गोला फटने से संयुक्त राष्ट्र का एक शांति रक्षक मारा गया और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यूएनआईएफआईएल ने शांति रक्षक की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया। इसने यह भी नहीं बताया कि गोला किसने दागा था। एजेंसी ने कहा कि हमें गोले के स्रोत का पता नहीं है। हमने सभी परिस्थितियों का निर्धारण करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

## ईरान के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहे हैं: ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि हम ईरान के साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे है। उन्होंने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत का जक्रि करते हुए पत्रकारों से कहा कि हम उनके साथ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह से बातचीत कर रहे हैं। ट्रम्प ने आगे कहा कि बैठक के दौरान दोनों पक्ष बहुत जरूरी मुद्दों पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि ईरान अमेरिका के शांति समझौते की ज्यादातर शर्तो सहमत हो गया है, लेकिन हम इससे ज्यादा चाहते है। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर हमला करना शुरू कर दिया। ईरान इजरायली इलाके के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमले कर रहा है।

## भारतीय राजदूत ने कुवैती अधिकारियों से की मुलाकात

**कुवैत सिटी।** कुवैत की भारतीय राजदूत परिमिता त्रिपाठी ने सोमवार को कुवैत के केंद्रीय शवगृह का दौरा किया। जल शोधन इकाई पर हुए हमले में जान गंवाने वाले एक भारतीय नागरिक का यहां पार्थिव शरीर रखा गया है। राजदूत ने यहां जनरल डिपार्टमेंट ऑफ क्रिमिनल एविडेंस के जनरल मैनेजर ब्रिगेडियर अब्दुल रहीम अल-अवधी से मुलाकात की। उन्होंने कुवैती अधिकारियों से मिली त्वरित और संवेदनशील सहायता के लिए आभार व्यक्त किया। भारतीय दूतावास मृतक के परिवार के साथ निरंतर संपर्क में है और पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत भेजने के लिए कुवैती अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है। कुवैत सरकार के अनुसार, सोमवार (30 मार्च) को कुवैत के एक विद्युत एवं जल शोधन ईकाई पर हुए ईरानी हमले में एक भारतीय कर्मचारी की मौत हो गई। विद्युत एवं जल मंत्रालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस हमले में संयंत्र के सेवा भवन को भी नुकसान पहुंचा है। पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक कम से कम सात भारतीय नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि हुई है और एक के लापता होने की खबर है।

# ईरान के हैवी वॉटर उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त: आईएईए

■ **ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था**

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने सोमवार को पुष्टि की कि ईरान में खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया है और अब चालू हालत में नहीं है।

उल्लेखनीय है कि हैवी वाटर (ड्यूटेरियम ऑक्साइड) का इस्तेमाल परमाणु संयंत्रों में परमाणु विखंडन प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है। यह परमाणु रिएक्टर में न्यूट्रॉन को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईएईए ने कहा कि इस संयंत्र में कोई घोषित परमाणु सामग्री मौजूद नहीं है। एजेंसी के अनुसार, 'उपग्रह चित्रों के स्वतंत्र विश्लेषण और संयंत्र की जानकारी के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि खोंदाब स्थित 'हैवी वाटर' उत्पादन संयंत्र को भारी नुकसान पहुंचा है और यह अब कार्य करने की स्थिति में नहीं है। ईरान ने 28 मार्च को आईएईए को सूचित किया था कि 27 मार्च को खोंदाब स्थित इस संयंत्र पर हमला हुआ था। चूंकि वहां कोई घोषित परमाणु सामग्री नहीं थी, इसलिए विकिरण का कोई खतरा नहीं देखा गया। खोंदाब संयंत्र मध्य ईरान के मरकजी प्रांत में अराक शहर से 55 किमी उत्तर-पश्चिम में स्थित है और यह अराक परमाणु परिसर (जिसे आईआर-40 सुविधा के रूप में भी जाना जाता है) का हिस्सा है। ईरान ने यह भी बताया कि खुजेस्तान स्टील उत्पादन कारखाने पर भी हमले हुए, जहां सीलबंद कोबाल्ट-60 (सीओ 60) और सीजयिम-137 (सीएस 137) जैसे रेडियोधर्मी तत्वों का उपयोग किया जाता है, हालांकि वहां से भी कोई विकिरण नहीं फैला। इसके अलावा, बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के क्षेत्र में भी हमले की सूचना मिली है, जो 10 दिनों में ऐसी तीसरी घटना है। आईएईए के मुताबिक, चालू रिएक्टर को कोई नुकसान नहीं हुआ है और संयंत्र की स्थिति सामान्य है।

# दक्षिणी सूडान में सोने की खदान में झड़प

■ **अज्ञात हमलावरों ने 70 से ज्यादा लोगों की हत्या की**

**जुबा।** दक्षिणी सूडान की राजधानी जुबा के बाहरी इलाके में स्थित एक सोने की खदान पर हुए हमले में 70 से अधिक लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को इस घटना की पुष्टि की। बताया जा रहा है, यह हमला खदान के अंदर हुए विवाद के बाद किया गया था।

घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें खुले मैदान में कई शव दिखाई दे रहे हैं। एक स्थानीय पत्रकार के मुताबिक, कई अन्य लोग जान बचाने के लिए जंगलों की ओर भाग गए हैं। बताया जा रहा है कि सेंट्रल इक्वेटोरिया राज्य के जेबेल इराक इलाके में स्थित यह खदान पहले भी अवैध खनिकों और खनन कंपनियों के बीच हिंसक झड़पों का केंद्र रही है। पुलिस प्रवक्ता क्वाजिज्वोक डोमिनिक अमोंडोक ने कहा कि हमले के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। उन्होंने कहा, अभी तक मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने जेबेल इराक स्थित सोने की खदान पर हमला किया। 70 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है और कई अन्य घायल हैं। वहीं, सूडान पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने इस हमले की निंदा की है और इसके लिए सरक. ारी बलों को जिम्मेदार ठहराया है।

# लेबनान में 3,70,000 बच्चों समेत 10 लाख ने छोड़ा घर: यूनिसेफ

**बेरूत।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक ओर सेना को दक्षिणी लेबनान में आक्रमण का विस्तार करने का निर्देश दिया है, वहीं दूसरी ओर यूनिसेफ ने चेता. वनी दी है कि लेबनान में तेजी से बढ़ते संघर्ष ने बड़ा मानवीय संकट पैदा कर दिया है। मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।

प्रभावित लोगों में 370000 से अधिक बच्चे शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, हर दिन औसतन 19000 बच्चे अपना घर छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने रविवार को नॉर्दर्न कमांड से जारी वीडियो संदेश में कहा है कि मैंने अभी मौजूदा सुरक्षा बफर जोन का और विस्तार करने का निर्देश दिया है। हम इजरायल के उत्तर की स्थिति को मौलिक रूप से बदलने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही उन्होंने कब्जे वाले 'गाजा मॉडल' को दो. हराने के अपने देश के घोषित प्रयास को आगे बढ़ाया। यूनिसेफ के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापन की गति और पैमाना हाल के वर्षों में अभूतपूर्व है। पूरे देश में 10 लाख से अधिक लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। इनमें से कई दूसरी, तीसरी या चौथी बार विस्थापित हुए हैं। सहायता समूहों ने इस स्थिति को बेहद अराजक और अस्थिर करने वाला बताया है।



■ **मात्र तीन हफ्तों के भीतर देश की लगभग 20 प्रतिशत आबादी विस्थापित हो गई है।**

# इजरायल ने सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी पर बटालियन को किया सस्पेंड

**तेल अवीव।** वेस्ट बैंक में सीएनएन पत्रकारों से बदसलूकी और हिरासत मामले में इजरायली सेना ने पूरी बटालियन को सस्पेंड किया और रिजर्व बटालियन की आपरेशनल गतिविधियां भी रोक दीं। यह बटालियन नेत्जाह यूनिट का हिस्सा है। सेना के मुताबिक बटालियन को तुरंत वेस्ट बैंक से हटाकर ट्रेनिंग पर भेजा गया है और जांच पूरी होने तक यह किसी आपरेशन में शामिल नहीं होगी। यह घटना पिछले हफ्ते फलस्तीनी गांव तायासिर में हुई, जहां सीएनएन टीम रिपोर्टिंग कर रही थी। आरोप है कि सैनिकों ने टीम को हिरासत में लिया और एक फोटो जर्नलिस्ट से मारपीट की, जिससे उसका कैमरा टूट गया।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
B.Sc. (Computer Science)
B.A. (Economics) B.Sc. (Botany)
M.Com. B.Com.
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116

S.D. COLLEGE OF MANAGEMENT STUDIES
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
Bhopa Road, Muzaffarnagar
Invites Application for
APPOINTMENT OF ASSTT. PROFESSOR
In The Following Courses:
BBA BCA
BFA B.Sc (Comp.Science)
Eligibility & Salary :- As per UGC & University Norms
Interested candidates can mail their resume within 15 days of publishing of the advertisement to :
sdcmsug236@gmail.com
Or Contact: 8937095006

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्योपैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108